राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www. jagranmorchadaily@ gmail.com

आम जन का आधार

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 04 | अंक : 361 | लखनऊ | सोमवार, 23 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रूपया

## नमो भारत आरआरटीएस व दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित

# कांग्रेस ने एआई इम्पैक्ट समिट को बनाया गंदी राजनीति का मंच: मोदी

एजेंसी



मेरठ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ से विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारत में आयोजित विश्व के सबसे बड़े एआई इम्पैक्ट समिट को कांग्रेस और उसके इको सिस्टम ने अपनी ल्लगंदी और नंगी राजनीतिङ्क का मंच बना दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए और करीब 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत आए। उन्होंने मेरठ की जनता से पूछा कि क्या उन्हें इस वैश्विक सम्मेलन पर गर्व हुआ। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस आयोजन से गौरवान्वित था लेकिन कांग्रेस ने विदेशी अतिथियों के सामने अर्धनग्न प्रदर्शन कर देश की छवि धूमिल करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, ल्लदेश जानता है कि आप (कांग्रेस) पहले से ही नंगे हैं, फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या थी? यह कांग्रेस के वैचारिक दिवालियापन को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई ग्लोबल समिट किसी पार्टी का नहीं बल्कि देश के सम्मान का कार्यक्रम था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस भारत को बदनाम करने में लगी है और देश की उपलब्धियों को पचा नहीं पा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारत की पहली नमो भारत रैपिड रेल (आरआरटीएस) सेवा का शुभारंभ किया और संपूर्ण दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर तथा मेरठ मेट्रो (मेरठ साउथ-मोदीपुरम) को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पहली बार एक ही मंच से नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का उद्घाटन हो रहा है, जो विकसित भारत की आधुनिक कनेक्टिविटी की झलक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ही स्टेशन और एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल का संचालन देश में पहली बार हो रहा है। सरायकालेखां, आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ स्टेशनों पर भारतीय रेल, मेट्रो और बस अड्डों को आपस में जोड़ा गया है, जिससे यात्रियों को शहर के भीतर और दिल्ली तक सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की कार्य संस्कृति है कि जिस परियोजना का शिलान्यास किया जाए, उसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती नहीं हैं। उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले देश में मेट्रो केवल पांच शहरों तक सीमित थी, आज 25 से अधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित हो रही हैं और भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है।

### मन की बात में प्रधानमंत्री ने अंगदान करने वाली 10 माह की बच्ची आलिन को सराहा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में केरल की 10 महीने की बच्ची आलिन शेरिन अब्राहम के अंगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इतने छोटे जीवन के बाद भी उसने अनेक लोगों को जीवन देने का मार्ग दिखाया है। आलिन के माता पिता अरुण अब्राहम और शेरिन ने अपनी बेटी के अंगदान का फैसला लेकर पूरे देश को प्रेरित किया है। आलिन अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसका नाम देश के सबसे कम उम्र के अंगदाताओं में शामिल हो गया है। अंगदान से अनेक लोगों को नया जीवन मिल रहा है और इससे चिकित्सा अनुसंधान को भी नई दिशा मिल रही है। प्रधानमंत्री ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 131वें प्रसारण में कहा कि देश अब गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर अपने महान व्यक्तित्वों को उचित सम्मान दे रहा है। उन्होंने कहा कि 23 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में राजाजी उत्सव मनाया जाएगा और इस अवसर पर स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले राष्ट्रपति भवन में ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा लगी थी।

# टॉप नक्सल कमांडर 25 लाख के इनामी देवजी ने 16 साथियों के साथ समर्पण किया

जगदलपुर। नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के सदस्य 25 लाख के इनामी देवजी ने अपने 16 नक्सली साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुष्टि करते हुए कहा कि बाकी बचे सभी नक्सलियों का भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा।

नक्सली देवजी मूल रूप से करीमनगर जिले का निवासी है और लंबे समय से नक्सली संगठन की केंद्रीय गतिविधियों में सक्रिय था। करीब आठ महीने पहले ही उसे संगठन का महासचिव बनाया गया था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कैडरों को अगले एक-दो दिनों में अधिकारिक रूप से पेश किया जाएगा। राज्य सरकार प्रदेश में 31 मार्च तक नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सुरक्षाबल के साथ बाकी बचे नक्सली कैडरों की घेराबंदी कर रही है। लगातार मुठभेड़ों और प्रमुख नेताओं के आत्मसमर्पण से नक्सलवाद अब अंतिम चरण में पहुंचता दिख रहा है। नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के वरिष्ठ सदस्य नक्सली कमांडर देवजी के आत्मसमर्पण पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बसव राजू के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद देवजी बड़ा नक्सली कैडर था, जिसने तेलंगाना में आत्मसमर्पण कर दिया है। कुछ नाम और शेष हैं, जो निष्क्रिय है, लेकिन उन्हें भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाकी बचे सभी नक्सलियों को मुख्य धारा से जोड़ने के संबंध में काम किया जा रहा है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले 73,446 डुप्लीकेट मतदाता सूची से हटे

### 16 मार्च तक चलेगा सत्यापन अभियान

जौनपुर । यूपी के जौनपुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच मतदाता सूची के विशेष सत्यापन अभियान में अब तक 73,446 डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाए जा चुके हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला प्रशासन को 19,28,560 संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भेजकर सत्यापन के निर्देश दिए गए थे।यह अभियान पहले 20 फरवरी तक पूरा किया जाना था, जिसे अब बढ़ाकर 16 मार्च कर दिया गया है। 29 दिसंबर को अनंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आयोग ने यह कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए थे। अब तक की जांच में 11,82,380 मतदाता वैध पाए गए हैं।जिले की 1,734 ग्राम पंचायतों में वर्तमान में कुल 32,23,888 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 19,66,213 पुरुष और 17,57,675 महिला मतदाता शामिल हैं।

## गैंग लीडर वाहिद इकबाल की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

मीरजापुर । जिले की पुलिस प्रशासन ने रविवार को गैंग लीडर वाहिद इकबाल की एक करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर की गई। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई रविवार को की गई। थाना कोतवाली शहर में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे से संबंधित आरोपित नागकुंड गजिया कंतित निवासी वाहिद इकबाल की ग्राम कंतित स्थित करीब 600 वर्गफीट जमीन/मकान (आराजी संख्या 1602, रकबा 0.531 हे.) को कुर्क किया है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार की तबीयत फिर बिगड़ी, पुणे के अस्पताल में भर्ती

मुंबई। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार की रविवार को फिर से तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें पुणे के रुबी हॉल क्लिनिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शरद पवार अगले दो दिन तक इसी हॉस्पिटल में रहेंगे। रुबी हॉल क्लिनिक अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि शरद पवार को उल्टी की वजह से डिहाइड्रेशन हो गया है। इसलिए अगले दो दिन तक इसी हॉस्पिटल में रहकर इलाज करवाएंगे। शरद पवार की तबीयत अब पूरी तरह से स्थिर और ठीक है। शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने बताया कि शरद पवार को आज अचानक उल्टी हुई, जिससे वे असहज महसूस करने लगे। इसके बाद तत्काल रुबी हॉल क्लिनिक के डॉक्टरों को बुलाया गया। डॉक्टरों की सलाह पर शरद पवार को फिर से अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सुप्रिया सुले ने कार्यकर्ताओं को अस्पताल में न आने की अपील की है। शरद पवार को हाल ही में रुबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

# वनवासी कल्याण आश्रम का 43वां वार्षिकोत्सव संपन्न

## जनजाति समाज के सशक्तिकरण पर जोर

एजेंसी




कोलकाता। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के 43वें वार्षिक उत्सव के अवसर पर कोलकाता के कला मंदिर में रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम से संबद्ध पूर्वांचल कल्याण आश्रम ने जनजाति (वनवासी) समाज के साथ मिलकर विशेष समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजाति समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सांस्कृतिक जागरण के माध्यम से सशक्त कर उन्हें राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन एवं प्रख्यात उद्योगपति प्रमोद गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय कोषाध्यक्ष और प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. श्याम अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बंगाल की राजनीति में अनुशासन की आवश्यकता है। अनुशासन से ही समाज का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम जनजाति समाज को सशक्त बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास कर रहा है। मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, लेखक एवं अभिनेता डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि सभ्यता का विकास वन से नगर की ओर हुआ है। रामायण का उल्लेख करते हुए उन्होंने वनांचलों की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि वन क्षेत्रों में भी ज्ञान और संस्कृति का गहरा आधार मौजूद है।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रमोद गुप्ता ने पूर्वांचल कल्याण आश्रम द्वारा वनवासी समाज के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कहा कि वनवासी समुदाय को अक्सर मुख्यधारा से अलग समझा जाता है, जबकि वास्तव में यह समुदाय सर्वगुण संपन्न और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध है। उन्होंने रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए वीर हनुमान का उदाहरण दिया और कहा कि वन में रहने वाले समुदाय धर्म, सत्य और मर्यादा के मार्ग पर चलते हैं।

उन्होंने कहा कि वनवासी समाज प्रकृति के संरक्षण का जीवंत उदाहरण है और उनके उत्थान के लिए कार्य करना एक श्रेष्ठ सामाजिक एवं आध्यात्मिक दायित्व है। धर्म की रक्षा के लिए धर्म का उपयोग सर्वोत्तम कार्य है और वनवासी समाज की सेवा भी उसी का एक स्वरूप है। उन्होंने भगवान शंकर का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण और सामाजिक संतुलन का संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में ख्यातनाम नरेश बाबा श्याम की कथा पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति 'हारे का सहारा ऽ बर्बरीक श्याम हमारा' का मंचन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का निर्देशन सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था 'मधुरा' की शुभ्रा अग्रवाल ने किया। समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद, चिकित्सक तथा बड़ी संख्या में जनजाति समाज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रनिर्माण में जनजाति समाज की भूमिका को और सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ। उल्लेखनीय है कि, पूर्वांचल कल्याण आश्रम की कोलकाता और हावड़ा महानगर शाखाएं वर्ष 1952 से निरंतर जनजातीय समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। 73 वर्षों की इस सतत यात्रा (1952ऽ2025) में संगठन ने शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कई पहलें की हैं।

# देवघर पहुंचे गौतम अदाणी ने बाबा बैद्यनाथ धाम में की पूजा-अर्चना

एजेंसी



देवघर। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने शनिवार को झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में दर्शन-पूजन किया। मंदिर परिसर से बाहर निकलने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि वे बाबा बैद्यनाथ का आशीर्वाद लेने आए हैं और देश की तरक्की के लिए प्रार्थना की है।

इससे पहले देवघर एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंचने के बाद गौतम अदाणी सीधे बाबा धाम पहुंचे। वहां उन्होंने पूरे विधि-विधान से जलाभिषेक किया, गर्भगृह में पूजा-अर्चना की और कुछ देर ध्यान भी लगाया। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं के लिए यह पल खास रहा, क्योंकि देश के प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर समूह के चेयरमैन आस्था में लीन नजर आए। मंदिर से बाहर निकलते समय गौतम अदाणी ने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह साफ दिखाई दिया। जैसे-जैसे उनके दौरे की तस्वीरें और वीडियो सामने आए, पूर्वी भारत में औद्योगिक गतिविधियों को लेकर अटकलें भी तेज हो गईं। देवघर में बाबा बैद्यनाथ के दरबार में माथा टेकने की यह यात्रा केवल आस्था तक सीमित नहीं मानी जा रही, बल्कि इसे पूर्वी भारत में निवेश और औद्योगिक विस्तार के संभावित नए अध्याय की शुरुआत के संकेत के तौर पर भी देखा जा रहा है। उनकी यह यात्रा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई और अपेक्षाकृत लो-प्रोफाइल रही, लेकिन इसके राजनीतिक और आर्थिक मायनों को लेकर चर्चाएं तेज हैं। जिस तरह उन्होंने अपने दौरे की शुरुआत बाबा धाम से की, उसे पूर्वी भारत में संभावित विस्तार और निवेश के प्रतीकात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक बड़े औद्योगिक निवेश से अपेक्षाकृत दूर रहे बिहार और झारखंड अब देश के नए ग्रोथ सेंटर के रूप में उभर रहे हैं। ऊर्जा, खनन, रसद एवं अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में संभावनाओं को देखते हुए अदाणी समूह की सक्रियता को इसी संदर्भ में जोड़ा जा रहा है।

# भाजपा अध्यक्ष नवीन का गुजरात के नेताओं से जनता के बीच जाकर काम करने का आह्वान

एजेंसी



गांधीनगर। गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी नेताओं और जनप्रतिनिधियों को कड़ी नसीहत दी है। गुजरात मुख्यालय 'कमलम' में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि राजनीति कोई शॉर्टकट नहीं बल्कि एक मैराथन है, जिसमें निरंतर मेहनत जरूरी है। उन्होंने पार्टी नेताओं से जनता के बीच जाकर काम करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, ल्लकेवल पद पाने के लिए पार्टी में मत आइए। पद हो या न हो, संगठन के लिए काम करना चाहिए। अपने जिले में खुद को ही पार्टी समझ लेना और अपने लोगों को सेट करना, यह नीति पार्टी के लिए सही नहीं है।ङ्क बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों, शहर अध्यक्षों और अन्य नेताओं के साथ चर्चा के दौरान नितिन नवीन ने प्रभारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई नेता जिले में जाकर न्याय की बात करते हैं, लेकिन वहीं अपने लोगों को सेट कर देते हैं, जो संगठन के सिद्धांतों के खिलाफ है। भाजपा अध्यक्ष नवीन ने नेताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भाजपा प्रतिनिधियों की समाज पर मजबूत पकड़ होनी चाहिए। अगर आप अपने पद से दो कदम नीचे उतरकर काम करेंगे, तो बेहतर परिणाम मिलेंगे। साथ ही उन्होंने अपनी छवि सकारात्मक बनाए रखने की भी सलाह दी। विधायकों और सांसदों के साथ बैठक में उन्होंने खास तौर पर कहा, ल्लघर बैठकर कार्यालय मत चलाइए। जमीन पर उतरिए, लोगों के बीच जाइए और जनसंपर्क को मजबूत बनाइए।ङ्क आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और बूथ स्तर पर डेटा मजबूत किया जाए। सोशल मीडिया पर भी उन्होंने नेताओं की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई। उन्होंने सवाल किया कि हाल ही में हुए एआई समिट में कांग्रेस के विरोध पर कितने नेताओं ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी। इस पर बहुत कम लोगों के हाथ उठाने पर उन्होंने कहा, ल्लअगर जिम्मेदार लोग ही सक्रिय नहीं होंगे, तो संगठन कैसे चलेगा।

## चुनाव आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन 24 फरवरी को दिल्ली में

नई दिल्ली । भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) 24 फरवरी को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में ईसीआई और राज्य निर्वाचन आयुक्तों (एसईसी) का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। चुनाव आयोग के अनुसार यह गोलमेज सम्मेलन 27 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है। पिछली बैठक वर्ष 1999 में आयोजित की गई थी। यह बैठक देश में चुनावी प्रक्रिया को और पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में आयोजित की जा रही है। सम्मेलन में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे। सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) भी सम्मेलन में शामिल होंगे।



# विकास की गाथा के बीच गूंज उठा सभागार, भाजपा के लिए शर्म की बात

## बुआ के तेवर देख मंत्री ने भी पालिका कर्मियों से मांगा जवाब

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** पालिका की कार्यशैली पर उग्र होते हुए 6 बार की सभासद पुष्पा उपाध्याप ₹बुआ₹ ने राज्यमंत्री को जब पालिका की सच्चाई बताई तो मंत्री भी ₹बुआ₹को सीट पर बैठालने में असफल रहें। इस दौरान पालिका कर्मी भी एक-दूसरे की बगले झांकते दिखाई दिए।

बीते शनिवार को राज्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में शहर के तमाम व्यापारी और सभासद शामिल हुए थे। मंत्री जी सभी को विकास की गाथा सुना रहे थे। जनता की समस्याओं पर अधिकारियों से सवाल कर उन्हें मार्गदर्शन दे रहे थे। विकास की गाथा सुनते हुए एक दम बैठक में एक शोर उठा और आवाज आई ₹शर्म आनी चाहिए भाजपा को₹। पूरा सभागार ही मानो एक दम से खामोश हो गया हो। यह शब्द किसी विपक्षी के नहीं बल्कि पिछले 27 साल से नगरपालिका की सभासद रहीं पुष्पा उपाध्याय उर्फ बुआ के थे। बुआ का कहना था कि जब से भाजपा की चेयरमैन आस्था अग्रवाल बनी है तब से मेरे वार्ड में विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं लगी हैं। मै व्यापारियों की बहन, बेटी और बुआ हूं। कट्टर भाजपाई हूं पर यह भाजपा के लिए और हमारे लिए बहुत शर्म की बात है। ऐसी चेयरमैन जो हमारे वार्ड में एक ईंट भी नहीं लगवाएगी। इतना सुनना था कि मंत्री जी भी बुआ से बैठने का आग्रह करने लगे और बैठक में मौजूद पालिका के जिम्मेदारों से सवाल करने लगे।



बुआ का यह उग्र रूप किसी कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर पहुंच कर पालिका की कार्यशैली की जमीनी हकीकत जनता को दिखाने लगा। सोशल मीडिया पर भी लोगों के द्वारा नगर पालिका की खासी फजीहत करते हुए सवालों की झड़ी लगा दी गई।

## श्रमदान कर स्काउट भवन में मनाया गया चिंतन दिवस



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** रविवार को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश पीलीभीत द्वारा चिंतन दिवस का आयोजन स्काउट भवन पीलीभीत पर हुआ। स्काउटिंग के जन्मदाता लॉर्ड बेड़ेन पावेल व उनकी पत्नी लेडी बेड़ेन पावेल का जन्मदिवस विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया।

सर्वप्रथम स्काउट गाइड द्वारा स्काउट भवन परिसर में श्रमदान किया गया उसके उपरान्त ध्वज शिष्टाचार हुआ। तत्पश्चात बेड़ेन पावेल के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना द्वारा स्काउट गाइड के इतिहास पर प्रकाश डाला। जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे द्वारा स्काउट गाइड को सेवा भाव से जीवन यापन करने के लिए बताया गया। इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर बेसिक वीर सिंह गंगवार, आईटी कॉर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति, प्रशिक्षक योगेश मौर्य, प्रांजल जायसवाल, स्काउट अरुण, पवन, कृष्ण, गाइड मुस्कान, अनुष्का, कुमकुम, सत्यवती, शिवानी, अंजलि, अपूर्व आदि उपस्थित रहे।

## होली का पर्व आया नजदीक,दुकानों पर उमड रही भीड

**पूरनपुर।** होली का त्यौहार नजदीक आते ही खरीददारी के लिए नगर में भारी भीड जुटने लगी है। दोपहर होते ही बाजार में रौनक बढ़ जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भीड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। होली त्यौहार को लेकर दुकानो पर रौनक देखी जा रही है।

होली के पर्व को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों में तैयारियां शुरू कर दी गई है। होली नजदीक आते ही क्षेत्रों के ग्रहकों की भीड बढने लगी है। नगर के किराने,रेडीमेड कपड़ों,जूता चप्पलों,कपडा सिलाई की दुकानों पर ग्रहकों की अच्छी भीड देखी जा रही है। सुवह होते खरीददारी के लिए लोग व महिलाएं नगर में पहुंच जाती है। सबसे ज्यादा ग्राहक रेडीमेड गारमेंट्स और साड़ी शोरूम वाली दुकानों में दिखाई देते हैं। कारोबारियों को भी होली पर अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद जगी है। किराना मंडी में दुकानों के बाहर व्यापारियों ने विभिन्न तरह की मेवा सजा रखी है। लोग अपने बजट के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। सड़कों के किनारे रंग-गुलाल और पिचकारी की अस्थाई दुकानें सजी हैं। रंग-गुलाल व पिचकारी की भी खरीद हो रही है। लेकिन गांवों से पूरे परिवार के साथ खरीदारी करने बाजार पहुंचने वाले लोगों के साथ मौजूद बच्चे जिद करके अपनी पसंद की पिचकारी और रंग खरीदना नहीं भूलते। दुकानदारों का कहना है कि होली की खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ते रहेंगे।

## एसपी ने किया पूरनपुर कोतवाली का निरीक्षण

**पूरनपुर।** एसपी सुकीर्ति माधव मिश्र ने कोतवाली पहुंच कर कोतवाली का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेकर दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को नवागत एसपी सुकीर्ति माधव मिश्र पूरनपुर कोतवाली पहुंचे,जंहा उन्होंने महिला हेल्प डेस्क कार्यालय, वीट बुक,मैस,हाजिरी रजिस्टर आदि को देखा। उन्होंने महिला डेस्क हैल्प लाइन कार्यालय पहुंच कर महिला कांस्टेबलों से प्रगति के बारे में जानकारी ली। गश्त, पिकैट डियूटी आदि व्यवस्था को देखा। हवालात का निरीक्षण कर साफ सफाई भोजन पानी की जानकारी ली। अभिलेखों के रखरखाव कि जानकारी ली। इस दौरान ढका की एक महिला एसपी को देखकर रो पडी।महिला ने उत्पीड़न का आरोप ससुरालियों पर लगा कर शिकायत की। जिस पर एसपी ने कार्रवाई के निर्देश दिए। एक चौकीदार ने एसपी से मुलाकात कर अपनी समस्या वताई। इसके अलावा अन्य कई व्यवस्थाओं को परखा और दुरुस्त कराने के लिए कहा। इस दौरान कोतवाल पवन कुमार पांडे सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा। उनके जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। निरीक्षण को लेकर खलवली मची रही।

## अबैध कच्ची शराब को लेकर मारा छापा, तीन पकडे

**पूरनपुर।** होली को लेकर आबाकारी और माधोटांडा पुलिस ने संयुक्त रुप से अबैध कच्ची शराब को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 45 लीटर कच्ची शराब वरामद कर 300 लीटर लहन को नष्ट कराया। तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने होली के दौरान हुडदंग मचाने और जहरीली शराब की आशंका को लेकर अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इसी को लेकर माधोटांडा पुलिस और आबाकारी बिभाग ने संयुक्त रुप से अभियान चलाया। संयुक्त टीम ने क्षेत्र के नरायनपुर बुर्जुग व कलीनगर में दविश दी। टीम को देख शराब वनाने वालो में खलवली मच गई। इस दौरान टीम ने 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 300 लीटर लहन को नष्ट कराया। इस दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिसमे कलीनगर निवासी जानकी और रामवती व शिब नगर से ओमप्रकाश शामिल हैं। इस दौरान टीम ने लोगों से संवाद किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## होली की बैठक में नई इकाई का हुआ गठन

**पीलीभीत।** होली पर्व के आयोजन को लेकर निरंजन कुंज विकास समिति की बैठक रविवार को महा मातेश्वरी मंदिर प्रांगण में की गई। समिति के सचिव राजेश शुक्ला ने समिति के अध्यक्ष शिव गोपाल शर्मा तथा कॉलोनी में अन्य लोग जिनका स्वर्गवास इस वर्ष हो गया था उनको श्रद्धांजलि देने के पश्चात गत वर्ष की बैठक की कार्रवाई को पढ़कर सुनाया तथा निरंजन कुंज विकास समिति की नवीन कार्यकारिणी के गठन की बात कही जिस पर सर्व समिति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संरक्षक मंडल में एडवोकेट ज्ञानेंद्र अग्रवाल और भूपेंद्र जोशी, अध्यक्ष विजय जायसवाल, उपाध्यक्ष संदीप मिश्रा, मनोज अग्रवाल, अंकुर भदौरिया, लालता प्रसाद सागर महामंत्री, सचिव राजेश शुक्ला, संयुक्त सचिव कैलाश पंत, प्रदीप मिश्रा, विश्वजीत सिंह, कोषाध्यक्ष, निरंजन सिंह, कानूनी सलाहकार एडवोकेट प्रश्नजीत एवं अमित मिश्र, आय व्ययनिरीक्षक विजय प्रताप सिंह, कार्यकारिणी के मेंबर, जगदीश सक्सेना, विक्रम सिंह बिष्ट, योगेंद्र सिंह, पप्पू अवस्थी, प्रशांत शुक्ला, रामानुज अवस्थी, राजन सिंह, राकेश कनौजिया , समरेंद्र बहादुर सिंह, भूपेंद्र बहादुर सिंह, एवं लक्ष्य द्विवेदी को बनाया गया। समिति के सचिव राजेश शुक्ला ने कहा के इस वर्ष निरंजन कुंज कॉलोनी में कई लोगों का स्वर्गवास होने के कारण होली मिलन समारोह मनाना उचित नहीं है जिसे सर्वसम्मति से अगले वर्ष तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। निरंजन कुंज कॉलोनी की सभासद सुनीता सिंह ने कहा की कॉलोनी में दो जगह होलिका दहन होता है तो अगले वर्ष प्रयास किया जाएगा की होली एक ही स्थान पर जले, इसके संबंध में एक आगामी बैठक अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में करने का निर्णय लिया गया है। मंदिर के प्रबंधक पंडित भूपेंद्र जोशी ने बताया की होलिका दहन का समय 3 मार्च को सुबह 5:00 बजे रहेगा तथा रंग 4 मार्च को खेला जाएगा। बैठक के अंत में समिति के अध्यक्ष विजय जायसवाल ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक के समापन की घोषणा करी।

## विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियाना

**पूरनपुर।** चल रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव सपा नेता राजकुमार राजू ने विभिन्न बूथों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से अभियान की प्रगति, नए पंजीकरण, संशोधन एवं आपत्तियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सपा नेता ने मौजूद नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं से संवाद कर उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, त्रुटियों के सुधार तथा स्थान परिवर्तन की स्थिति में आवश्यक संशोधन कराने के लिए प्रेरित किया।

## शिकायतकर्ता को हवालात में बिठाया, प्रधान और दरोगा पर मिलीभगत के लगे आरोप, एसपी से हुई शिकायत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम चांदूपुर में ग्राम पंचायत की भूमि पर लगे पेड़ों की कथित अवैध नीलामी और उसके बाद हुई मारपीट तथा आत्महत्या की कोशिश की घटना ने इलाके में तनाव पैदा कर दिया है। पीड़ित दुर्गेश पुत्र प्यारेलाल ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं।दुर्गेश ने आरोप लगाया है कि गांव चांदूपुर की ग्राम पंचायत की भूमि पर लगे 24 यूकेलिप्टस और 4 शीशम (सैमल) के हरे पेड़ थे, जिनकी वास्तविक बाजार मूल्य लगभग 9 लाख रुपये बताई जा रही है। लेकिन ग्राम प्रधान बृजेश पाल, तहसीलदार और लेखपाल की कथित मिलीभगत से इन पेड़ों को सूखा हुआ दिखाकर बिना किसी सार्वजनिक अधिसूचना या कानूनी प्रक्रिया के चुपके से 1 लाख 53 हजार रुपये में नीलाम कर दिया गया।जब दुर्गेश ने इसकी शिकायत करने के लिए 20 फरवरी 2026 को थाना माधोटांडा पहुंचे, तो प्रधान और लेखपाल के दबाव में थाने के दरोगा ने उन्हें निरपराध बताकर हवालात में बंद करवा दिया। लगभग 5-6 घंटे हिरासत में रखने के बाद उनके पुत्र और अन्य ग्रामीणों के पहुंचने पर दोपहर 3 बजे छोड़ा गया।इसके बाद उसी दिन शाम 9 बजे प्रधान बृजेश पाल, उसका छोटा भाई दुर्गेश पाल और अन्य दो लोगों ने दुर्गेश के घर पहुंचकर उनके परिवार के सामने उन्हें मारा-पीटा, जातिसूचक गालियां दीं और प्रताड़ित किया। जब दुर्गेश के बेटों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने गाली-गलौज की और छोटे बेटे नितिन के साथ भी दुर्व्यवहार किया। उन्होंने दोबारा शिकायत करने पर पूरे परिवार को मारने की धमकी दी और चले गए।इस घटना से आहत होकर दुर्गेश के छोटे पुत्र नितिन ने जहर खा लिया, जिससे उनकी हालत अत्यंत गंभीर हो गई। वह वर्तमान में डॉ. एस.एस. अस्पताल, पीलीभीत के आईसीयू में भर्ती है।दुर्गेश ने बताया कि इस पूरी घटना की तहरीर थाने देने गए, लेकिन पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की और उन्हें थाने से भगा दिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच, पेड़ों की अवैध नीलामी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, मारपीट और धमकी के लिए मुकदमा दर्ज करने तथा पुत्र की स्थिति के लिए उचित मुआवजे की मांग की है।यह मामला ग्राम पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार, पुलिस की कथित पक्षपातपूर्ण भूमिका और सामाजिक प्रताड़ना से जुड़ा होने के कारण स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से अभी तक इस शिकायत पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन जांच की उम्मीद जताई जा रही है।

## निरंजन कुंज विकास समिति के अध्यक्ष बने विजय जायसवाल

**फोटो परिचय - अध्यक्ष विजय जायसवाल**



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** रविवार को निरंजनकुंज विकास समिति की ओर से आयोजित बैठक में नई इकाई का गठन किया गया है। बैठक में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहें। इस दौरान सर्वसम्मति से पूर्व में वार्ड संख्या सात के सभासद रहे विजय जायसवाल को अध्यक्ष चुना गया है। विजय जायसवाल ने कहा कि वह पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगें और कॉलोनी के विकास को लेकर निरंतर कार्यरत रहेंगे। सचिव राजेश शुक्ला ने कहा कि विजय जी के अध्यक्ष बनने से कमेटी को नई मजबूती मिलेगी। इस दौरान सचिव राजेश शुक्ला, सभासद सुनीता सिंह, ज्ञानेंद्र अग्रवाल, संदीप मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, जगदीश सक्सेना आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## लटकने से हुई थी डूंडा के हरिश्चंद्र की मौत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में पेंड से लटके मिले दिव्यांग की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होना पाया गया गया है। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मामला घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव डूंडा का है। गांव निवासी हरिश्चंद्र का शव शुक्रवार को उसके आगंन में खडे पेंड से लटका मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा था। फारेंसिक टीम ने भी पहुंच कर जानकारी जुटाई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हरिश्चंद्र की मौत हैंगिंग से होना पाया गया है। पुलिस इसको आत्महत्या मान रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा। गमगीन माहौल में दिव्यांग का अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने वताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत हैंगिंग से होना पाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## बरखेड़ा चीनी मिल की बंदी का नोटिस जारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** बरखेड़ा चीनी मिल के 41 क्रय केन्द्रो पर गन्ना समाप्त हो चुका है' चीनी मिल के किसानो के कैलेंडर की 12 वे पक्ष तक की समस्त पर्चियां निष्कासित कर दी गयी हैं।

गन्ना आयुक्त, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देश दिए गए है कि जिन गन्ना क्रय केन्द्रो पर सभी पक्ष एवं कॉलम की सभी पर्चियां समाप्त हो गयी हैं उन क्रय केन्द्रो पर खड़े गन्ने का एक संयुक्त सर्वे करा लिया जाए ' जिन किसानो के पास गन्ना अभी खड़ा है उनको प्रतिबंधित खुली खरीद मे पर्चियां उपलब्ध करायी जाए ' गन्ना आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम मे बरखेड़ा चीनी मिल से सम्बंधित सभी किसानो को उनके कैलेंडर की समस्त पर्चियां जारी कर दी गयी ' इसके बावजूद कुछ किसानो के पास खेतो मे गन्ना खड़ा है ' ऐसे किसानो का सर्वे कराकर उनको गन्ना पर्चियां दी जा रही है ' इन किसानो को प्रतिबंधित खुली खरीद का मौका दिया जा रहा हैं ' बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा अब तक 20318 किसानो से 41.81 लाख कुंटल गन्ना क्रय किया जा जा चुका हैं ' विगत पेराई सत्र मे चीनी मिल द्वारा 20118 किसानो से 45.13 लाख कुं. गन्ना क्रय किया गया था ' किसानो का पेराई योग्य गन्ना पेरने के बाद ही चीनी मिले बंद होंगी ' सभी गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह ऐसे क्रय केंद्र जहाँ पर सभी पर्चियां समाप्त हो गयी हैं वहाँ पर सर्वे करवा लें ' जिससे किसानो को गन्ना आपूर्ति मे सुविधा मिल सके ' बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा मिल बंदी का नोटिस जारी कर दिया गया है ' मिल को पेराई योग्य गन्ना नहीं मिल पा रहा है ' प्रतिदिन चीनी मिल को 75 हजार कुं गन्ना पेराई के लिये चाहिए लेकिन 29 से 30 हजार कुं गन्ना ही चीनी मिल को मिल पा रहा है जिससे, चीनी मिल प्रतिदिन 10 से 15 घंटे नो केन मे बंद हो रही है ' सभी किसानों से कहा गया है कि वह अपना गन्ना दो दिन मे चीनी मिल को आपूर्ति कर दें।



किसानो को बरखेड़ा मिल गेट पर ही पर्ची दे दी जायेगी ' खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी ने बरखेड़ा चीनी मिल गेट का भ्रमण किया और किसानो से वार्ता की ' किसानो ने बताया कि उनकी आखिरी ट्राली है उनका गन्ना समाप्त हो गया है ' इस अवसर पर मनोज साहू ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा, जी यम केन बरखेड़ा चीनी मिल व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## असलाह के दम पर युवक की बाइक लूटी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जनपद के थाना जहानाबाद क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म होता नजर आ रहा है। बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एक बार फिर पुलिस की गश्त और सुरक्षा दावों की पोल खोलते हुए असलाह के बल पर लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चार दिनों के भीतर बाइक लूट की यह दूसरी घटना है, जिसने स्थानीय लोगों में दहशत और पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी रोष पैदा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव कुकड़ी खेड़ा निवासी रवि कुमार बीती रात करीब 11:00 बजे अपने साले के साथ बाइक पर सवार होकर कल्याणपुर चक्र तीर्थ से एक दावत खाकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे उगनपुर गांव के समीप निमार्णाधीन हाईवे के अंडरग्राउंड पुल के पास पहुंचे, वहां पहले से घात लगाकर खड़े तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित रवि कुमार ने



पीड़ित रवि कुमार

बताया कि तीनों बदमाशों के पास अवैध असलहे थे। बदमाशों ने तमंचे की नोक पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी और जबरन उनकी मोटरसाइकिल छीन ली। अचानक हुए इस हमले और हथियारों को देख रवि कुमार और उनके साले ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि जहानाबाद कोतवाली क्षेत्र में महज चार दिनों के भीतर मोटरसाइकिल लूट की यह दूसरी घटना है। लगातार हो रही इन वारदातों से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और 'हड़कंप' का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की रात्रि गश्त केवल कागजों तक सीमित है, जिसके चलते अपराधी सरेराह लूटपाट कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस महकमे में भी खलबली मच गई। थाना अध्यक्ष प्रदीप विश्नोई ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात लुटेरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। संदिग्धों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइक बरामद कर ली जाएगी।

## संडई में पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता के सडक निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**पूरनपुर।** लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सड़क का निर्माण मानक के अनुसार नहीं करने पर ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक नहीं करने वाले अवर अभियंता और ठेकेदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।



तहसील कलीनगर क्षेत्र के गांव संडई में लोक निर्माण विभाग के द्वारा आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के निर्माण में मोरिंग के स्थान पर घटिया किस्म की रेत और कम सीमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने को लेकर ठेकेदार और संबंधित विभाग के अवर अभियंता मनोज कुमार से मामले की शिकायत की ।

ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी अवर अभियंता ने सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक करना उचित नहीं समझा। इससे शनिवार को ग्रामीणों का सबर का बांध टूट गया और उन्होंने मौके पर ही सड़क का निर्माण घटिया सामग्री से होने पर बंद करवा दिया। ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक नहीं करने वाले लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता के खिलाफ विभागीय के तौर पर सस्पेंड करने की मांग की है। प्रदर्शन करने के दौरान ग्राम पंचायत प्रधान नेवाराम और हरिप्रसाद मुन्नालाल अनिल कुमार पतिराम रामेश्वर दयाल धर्मवीर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## एडीजी, डीआईजी और एसएसपी ने चेन आफ कस्टडी और सीसीटीएनएस पर क्लास रूम में दिये टिप्स

# विश्वविद्यालय बना खाकी की पाठशाला, डिजिटल साक्ष्य मजबूत होंगे तो बच नहीं पाएंगे अपराधी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बदलते आपराधिक कानूनों और तकनीकी न्याय प्रणाली के दौर में शनिवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय का ऑडिटोरियम पुलिस प्रशिक्षण की पाठशाला बन गया। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयोजित एक दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में बरेली जोन के नौ जनपदों के 181 थानों के पैरोकारों और कोर्ट मोहर्रिरों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली में विधिक दक्षता, अभिलेखों की शुचिता और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पारदर्शिता बेहद महत्वपूर्ण है।





उन्होंने विश्वविद्यालय और पुलिस तंत्र के इस समन्वय को ज्ञान और प्रशासन का सशक्त संगम बताया। उन्होंने कहा कि विधिक दक्षता, अनुशासन के साथ डिजिटल पुलिस प्रणाली को धारदार बनाकर अपराधों और अपराधों की जन्मस्थली को बांझ बनाया जा सकता है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय में हुआ यह प्रशिक्षण महज औपचारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि बदलती आपराधिक संरचना के अनुरूप पुलिस तंत्र को अपडेट करने की सशक्त पहल बना। अकादमिक नेतृत्व और पुलिस प्रशासन का यह समन्वय आने वाले समय में विवेचना की गुणवत्ता और अभियोजन की प्रभावशीलता को नई गति देने देगा।

### तीन नए कानूनों पर गहन मंथन

प्रथम सत्र में संयुक्त निदेशक (अभियोजन) अच्छेलाल यादव ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पैरोकारों और कोर्ट मोहर्रिरों की भूमिका को आपराधिक न्याय प्रणाली की धुरी बताते हुए अभियोजन की मजबूती पर जोर दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेशों से लेकर डिजिटल ट्रैकिंग तक

द्वितीय और तृतीय सत्र में उच्चतम न्यायालय और उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण आदेशों की समीक्षा की गई। संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) के.के. शुक्ल ने चेन आफ कस्टडी, रिमांड प्रक्रिया, साक्ष्य प्रस्तुतिकरण, ई-समन, आईसीजेएस, सीसीटीएनएस, ई-मालखाना और एनएसटीईपी जैसे तकनीकी बिंदुओं पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। हर सत्र के बाद प्रश्नोत्तर के माध्यम से मैदानी चुनौतियों पर चर्चा हुई।

### शिक्षा का अनुसंधान केंद्र बना खाकी के कानूनों की पाठशाला

कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय रिजुल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। 780 प्रतिभागियों में 709 थाना पैरोकार, कोर्ट मोहर्रिर, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी और 71 अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। मुरादाबाद परिक्षेत्र के डीआईजी मुनीराज सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

# माडल टाउन का सट्टेबाज गिरफ्तार, नौ साल तक पुलिस को चकमा देता रहा जय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** माडल टाउन का शातिर सट्टेबाज अपना नाम बदलकर नौ साल तक पुलिस को चकमा देता रहा। कोर्ट से डबल वारंट जारी होने के बाद रविवार को बारादरी पुलिस ने माडल टाउन के शहदाना कालोनी के रहने वाले जुआरी गौरव आहूजा उर्फ जय आहूजा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी माडल स्टेडियम रोड पर गेट के पास मोबाइल शाप चलाता है। आरोपी बारादरी थाने के लाकअप में बंद है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जायेगा।

### आईपीएल की सट्टेबाजी में लिखा गया था मुकदमा

बारादरी थाना पुलिस रिकॉर्ड में गौरव आहूजा नाम है लेकिन असल जिंदगी में उसने अपना नाम जय रख लिया। वह खुद को जय आहूजा बताता रहा। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी ने अपनी पहचान ही बदल डाली। जब-जब पुलिस वारंट लेकर घर पहुंची, वह नए नाम के सहारे खुद को बेकसूर बताकर पल्ला झाड़ता रहा। पुलिस उसका नया पता खोजती रही। पुलिस के पास गिरफ्तारी के दौरान का फोटो न होने के कारण वह नाक के नीचे अपनी मोबाइल की दुकान चलाता रहा। करीब नौ साल तक यह खेल चलता रहा। पुलिस दस्तक देती रही लेकिन हर बार बदले नाम की वजह से वह बचता रहा।



आरोपी गौरव आहूजा उर्फ जय आहूजा

### नए नाम से बना लिया था आधार कार्ड

मामला तब और गंभीर हो गया जब जांच में सामने आया कि आरोपी ने बदले हुए नाम से आधार कार्ड तक तैयार करा लिया था। यानी फर्जी पहचान को कानूनी दस्तावेज का रूप देकर वह जांच एजेंसियों को गुमराह करता रहा। थाना प्रभारी बारादरी धनंजय पांडे ने बताया कि आरोपी की गतिविधियों पर पहले से नजर रखी जा रही थी। शक गहराने पर पुलिस ने अलग-अलग स्रोतों से जानकारी जुटाई। क्रॉस-वेरिफिकेशन में साफ हुआ कि गौरव आहूजा और जय आहूजा एक ही शख्स हैं। वारंट आने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हिरासत में है। उसे जेल भेजा जा रहा है।

### डबल नाम से जारी हुआ वारंट

सभी तथ्य जुटाने के बाद पुलिस ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-1 में पूरे साक्ष्य पेश किए। 17 फरवरी को कोर्ट ने गौरव आहूजा उर्फ जय आहूजा के नाम से वारंट जारी कर दिया। वारंट तामील कराने की जिम्मेदारी दरोगा जितेंद्र कुमार को सौंपी गई। शुरुआती कोशिश में सफलता नहीं मिली, लेकिन जैसे ही आरोपी को भनक लगी कि पुलिस ने दोहरे नाम से वारंट जारी करा लिया है, उसकी पहचान की ढाल टूट गई। कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही बारादरी पुलिस ने ठिकाने पर दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। करीब एक दशक तक नाम की ओट लेकर बचता रहा आरोपी आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गया। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### अब खुलेगा पुराना पूरा केस

पुलिस का कहना है कि लंबे समय से लंबित इस जुआ और आईटी एक्ट मामले को अब तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। पहचान छिपाने और फर्जी दस्तावेज तैयार कराने के पहलुओं की भी जांच की जा रही है। बारादरी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून से बचने के लिए किसी भी तरह की पहचान बदलना बड़ा अपराध है। ऐसे मामलों में अब सख्ती बरती जाएगी।

# पेड़ से टकराई कार, शादी से लौट रहे तीन की मौत, तीन की हालत नाजुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शादी की खुशियां मातम में बदल गई, जब समारोह से लौट रहा एक परिवार भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गया। शनिवार देर रात दिल्ली हाईवे पर स्वाले नगर के पास कार सड़क के बीच खड़े सेमल के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखचे उड़ गए। हादसे में दो बुजुर्गों और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मासूम समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार मृतकों में रामपुर के कल्याणपुर शहजादनगर निवासी 30 वर्षीय मोनी पत्नी गोविंद, 60 वर्षीय खेमकरन (गोविंद के पिता) और 85 वर्षीय रामगुलाम (निवासी शिवपुरी, थाना मुंडापांडे, मुरादाबाद) शामिल हैं। हादसे में गोविंद, उनका दो वर्षीय बेटा और चाचा राम बहादुर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को रामपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।



बताया जा रहा है कि गोविंद अपने परिवार के साथ थाना शाही क्षेत्र के गांव मंसूरगंज में बुआ के बेटे राहुल की शादी में शामिल होने गए थे। देर रात करीब एक बजे सभी लोग कार से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार स्वाले नगर के पास पहुंची, सड़क के बीच खड़े सेमल के पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

रविवार सुबह घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस सेमल के पेड़ से कार टकराई, वह लंबे समय से सड़क के बीचों-बीच खड़ा है। इससे पहले भी इस पेड़ की वजह से कई हादसे हो चुके हैं और कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। लोगों का आरोप है कि पेड़ पर न तो कोई रिफ्लेक्टर लगाया गया था और न ही कोई चेतावनी संकेत। बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने पेड़ हटाने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

# किप्स और दीनानाथ समेत कई दुकानों से भरे नमूने

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** होली से पहले मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (स्नस्ष्ठ) की टीम एक्शन मोड में है। रविवार सुबह शहर के अलग-अलग इलाकों में ताबड़तोड़ छापेमारी कर दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने भरे गए। कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में गठित टीम ने सीबीगंज के बंडिया स्थित अर्श किराना स्टोर से बेसन का नमूना लिया। सिविल लाइंस स्थित चर्चित किप्स स्वीट्स से लड्डू की सैंपलिंग की गई। नैनीताल रोड भोजीपुरा में अमूल प्योर घी का नमूना भरा गया। स्टेशन रोड पर स्वर्ण टावर होटल के सामने गुप्ता जी डेयरी प्रोडक्ट से पनीर और नवल्टी चौराहा स्थित दीनानाथ एंड सन्स से दही का नमूना लिया गया। टीम की मौजूदगी से दुकानदारों में अफरा-तफरी रही।



उधर, जीआईसी ऑडिटोरियम में विभाग ने स्टॉल लगाकर खाद्य कारोबारियों को नियमों की जानकारी दी और पांच फूड वेंडरों को पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का पालन करने वालों को प्रोत्साहन मिलेगा, लेकिन मिलावट करने पर सख्त कार्रवाई तय है।

अधिकारी ने बताया कि सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने दो टूक कहा है—त्योहार के नाम पर जहर बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# युवती के लापता होने पर थाने का घेराव 24 घंटे में कार्रवाई का आश्वासन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली/सीबीगंज।** थाना क्षेत्र के गांव नदोसी से युवती के लापता होने के मामले में रविवार को माहौल गरमा गया। गुस्साए ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी व युवती की बरामदगी की मांग की। दो अलग-अलग समुदायों से जुड़ा मामला होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने एहतियातन निगरानी बढ़ा दी है।

परिजनों के मुताबिक, घटना 19 फरवरी की शाम करीब सात बजे की है। आरोप है कि गांव निवासी वाहिद उर्फ भूरा पुत्र सलीम उर्फ पहलवान युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। मामले में उसके भाई अनीश की भी संलिप्तता होने का संदेह जताया गया है। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार को पार्षद पति उमेश गंगवार और पूर्व पार्षद सुखदीश कश्यप के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण सीबीगंज थाने पहुंचे। लोगों ने पुलिस पर ढिलाई बरतने का आरोप लगाते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी भी की गई।



थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। उन्होंने आश्वासन दिया कि 24 घंटे के भीतर युवती की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर प्रयास तेज किए जाएंगे। अधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# कुर्बानी में ठगी पर रोक, अब केवल सरकारी पोर्टल से होगी खरीद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** हज यात्रियों से कुर्बानी के नाम पर होने वाली ठगी पर इस बार सख्ती की मुहर लग गई है। अब हज के दौरान कुर्बानी के लिए जानवरों की खरीद केवल सऊदी सरकार द्वारा अधिकृत ऑनलाइन माध्यम से ही की जाएगी।

निजी एजेंसियों, दलालों या अनधिकृत व्यक्तियों के जरिए कुर्बानी की अनुमति नहीं होगी। इससे यात्रियों की धार्मिक भावनाओं से हो रहे खिलवाड़ पर रोक लगने और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है।

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने इस संबंध में महत्वपूर्ण परिपत्र जारी किया है। परिपत्र के अनुसार कुर्बानी केवल सऊदी सरकार के आधिकारिक 'अदाही परियोजना' के तहत नुसुक मसार पोर्टल पर ही की जाएगी। स्पष्ट कर दिया गया है कि किसी भी निजी व्यवस्था से कराई गई कुर्बानी मान्य नहीं होगी। परिपत्र में यह भी बताया गया है कि सभी तीर्थयात्रियों के लिए कुर्बानी अनिवार्य नहीं है। हालांकि जिन्होंने समिति के पोर्टल पर कुर्बानी का विकल्प चुना है, उन्हें 28 फरवरी 2026 तक अपने प्रवेश परिचय और गोपनीय संकेत संख्या के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया पूरी करनी होगी। तय तिथि के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खान वारसी ने निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले वर्ष कुछ लोगों द्वारा एक ही जानवर की अलग-अलग तस्वीरें दिखाकर कई यात्रियों से धन वसूला गया था। नई व्यवस्था से ऐसी धोखाधड़ी पर प्रभावी रोक लगेगी और कुर्बानी की प्रक्रिया अधिक सुरक्षित व पारदर्शी बनेगी।

## मेधावी बच्चों को लगे डिजिटल पंख, 15 को लैपटॉप

# 20 मेधावी बेटियों को 5-5 हजार की सौगात

## बरेली कलेक्ट्रेट में आयोजित हुआ लैपटॉप वितरण और मेधावी छात्राओं का सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कोरोना काल में अभिभावक खो चुके बच्चों को योगी सरकार ने फिर से खड़ा होने का भरोसा दिया। रविवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत कक्षा 9वीं व उससे ऊपर की कक्षाओं में अध्ययनरत 15 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिले की 10वीं और 12वीं की 10-10 मेधावी छात्राओं को 5-5 हजार रुपये के डमी चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों को लाइफ प्लांट भेंट कर स्वागत से हुई।




जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य) की पात्रता और शर्तों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना उन बच्चों के लिए संबल है, जिनके जीवन में महामारी ने गहरी चोट पहुंचाई। महापौर डॉ. उमेश गौतम ने छात्रों से कहा कि नई पीढ़ी अपनी प्रतिभा पहचान कर उसी क्षेत्र में शत-प्रतिशत समर्पण के साथ आगे बढ़े। विधायक डॉ. एम.पी. आर्य ने सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि डिजिटल माध्यम को विकास का उपकरण बनाएं। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आभार प्रकट किया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने युवाओं से समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित मेगा विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर में भी महिला कल्याण विभाग ने योजनाओं का स्टॉल लगाया। जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार-द्धद्ध की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 10 और बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत लैपटॉप प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि पटेल, नवाबगंज विधायक डॉ. एम.पी. आर्य, राज्य महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडेय, जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एडीएम (नगर) सौरभ दुबे की मौजूदगी रही।

# बहेड़ी गन्ना महाविद्यालय में रक्तदान शिविर, शिक्षकों ने बढ़कर दिया जीवनदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली/बहेड़ी।** गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी में सोमवार को मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। महाविद्यालय परिसर में ब्लड बैंक, महाराणा प्रताप जिला संयुक्त चिकित्सालय, बरेली के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. हरिकेश सिंह के निर्देशन में हुआ। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं, आपातकालीन स्थितियों और गंभीर बीमारियों के दौरान रक्त की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए।



शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तदाताओं की प्राथमिक जांच की और सुरक्षित प्रक्रिया के तहत रक्त संग्रह किया। चिकित्सकों ने बताया कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है और इससे स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिनंदन कुशवाहा और डॉ. सुनील कुमार की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शिविर के अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# केमरी में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो

**रामपुर।** ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घर पर लोगों का तांता लगा रहा।

मिलक निवासी 28 वर्षीय बिट्टू रविवार सुबह लगभग 8 बजे बाइक से ईंट भट्ठे पर काम के लिए घर से निकला था। इस दौरान रास डंडिया स्थित शहनाई मंडप के पास पीछे से आई ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली उसे कुछ दूरी तक रौंदते हुए ले गई। वारदात को अंजाम देने के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बिट्टू ने हिम्मत दिखाते हुए फोन पर अपने परिजनों को दुर्घटना की सूचना दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो बिट्टू ने उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक और मिट्टी का अवैध खनन करवा रहे ठेकेदार के नाम की जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत उसे एम्बुलेंस से मिलक के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही केमरी थाना पुलिस मिलक के सरकारी अस्पताल पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक बिट्टू की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। बिट्टू अपने परिवार में सबसे बड़ा पुत्र और एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसका छोटा भाई गांव के स्कूल में पढ़ाई करता है।



अस्पताल में बैठे परिजन

# बहन के घर भात देकर लौट रहे कार सवार दंपति को ट्रैक्टर ट्राली ने मारी टक्कर, गंभीर

- शाहबाद के ब्लॉक कार्यालय के ठीक सामने हुई टक्कर में पति पत्नी जख्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** बहन के घर शादी में भात देकर लौट रहे दंपति ने ऑल्टो कार में टक्कर मार दी, हादसे में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के हिम्मतपुर गांव निवासी जसवीर अपनी पत्नी बबीता को साथ लेकर अपनी बहन गीता देवी के यहां शादी समारोह में भात देने के लिए जगेसर गांव गए हुए थे। रविवार तड़के 5 बजे भांजी की विदाई के बाद जसवीर अपनी पत्नी बबीता को साथ लेकर ऑल्टो कार से अपने गांव हिम्मतपुर लौट रहे थे। रास्ते में शहर के ब्लॉक कार्यालय के सामने ट्रैक्टर ट्राली ने दंपति की कार में टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने घायल दंपति को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है।





हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार

# त्रिशूल मार्का ईंट के संस्थापक हाजी अब्दुल हुसैन का निधन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** वरिष्ठ उद्योगपति,प्रतिष्ठित भट्ठा संचालक एवं समाजसेवी हाजी अब्दुल हुसैन का इंतकाल हो गया। उनका दफन उनके पैतृक गांव लाला नगला (बिलासपुर) में अकीदतमंदों की मौजूदगी में किया। हाजी जनपद के सबसे वरिष्ठ भट्ठा संचालकों में गिने जाते थे। उन्होंने त्रिशूल मार्का ईंट ब्रांड की स्थापना कर उसे गुणवत्ता, भरोसे और ईमानदारी की एक मजबूत पहचान दिलाई। दशकों तक ईंट उद्योग में सक्रिय रहते हुए उन्होंने सैकड़ों परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया और व्यापार जगत में विशेष सम्मान अर्जित किया।उन्होंने ईंट जगत में अपनी मेहनत और ईमानदारी के दम पर जनपद ही नहीं, बल्कि रुद्रपुर, हल्द्वानी, काठगोदाम और नैनीताल तक अपनी मजबूत पहचान बनाई।उनके दफन में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाफिज अब्दुल सलाम, सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी, हाजी अकबर हुसैन, किसान नेता तजिंदर सिंह विर्क, जिला पंचायत सदस्य अमरजीत सिंह, हरीश जैन, धर्म पाल जैन, लाला हरदेव रस्तोगी, रालोद किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह बिट्ठू, खूब चंद गुप्ता, रालोद ज़िला महासचिव प्रभात भारद्वाज सहित अनेक राजनीतिक, सामाजिक एवं व्यापारिक हस्तियां उपस्थित रहीं। रालोद के जिला ध्यक्ष शाहिद हुसैन ने बताया कि उनके वालिद काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार रात अचानक सांस लेने में परेशानी होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनका निधन हो गया।



# शाहबाद क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल, एक रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** रविवार को शाहबाद क्षेत्र में हुए दो सड़क हादसों में एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में प्राथमिक उपचार दिया गया। डॉक्टरों द्वारा दोनो घायलों को प्राथमिक उपचार देकर एक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पहला हादसा शाहबाद- रामपुर स्टेट हाइवे पर हुआ, जहां थाना क्षेत्र की ढकुरिया निवासी रुखसाना अपने बेटे की दवाई लेने शाहबाद आ रही थीं। रास्ते में रामपुर चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रुखसाना सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं वही दूसरा हादसा सैफनी थाना क्षेत्र के अलफगंज के पास हुआ। मिली जानकारी के अनुसार अलफगंज गांव निवासी राजपाल उधारी के पैसे लेने सैफनी गए थे। वापस लौटते समय अलफगंज मोड़ पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में राजपाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों हादसों में राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। जिसमें राहगीरों के द्वारा घायलों को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद भेजा गया। डॉक्टरों ने दोनों को प्राथमिक उपचार दिया। राजपाल की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।



हादसे मे घायल युवक अस्पताल में भर्ती



हादसे में घायल हुई महिला

# पानी की टंकी का निर्माण अधर में लटका लोग परेशान

- कई बार अधिकारियों से की जा चुकी शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** रतनपुरा गांव में आधी बनी पानी की टंकी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।टंकी के पिलर ही बनकर रह गए। रोड की खुदाई कर दी,लेकिन टंकी नहीं बनी। जिससे लोगों को काफी परेशानी आ रही है।

रोड पर गड्ढे होने के कारण आए दिन कोई न कोई गिरता रहता है आलम यह है कि 2 साल बाद भी गांव में पाइप लाइन नही बिछ सकी है। टंकी बनने के बाद लोग शुद्ध पानी के लिए तरस रहे हैं। अधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीणों को शुद्ध पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। 5 हजार आबादी वाले गांव रतनपुरा में 2 साल में पानी की टंकी का निर्माण पूरा नहीं हुआ। जिसकी वजह से ग्रामीणों को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा। अधिकारियों की लापरवाही से शोपीस बनी हुई है।पानी की टंकी गांव की आबादी के घरों में पानी की टोटियां भी नही लगी हैं,लेकिन लोग पानी आने का इंतजार कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि जल विभाग के अधिकारी कितने लापरवाह हैं, जो टंकी का कार्य 2 साल पूरा नहीं करा सके।ग्रामीण शुद्ध पानी को तरस रहे है।

रोड पर पाइपलाइन बिछा कर रोड ऐसे ही छोड़ दिए जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर ग्रामीण कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। उसके बाद भी जल विभाग खानापूर्ति करके शिकायतों का निस्तारण कर दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि हमें शुद्ध पानी का लालच देकर हमारे रास्तों को पूरी तरह से खोदकर चले गए।2 साल बीतने के बाद भी अब तक गांव में पानी की टंकी नहीं बनी टंकी के पिलर गांव के लिए शोपीस बनकर रह गए हैं।




### बोले लोग



अधूरी पड़ी टंकी की निर्माण को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। शुद्ध पानी पीने को लोग तरस गए है। इंतजार किया जा रहा है। **सईद अहमद**



पानी की टंकी का निर्माण शुरू में तेजी के साथ किया गया था। लेकिन उसके बाद पिलर ही खड़े हुए फिर निर्माण को आधा रोक दिया गया। इस बारें अधिकारियों को कई बार बताया जा चुका है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। **जुम्मा**



टंकी का निर्माण होने के साथ-साथ गांव में पानी की सप्लाई के लिए रोड खोदकर उसमे पाइप बिछाने का काम होना था लेकिन सड़क को खोदकर डाल दिया गया। जिससे अब लोगों को परेशानी हो रही है। **पुत्तन**



टंकी के पानी के लिए रोड खोदकर डाल दिए हैं। रोड पानी भरा होने के कारण लोग वाहनों से फिसलकर गिर जाते हैं । इस बारें में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। **डॉ. अमीर अहमद ग्राम प्रधान**

# पिता- पुत्र से मारपीट करने में तीन फंसे, केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के नरेंद्रपुर घारमपुर गांव में पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों से हमला करना तीन लोगों को भारी पड़ गया। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। पीड़ित हरिओम गुप्ता ने गालियां देने से मना करने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।हरिओम गुप्ता की तहरीर के अनुसार बीती 21 तारीख को वह अपनी दुकान से घर जा रहे थे। इसी दौरान नितिन ने उन्हें देखकर बिना बात के गालियां देना शुरू कर दिया। जब हरिओम ने गालियां देने से मना किया, तो नितिन भड़क गया। इसके बाद नितिन, विपिन और अनुराग पुत्रगण नंद किशोर, निवासी नरेंद्रपुर घारमपुर ने मिलकर हरिओम और उनके बेटे सीताराम को गालियां देते हुए लाठी-डंडों और लात-घूसों से पीटा। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# छात्र छात्राओं के भविष्य के आयामों को स्थापित करने में सहायक जीव विज्ञान : डॉ रीना

- उचित चित्रों का उपयोग करकर भी अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सेंट पॉल्स स्कूल के जीव विज्ञान ( बायोलॉजी ) की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. रीना अग्रवाल ने सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा में सफलता एवं विषय की आधारभूत जानकारी के लिए छात्र छात्राओं को अत्यंत महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहना आवश्यक है।जीव विज्ञान एक ऐसा विषय है जो विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का सूत्रपात करता है और रचनात्मक अध्ययन को बढ़ावा देता है।सबसे महत्वपूर्ण है एनसीईआरटी की पुस्तकों का पूर्ण अध्ययन और सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति। जितना अधिक अभ्यास हम करेंगे उतना ही अधिक हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा और विषय के मूलभूत सिद्धांतों को समझने में सहायता मिलेगी। सभी प्रश्नों को प्रश्नवार हल करने की सोच को ध्यान में रखकर हमें प्रश्नपत्र हल करना चाहिए। अनावश्यक उत्तर लेखन से बचें । सटीक और सारगर्भित उत्तरों को लिखें जिसमें बिंदुओं के माध्यम से उत्तर को समझना आसान किया जा सके। जहां पर भी आवश्यक को उचित चित्रों का उपयोग करकर भी अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं । प्रश्नपत्र को पूरा और तय समय में हल करने की कोशिश करें । इसके लिए बोर्ड के द्वारा दिए गए प्रीवियस ईयर क्वेश्चन पेपर और सैंपल क्वेश्चन पेपर की सहायता लेकर तय समय सीमा में हल कर सकते हैं जो कि विद्यार्थी की तैयारियों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। प्रश्नपत्र पूरा हल करने के पश्चात अपनी उत्तर पुस्तिका का भी अवलोकन करें कि सभी प्रश्न हल कर लिए गए हैं कोई खंड या कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है । साफ सुथरी हैंडराइटिंग का उपयोग करें ताकि उत्तर स्पष्ट रूप से मूल्यांकित किया जा सके।



डॉ. रीना अग्रवाल

# संत गाडगे जयंती समारोह में मुख्य अतिथि होगी माध्यमिक शिक्षा मंत्री: चरन

- अखिल भारतीय धोबी महासंघ के बैनर तले हुई परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ के बैनर तले रविवार को 150 वीं गाडगे जयंती समारोह के उपलक्ष में जनपद के तीन परीक्षा केंद्र पर कक्षा 6 से 8 में अध्यनरत विद्यार्थियों ने कृष्ण कबीर जूनियर हाई स्कूल अहरोला, बुद्धि विकास बाल विद्या मंदिर हरदासपुर,ऋषि कृपाल सिंह कन्या जूनियर हाई स्कूल मिलक में आदि केंद्र पर संत गाडगे ,डॉक्टर बी आर अंबेडकर ,संविधान एवं गणित विज्ञान और हिंदी आदि विषयों पर परीक्षा कराई।

कृष्ण कबीर जूनियर हाई स्कूल में आयोजित परीक्षा का पर्यवेक्षक अजय कुमार दिवाकर तथा रवि कुमार दिवाकर ब्लॉक अध्यक्ष बनाया।बुद्धि विकास बाल विद्या मंदिर हरदासपुर कोठरा में आयोजित परीक्षा में राजपाल सिंह दिवाकर, वीर सिंह दिवाकर को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया। ऋषि कृपाल सिंह कन्या जूनियर हाई स्कूल मिलक में आयोजित परीक्षा में डॉ. वीरेंद्र दिवाकर एवं कृपाल सिंह दिवाकर को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया। इन सभी पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में जो परीक्षा का आयोजन सुचिता और पारदर्शिता पूर्ण हुआ परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को 8 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुलाब देवी एवं विशेष अतिथि जय सिंह,रोहतास सिंह,अशोक महाराज, विजय कुमार चौधरी,राजकुमार भास्कर उप जिलाधिकारी टांडा, नगर मजिस्ट्रेट,अमित कुमार सिंह के द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। परीक्षा करने का उद्देश्य छात्रों में अपने महापुरुषों के प्रति सोच को विकसित करना एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना है। परीक्षा के दौरान व्यवस्था में जिला अध्यक्ष चरन सिंह, सत्यवीर सिंह दिवाकर, रघुवीर शरण ,अशोक कुमार, विजयपाल सिंह, कृपाल सिंह, नन्हू सिंह विक्रम सिंह ओमवीर प्रताप, मोहनलाल दिवाकर, गुलशन कुमार, प्रसन्न प्रकाश, दिनेश कुमार दिवाकर, रामकुमार दिवाकर , रामकुमार, कमल सिंह, कृपाल सिंह, राम बहादुर, अनिल कुमार, हरपाल सिंह, चंद्रसेन, लीलाधर, प्रेम शंकर, हरिराम दिवाकर, ललित कुमार, ओम प्रकाश, हेमंत कुमार, मनोज कुमार, परमजीत सिंह, मुनेश कुमार, त्रिलोक सिंह दिवाकर, मनोज कुमार, विनोद कुमार,वरुण आदि उपस्थित रहे।



परीक्षा देने के बाद मौजूद छात्र-छात्राएं एवं पदाधिकारी।

# विधिक सहायता शिविर में पात्र लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

## आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता देने हेतु मेगा शिविर का आयोजन



फोटो 16 महिला को आयुष्मान कार्ड देते डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पनवड़िया स्थित सद्भावना मंडप में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा,जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार दीक्षित,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संदीप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश ने कहा कि मेगा कैंप का उद्देश्य ऐसे पात्र लाभार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करना है, जो पूर्व में सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के बावजूद लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गए थे। उन्होंने उपस्थित जनमानस से अपील की कि वे इस मेगा कैंप के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य आम जन को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र व्यक्तियों को समय से लाभ दिलाना है। उन्होंने मिशन शक्ति, वूमेन पावर लाइन, साइबर हेल्पलाइन आदि के संबंध में भी जानकारी प्रदान की। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया।कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को को मूंग बीज मिनीकिट वितरित किए। एक लाभार्थी को सोलर पंप प्रदान किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत शौचालय विहीन 5 पात्र लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन तथा श्रम विभाग द्वारा 6 लाभार्थियों को मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत 26,000 की धनराशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए।मुख्यमंत्री आवास योजना 2025-26 के तहत 5 लाभार्थियों को आवास प्रदान किये। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा फरीकल को ट्राईसाइकिल तथा 4 लाभार्थियों को बैसाखी प्रदान की गई। उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरित किये। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत हंसिका को 2,500 तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत अदिति को 3,000 की धनराशि का चेक प्रदान किया। दैवीय आपदा राहत योजना के तहत हीरालाल को 4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की

इसके अतिरिक्त आईसीडीएस विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की।चिकित्सा विभाग द्वारा पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किये।शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं निःशुल्क कानूनी सहायता के संबंध में आम जन को जानकारी प्रदान की गई। इस मेगा शिविर के माध्यम से नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में किसानों ने सौंपा ज्ञापन



कोतवाल को ज्ञापन सौंपते भाकियू तोमर कार्यकर्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के पदाधिकारियों द्वारा मेरठ में प्रधानमंत्री की सभा में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने की सूचना पर पुलिस ने घर पर ही किसान नेताओं को रोक दिया। बाद में किसानों ने जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं के लिए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कोतवाल संजीव कुमार को सौपा।

जिसमें कहा कि हाल ही में भारत सरकार और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते का विरोध करते हुए इसे किसानों के हितों के प्रतिकूल बताया गया। इस समझौते से देश के कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। समझौते पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त या वापस लिया जाए। ज्ञापन में संगठन की ओर से कई प्रमुख मांगें भी उठाई गईं। किसानों ने गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने तथा शुगर मिलों द्वारा किसानों का समस्त बकाया भुगतान कराने, किसानों का पूर्ण कर्ज माफ करने, कृषि कार्य के लिए नलकूपों की विद्युत आपूर्ति निशुल्क करने और घरेलू बिजली पर विशेष सब्सिडी देने, कृषि यंत्र, खाद और बीज सहित खेती में उपयोग होने वाली आवश्यक वस्तुओं पर पर्याप्त सब्सिडी देने, 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले किसानों को दस हजार प्रतिमाह पेंशन प्रदान करने, फसलों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, एमएसपी पर कानूनी गारंटी कानून लागू करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव अरशद अली आजाद, मोहम्मद फुरकान, शुभान अली, शकील अहमद, शेरा पहलवान, नूर मोहम्मद, नामे अली, छुट्टन ठेकेदार, गुरपिंदर सिंह, जुम्मा, रिजवान, अली, नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# पंचायत में किसानों ने उठाई समस्याएं



पंचायत को संबोधित करते किसान नेता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू के प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कई दर्जनों गांव का दौरा किया। जिसमें ज्वालापुर भैंसिया,पैपुरा, रामपुरा गोदी होते हुए धमनी, हसनपुर पहुंचे। वरिष्ठ पदाधिकारी वली मोहम्मद खान की तबीयत खराब होने की सूचना पर उनके आवास पर पहुंचे।उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात करते हुए डॉक्टर जयपाल सिंह सक्सेना उसके बाद ग्राम खजुरिया में पहुंचकर किसानों के बीच बैठकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की।पंचायत में महंगाई का मुद्दा उठाया। अमेरिका से हुई डील भारत सरकार से निरस्त करने की अपील की।अमेरिका की हिटलर शाही के खिलाफ देश का किसान एकजुट होकर बड़े आंदोलन के रणनीति तैयार करने में लगा है। संयुक्त मोर्चा इसमें अगुवाई करेगा। सभी पदाधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों से मिले। अमेरिका द्वारा व्यापार समझौता भारत सरकार से जो किया उसकी जानकारी दे। देश का किसान भारत सरकार के साथ है। देश की सरकार को किसी भी देश के सामने झुकने की जरूरत नहीं है। 1 मार्च को खजुरिया में किसानों की पंचायत होगी। इस मौके पर धर्मदास,साधु राम गंगवार, सैफुद्दीन,मोहसिन खान, जमुना प्रसाद, बब्बू, छेड़लाल, पप्पू दिवाकर आदि शामिल रहे।

# हर सिख बच्चे का फर्ज बनता वह पगड़ी पहने : अनूप

## पगड़ी प्रतियोगिता में विजयी युवकों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में वीर खालसा सेवा समिति की ओर से पगड़ी प्रतियोगिता कराई। जिसमें जिले भर से बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर बच्चों के द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से पगड़ी सिर पर बांधी गई। बाहर से आए जज जसपाल सिंह चीमा, गुरवंत सिंह विर्क के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया।

जिसमें पहला इनाम 5100, दूसरा इनाम 3100, तीसरा इनामी 2100 चौथा इनाम,1100 पांचवा इनाम 1100 इस तरीके से सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि वीर अनूप सिंह, शहर विधायक आकाश सक्सेना के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया। वीर अनूप सिंह ने कहा हर सिख बच्चे का फर्ज बनता है कि वह पगड़ी पहने वीर खालसा सेवा समिति बधाई पत्र है। जो समय-समय पर इस तरीके के कार्य करती रहती है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि सिख समाज के इतिहास को बुलाया नहीं जा सकता सिख समाज हमेशा ही समाज सेवा में आगे रहता है।वीर खालसा सेवा समिति के साथ हूं समिति को जब भी मेरी जरूरत मैं उनके साथ हूं समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति द्वारा पगड़ी प्रतियोगिता अप्रैल में बैसाखी पर कराई जाएगी।

कार्यक्रम में जिले भर के बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चे बहुत उत्साहित थे। इस मौके पर सरदार मनमीत सिंह, तीरथ सिंह, चरणजीत सिंह, जसपाल सिंह,अमरजोत सिंह, चरणजीत सिंह, सेवा सिंह, सुरजीत सिंह, करण दीप सिंह, खुशवंत सिंह, कुलविंदर सिंह, गुरबाज सिंह, नारायण सिंह, मनदीप सिंह, गुलशन अरोड़ा, गुरप्रीत सिंह, अमनदीप सिंह, मनदीप सिंह, मनजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, शेफाली अरोरा, अनु अरोड़ा, शीला माथुर, खुशी, अंजना, अरोड़ा, हरिंदर सिंह, सतनाम सिंह, गुरनाम सिंह, गुरजीत सिंह मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण पर चली जेसीबी



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन में राजस्व टीम एवं नगर पालिका परिषद टांडा की संयुक्त टीम द्वारा आराजी ग्राम टंडोला में स्थित गाटा संख्या-289, रकबा 0.2830 हे पर बिना किसी सक्षम प्राधिकारी से नक्शा पास कराए विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे ध्वस्त कराया। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा अवैध निर्माण को हटवाया। संबंधित व्यक्तियों को सख्त चेतावनी दी गई कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार की प्लाटिंग अथवा कॉलोनी विकसित करना दंडनीय अपराध है।प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि जनपद में अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# सड़क किनारे कैंटर में तीन को रौंदा एक की मौत

- करनपुर पेट्रोल पंप के पास हादसा घर में कोहराम



जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** स्वार रोड पर सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को कैंटर ने रौंद डाला।हादसे में एक की मौके पर ही मौत जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

हादसा अजीमनगर थाना क्षेत्र के करनपुर पेट्रोल पंप के पास हुआ। खेमपुर इमरती निवासी हाजी अली अहमद और मुख्तियार अली किसी काम से करनपुर पुलिया पर गए थे। दोनों को देख इमरता निवासी हिफजे अली ने अपनी बाइक उनके पास रोक ली।तीनों लोग सड़क किनारे खड़े होकर बात करने लगे। सामने से आ रही अनियंत्रित कैंटर ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने माजरा देखा तो उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने कैंटर का पीछा किया तो चालक अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने सभी घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने मुख्तियार अली उम्र 60 वर्ष को देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजन मृतक का शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। घर के चारों ओर से चीखने और चिल्लाने की आवाज आने लगी। उधर दोनों घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है जिन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया परिजनों की ओर से भी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# बारात समारोह में युवक पर किया हमला, तहरीर

- पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा तलाश जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** थाना टांडा क्षेत्र के गांव सेटां खेड़ा में आयोजित एक बारात के दौरान युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के मुताबिक, जनपद संभल के थाना बहजोई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भवन निवासी सुनील कुमार राघव पुत्र निब्बू सिंह अपने गांव से सुरेश के पुत्र पुनीत की बारात में शामिल होने के लिए सेटां खेड़ा आए थे। आरोप है कि इसी दौरान उनके ही गांव के कुछ व्यक्तियों ने उनके साथ मारपीट करते हुए हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार वह किसी तरह मौके से जान बचाकर निकलने में सफल रहे। दी गई तहरीर में मनोज पुत्र नरेश, मोहन पुत्र नरेश, प्रभात पुत्र नरेन्द्र, अमन पुत्र नरेन्द्र सिंह तथा विवेक पुत्र सुनील राठौर समेत 8 से 10 लोगों को हमले में शामिल बताया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

# 160 रुपये क्विंटल का किसानों को मिलेगा खरीद में मुनाफा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गेहूं खरीद में किसानों को 160 रुपये क्विंटल का मुनाफा मिलेगा। वर्ष 2025 में खरीद में किसानों को समर्थन मूल्य 2425 प्रति क्विंटल था। लेकिन 2026 में सरकार की ओर से 2585 रुपये की वृद्धि की। सरकार के इस फैसले से काश्तकारों में खुशी की लहर है।

जनपद में गेहूं खरीद 17 मार्च से शुरू होगी। जोकि 15 जून तक आरंभ रहेगी। खरीद के लिए जनपद में विभाग की ओर से 74 केंद्र बनाए गए हैं। खाद्य विभाग के 12, पीसीएफ के 33, पीसीयू के 27, यूपीएसएस के 12, मंडी समिति के 3, भारतीय खाद्य निगम के 2 केंद्र बनाए गए है। खरीद के लिए जनपद के 82 किसान विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करा चुके हैं। गेहूं विक्रय के 48 घंटे के भीतर भुगतान सीधे किसान के आधार से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीकरण या भुगतान से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए किसान टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर किसान क्षेत्रीय विपणन अधिकारी से भी संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए किसानों को एक सक्रिय मोबाइल नंबर दर्ज करना अनिवार्य है। गेहूं खरीद, भुगतान और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं इसी मोबाइल नंबर पर भेजी जाएंगी। किसान स्वयं एफसीएस यूपी पोर्टल पर जाकर या फिर जनसेवा केंद्र एवं साइबर कैफे के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जनपद में खरीद 17 मार्च से शुरू होगी।

# विधायक ने पार्क का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना एवं गौ सेवा गोपाल सेवा समिति के पदाधिकारी द्वारा लोहिया पार्क का निरीक्षण किया। 27 फरवरी से होने वाली कथा नरसी का भात नानी बाई का मायरा के लिए लोहिया पार्क ज्वाला नगर का निरीक्षण किया। पदाधिकारी और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सभी लोगों से अनुरोध किया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाएं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष संदेश अग्रवाल, राम किशोर शर्मा,राजकुमार सिंह, नरेश शर्मा, बीना अग्रवाल, राज रानी शर्मा, कार्यक्रम के संयोजक विनोद श्रीवास्तव आदि बहुत सारे लोग उपस्थित रहे।

# घटतौली पर रोक लगाने को मोबाइल टेस्टिंग वैन

- वैन ने कांटों पर शुरू की तौल, होगी शुद्धता की जांच



टांडा के त्रिवेणी चीनी मिल में मोबाइल वैन से कांटे की जांच कराते अधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** घटतौली रोकने के लिए अब तौल कांटों की जांच मोबाइल टेस्टिंग वैन मशीन की जा रही है। इसके लिए विधिक माप विज्ञान विभाग को शासन से मोबाइल टेस्टिंग वैन मिली है।

विधिक माप विज्ञान अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई नियंत्रक विधिक माप विज्ञान उत्तर प्रदेश के निर्देश पर की जा रही हैं। इसके जरिए प्रदेश में तौल कांटों की शुद्धता की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद के चीनी मिल के तौल कांटों की जांच की गई है। जांच के दौरान वहां क्षेत्र के किसान मौजूद रहे। किसानों की मौजूदगी में जांच हुई। किसानों ने जांच को संतोष बताया। उन्होंने बताया कि इसके बाद बिलासपुर के दो धर्मकांटों की जांच की गई। अब मोबाइल टेस्टिंग वैन मुरादाबाद के लिए रवाना हो गई है। बाद में इस वैन से जिले के धर्मकांटों की जांच की जाएगी।

### 16.35 लाख रुपये का ठोंका जा चुका है जुमार्ना

विभागीय अधिकारियों के अनुसार नौ माह के भीतर 26 घटतौली करने वालों के खिलाफ 16 लाख 35 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा 300 से अधिक धर्मकांटा, मिठाई की दुकान, पेट्रोल पंप, स्टोनप क्रशर, फल सब्जी, किराना स्टोर, मसाला, आटा चक्की और कपड़ों की दुकानों के निरीक्षण किए। इन स्थानों पर घटतौली के केस सामने आए।

# भाकियू (तोमर) जिला अध्यक्ष नजरबंद

**● मेरठ जाने से रोके गए कार्यकर्ता**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**नहटौर।** अमेरिका के साथ हुई प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कार्यकर्ता रविवार को मेरठ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे। प्रशासन को इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए संगठन के नहटौर स्थित जिला कार्यालय पर पहुंचकर जिलाध्यक्ष सचिन गुप्ता को नजरबंद कर दिया।

बताया कि संगठन के पदाधिकारी सुबह से ही मेरठ रवाना होने की रणनीति बना रहे थे। इसी बीच पुलिस बल कार्यालय पर पहुंच गया और जिलाध्यक्ष को बाहर जाने से रोक दिया। कुछ ही देर में जिला उपाध्यक्ष जमशेद आलम, युवा जिलाध्यक्ष अमरकांत शर्मा, युवा जिला सचिव सोनी शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष राकेश कुमार आर्य, उपाध्यक्ष दिलशाद सिद्दीकी, जिला सचिव पंकज शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलम गुप्ता, अल्हैपुर ब्लॉक अध्यक्ष मनीषा सिंह और राजपाल सिंह समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यालय पर एकत्र हो गए।कार्यकर्ताओं ने मेरठ जाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि शांतिपूर्ण ढंग से विरोध जताना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है, जबकि पुलिस का कहना था कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।जिलाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील से देश के किसानों को नुकसान होगा। उनका आरोप है कि आयात-निर्यात संबंधी नीतियों में बदलाव से गन्ना, गेहूं और अन्य फसलों के दाम प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने किसानों के हितों की अनदेखी की तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।बाद में संगठन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपराध निरीक्षक विपिन चौधरी को सौंपा। ज्ञापन में ट्रेड डील रद्द करने की मांग के साथ-साथ गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने, किसानों का बकाया भुगतान तत्काल कराने, संपूर्ण कर्जमाफी लागू करने, नलकूपों की बिजली मुफ्त करने, घरेलू बिजली बिल में राहत देने, कृषि यंत्रों व खाद पर सब्सिडी बढ़ाने, 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों को 10 हजार रुपये मासिक पेंशन देने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गारंटी कानून लागू करने की मांग शामिल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एहतियातन कार्रवाई शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, हालांकि संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

# घर में घुसकर युवती से अश्लील हरकत का आरोप, विरोध करने पर मारपीट

**● पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की लगाई गुहार**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के एक मोहल्ले में देर रात घर में घुसकर युवती के साथ अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर परिजनों के साथ मारपीट करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि घटना की शिकायत पुलिस को दिए जाने के बावजूद अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है, जिससे परिवार दहशत में है।

पीड़िता द्वारा दिए शिकायती पत्र के अनुसार 18 फरवरी की रात लगभग 12 बजे पड़ोस के पांच युवक जबरन उसके घर में घुस आए और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे।

आरोप है कि युवक उसे जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास भी कर रहे थे। युवती के शोर मचाने पर उसकी मां, भाई और अन्य परिजन उसे बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की।मारपीट के दौरान एक परिजन का हाथ टूट गया। शोर सुनकर जब मोहल्ले के लोग मौके की ओर आने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए।पीड़िता का कहना है कि घटना की रात ही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। न्याय न मिलने पर उसने वरिष्ठ अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार भय के साए में जी रहा है और किसी अनहोनी की आशंका जता रहा है। मामले को लेकर क्षेत्र में भी चर्चा बनी हुई है।

# संत निरंकारी मिशन के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन द्वारा चलाया अभियान




स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते पदाधिकारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**कांठ।** कार्यक्रम के चौथे चरण का रविवार को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के निदेर्शानुसार भारत में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से शाखा कांठ के द्वारा रामगंगा घाट (नीले कुंडे) की सफाई का अभियान चलाया गया।

सतगुरु माता का संदेश है कि इस पवित्र भूमि को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का दायित्व बनता है कि इसकी सेवा करें सरकार द्वारा भी समय-समय पर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम प्रारंभ करवाते हैं लेकिन सतगुरु माता के निदेर्शानुसार यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।जिसमें सभी भाई और बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान उसी पावन संकल्प का प्रतीक है, जो मानव को प्रकृति, समाज और आत्मा से जोड़ते हुए करुणा, संतुलन और सौहार्द से परिपूर्ण भविष्य की ओर मार्गदर्शन करता है।इस सफाई अभियान में शाखा कांठ के मास्टर सुशील कुमार , संचालक महात्मा बाबूराम , चंद्रशेखर अमित कुमार प्रिंस देशबंधु प्रीतम अंकित कुमार रेनू राजवती हर्षिता आदि नए पर चढ़कर भाग लिया। सभी के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पशुपति फैक्ट्री में पिंजरे में फंसा तेंदुआ



तेंदुए को पकड़कर ले जाते कर्मचारी

**● कर्मचारियों ने ली राहत की सांस**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**ठाकुरद्वारा।** नगर स्थित पशुपति फैक्ट्री परिसर में पिछले करीब एक महीने से घूम रहे तेंदुए का आखिरकार ठिकाना तय हो गया। बीते दिनो लगाया पिंजरा सफल रहा और तेंदुआ उसमें कैद हो गया। इसके साथ ही फैक्ट्री कर्मचारियों और अधिकारियों ने राहत की लंबी सांस ली।

बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से तेंदुए की मौजूदगी से फैक्ट्री परिसर में दहशत का माहौल बना हुआ था। कर्मचारी काम तो कर रहे थे, लेकिन नजरें मशीनों से ज्यादा झाड़ियों पर रहती थीं। हालात ऐसे थे कि ड्यूटी से ज्यादा चौकन्नापन निभाना पड़ रहा था। सूचना मिलने पर वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर पिंजरा लगाया था। कई दिनों की प्रतीक्षा के बाद रविवार को तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। जैसे ही यह खबर फैली, कर्मचारियों ने राहत महसूस की और पूरे परिसर में चर्चा का विषय बना रहा कि आखिरकार वन विभाग की रणनीति सफल हो ही गई।स्थानीय लोगों का कहना था कि एक महीने से तेंदुआ परिसर में ऐसे घूम रहा था, मानो उसने अस्थायी तौर पर फैक्ट्री का ह्यनिरीक्षण कार्यह्र संभाल रखा हो। हालांकि, अब उसके पकड़े जाने से सभी ने चैन की सांस ली है। वन विभाग की टीम ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए तेंदुए को सुरक्षित कब्जे में ले लिया। वन क्षेत्र अधिकारी रवि कुमार गंगवार ने लोगों से अपील की है कि भविष्य में वन्यजीव दिखने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत सूचना दें। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद फैक्ट्री में कामकाज सामान्य हो गया है और कर्मचारी अब बिना किसी ह्यजंगल राजह्र की आशंका के अपनी ड्यूटी पर लौट आए हैं।

## अलग-अलग विवाद में पुलिस ने चार लोगों का शांतिभंग में किया चालान

**मसवासी।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार कर शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में चालान किया है एसडीएम न्यायालय से चारों लोगों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। मसवासी पुलिस ने रविवार को चौहद्दा निवासी सुखजिंदर कौर के खेत की जमीन पर रास्ता बनाए जाने को लेकर चौहद्दा निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र बलदेव सिंह हरपाल सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह विवाद कर रहे थे। जिससे शांति व्यवस्था बाधित होने का अंदेशा बढ़ गया। और इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने सूचना पाकर दोनों लोगों को हिरासत में ले लिया और पुलिस चौकी ले आए।शांति व्यवस्था भंग करने के अंदेशे में पुलिस ने दोनों लोगों का एसडीएम न्यायालय में चालान कर दिया। दूसरा मामला नगर के एक मैरिज हॉल में विवाद को लेकर हुआ जिसमें गांव मंसूरपुर निवासी हेमपाल पुत्र रामचंद्र योगेश पुत्र भूदेव मजदूर अमित कुमार व विशाल के साथ मैरिज हॉल में मारपीट की कोशिश कर रहे थे। गाली गलौज और हाथापाई की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों का भी शांति व्यवस्था भंग करने के अंदेशे में एसडीएम न्यायालय में चालान कर दिया देर शाम चारों लोगों को एसडीएम न्यायालय से जमानत पर छोड़ दिया गया है।

## बेस्ट माइंड सोसाइटी की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**शाहबाद।** बेस्ट माइंड एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक समिति के प्रधान कार्यालय मोहल्ला नालापार में हुई। इसमें शिक्षा के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दिनेश ने की। उन्होंने उन बच्चों को सहारा देने की बात कही जो पढ़ाई करना चाहते हैं लेकिन किसी कारणवश नहीं कर पा रहे हैं। दिनेश ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को शिक्षित करना है। सोसाइटी के प्रबंधक सचिव सुमित कुमार ने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा मिलना उनका मौलिक अधिकार है। बैठक में सोसाइटी के प्रबंधक सचिव सुमित कुमार, उप प्रबंधक सचिव प्रेमवती देवी, अध्यक्ष दिनेश, उपाध्यक्ष यशपाल, कोषाध्यक्ष रोहन, सदस्य शीतल देवी और प्रीति देवी आदि रहे।

## आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करें:प्रदीप

**शाहबाद।** रविवार को शाहबाद कोतवाली परिसर में कोतवाल प्रदीप कुमार ने ग्राम प्रधानों संग बैठक की। बैठक में आगामी त्योहारों को लेकर चर्चा की।बैठक के दौरान कोतवाल प्रदीप कुमार ने ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए आगामी त्योहारों में सहयोग करने को कहा। साथ ही गांव में घूमने वाले संदिग्धों पर भी कड़ी नजर रखने को कहा। कोतवाल प्रदीप कुमार ने कहा कि ग्राम प्रधान गांव में होने वाली गतिविधि पर नजर रखकर अराजक तत्वों के बारे में पुलिस को सूचना दें। आगामी त्यौहार होली पर गांव में होलिका के संबंध में कोई विवाद हो तो उसकी जानकारी भी पुलिस को दें। इस दौरान निरीक्षक जयप्रकाश सिंह दिलीप सिंह आदि रहे।

## कपड़े बदलने को लेकर दुकानदार ने महिला ग्राहक के पति से की जमकर मारपीट

**नगीना।** रेडीमेड कपड़े बदलने को लेकर दुकानदार व महिला ग्राहक पति के साथ जमकर हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों ने अपना मेडिकल कराकर पुलिस कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला लूहारी सराय निवासी मोहम्मद अजगर का पुत्र फरमान कुरैशी विदेश में रहता है। वह छुट्टी में घर आया हुआ है। बताया जाता है उसकी पत्नी मोहल्ला पंजाबियान मीना बाजार में सीमा गार्मेंट्स से लगभग 2500 रुपये का सूट खरीद कर लाई थी। जब वह उस सूट को अपने पति फरमान के साथ बदलने गई तो सूट को बदलने से दुकानदार ने मनाकर दिया, जिसको लेकर दुकानदार के साथ गहमागहमी व गाली गलौज मारपीट की नौबत आ गई। फरमान वहां से घर आया और अपने भाईयों के साथ दुकानदार की दुकान पर बदला लेने पहुंच गया फिर किया था वहीं बाजार में दोनों ओर से जमकर मारपीट होने से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। जिससे दुकानदार व उसके भाई व आस-पड़ोस के दुकानदारों ने मिलकर फरमान, इमरान, शाहबान तीनों भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नगीना पुलिस मौके पर पहुंची दुकानदार के भाई व आस-पड़ोस के दुकानदारों सहित चार पांच लोगों को पकड़कर थाने ले कर गई। पुलिस ने तीनों घायल भाईयों का नगीना सीएचसी भेजकर मेडिकल परीक्षण व उपचार कराया। बताया जाता है कि मीना बाजार में रविवार को भी किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ है।

# निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का हुआ आयोजन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**हसनपुर।** नगर में डॉक्टर विनोद हॉस्पिटल के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। जिसमें लगभग 200 मरीजों ने अपनी आंखों का चेकअप कराया।

रविवार को डॉक्टर विनोद अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर डॉक्टर विनोद हॉस्पिटल हसनपुर एवं अपोलो लेजर आई हॉस्पिटल मुरादाबाद के द्वारा नगर स्थित आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में विशाल निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन प्रातः दस बजे से लेकर दो बजे तक किया।शिविर के माध्यम से नगर एवं क्षेत्र के लगभग 200



मरीजों द्वारा अपनी आंखों का चेकअप डीआर पल्लव अग्रवाल, डॉ प्रांजल अग्रवाल एवं डॉ संचिता अग्रवाल के द्वारा कराया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर पल्लव द्वारा आर्य समाज के पदाधिकारी को सम्मानित भी किया।

इसी के साथ आर्य समाज के द्वारा डॉक्टर पल्लव अग्रवाल के द्वारा आर्य समाज मंदिर के प्रांगण में बनी यज्ञशाला को आर्थिक सहयोग देने के लिए उन्हें सम्मानित किया। गया। डॉक्टर प्रांजल अग्रवाल के द्वारा बताया कि शिविर के माध्यम से लगभग 200 लोगों का चेकअप किया। जिसमें से 60 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन डॉक्टर विनोद हॉस्पिटल हसनपुर में निशुल्क किए जाएंगे। इस मौके पर अंकित गुप्ता, विनय गुप्ता, रमेश चंद गुप्ता,रोहतास सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दबंगों ने सराफा बाजार में युवक का सिर फोड़ा, जान से मारने की धमकी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल हालत में पीड़ित कोतवाली पहुंचा।आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। कोतवाली क्षेत्र के गांव लठीरा माफी निवासी पीड़ित राजीव का कहना है शनिवार की शाम उसका भाई देविंदर सराफा बाजार स्थित अपनी दुकान के पास नल से पानी भरने जा रहा था।इसी बीच, मोहल्ला खैवान निवासी आरोपी ने साथियों–साथियो के साथ उसे घेर लिया।बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने देविंदर के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसका सिर फट गया। शोर सुनकर



राहगीरों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को लहूलुहान हालत में थाने लाया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

जब इस बारे में कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया पीड़ित की तहरीर पर नगर के मोहल्ला खैवान निवासी राजा,मोहित और अमित के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# विद्यार्थियों को डायबिटिक रेटिनोपैथी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर दी जानकारी

**● आंख में इंजेक्शन बहुत ही पेनफुल प्रक्रिया**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मुरादाबाद।** सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में डायबिटिक रेटिनोपैथी की मास्टर क्लास कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया।सीएल गुप्ता द्वारा बताया डायबिटिक रेटिनोपैथी के क्षेत्र में किया पहला प्रयास है। जिसमें नेत्र चिकित्सकों एवं पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों को डायबिटिक रेटिनोपैथी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर आशी खुराना एवं ग्लूकोमा नेत्र चिकित्सा डॉ मुकेश ने दीप प्रज्वलन करके किया। डॉक्टर रवनीत कौर ने डायबीटिक रेटिनोपैथी क्या है।इसे



कार्यक्रम के दौरान मौजूद डॉक्टर

समझने के लिए इसके लक्षणों के ऊपर चर्चा की।डॉक्टर इशा आचार्य के द्वारा डायबीटिक रेटिनोपैथी में होने वाली जांचों तथा उन जांचों को मॉनिटर करने की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ रोहन कपूर के द्वारा लेजर की तकनीक के बारे में जानकारी दी।बताया कि शुगर की वजह से आंख का पर्दा खराब हो जाता है अथवा उसमें सूजन आ जाती है जिसके लिए लेजर प्रक्रिया के माध्यम से आंख में लेंस लगाकर लेजर के माध्यम से पर्दे में हुए छेद एवं अन्य बीमारी का उपचार किया जा सकता है।डॉक्टर रूहीन सिद्दीकी ने आंख में लगाए जाने वाले आईवी इंजेक्शन और डायबिटिक ट्रैक टॉमी सर्जरी के बारे में बात की,उन्होंने बताया कि जनसाधारण को यह सोचकर घबराहट होती है की आंख में इंजेक्शन बहुत ही पेनफुल प्रक्रिया है परंतु यह सेफ होने के साथ-साथ एक आसान प्रक्रिया भी है। जिसके माध्यम से आंख के पर्दे पर बढ़ रही सूजन को रोका जा सकता है। यदि हम प्रारंभिक स्तर पर डायबीटिक रेटिनोपैथी को पकड़ कर आई वी इंजेक्शन के माध्यम से उसका उपचार शुरू करें तो इस बीमारी से लड़ना आसान है।

लोकेश चौहान ने सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान के टेली मेडिसिन के मॉड्यूल को विस्तार में बताते हुए कहा कि डायबिटिक रेटिनोपैथी को कम्युनिटी में ढूंढकर, उसके उपचार के लिए एक बेहतर विकल्प के रूप में देखा जा सकता है। संस्थान के फेलो डॉक्टर डॉक्टर हिमांशु,डॉक्टर अंजु, डॉक्टर सिदरा आदि ने केस स्टोरी के माध्यम से डायबिटिक रेटिनोपैथी को आसानी से समझने में अपनी भूमिका निभाई।

मुरादाबाद के नेत्र विशेषज्ञों ने अपनी मौजूदगी से इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बनाया एवं डायबिटिक रेटिनोपैथी के क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं एवं उनके निदान पर बात करी।इस कांफ्रेंस की खास बात यह थी कि इसमें रेटिना लेजर,आईवी इंजेक्शन, ओसीटी, बी स्कैन पर चर्चा की। गई।प्रत्यक्ष अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण दिया।इस कार्यक्रम में फनी कृष्णा, राजकुमार, तस्लीम, शोएब, बिलाल,अनिल सपरा, सुमित सहाय, गरिमा सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। संस्थान के डायरेक्टर डॉक्टर प्रदीप अग्रवाल ने आए हुए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद अर्पित किया।

# कुत्तों को संसार से शून्य करने की मंशा ठीक नहीं

प्रकृति में जैव विविधता है। पशुओं के प्रति लगाव का इतिहास पुराना है। मनुष्य और पशुओं के मध्य आत्मीयता का भाव वैदिक साहित्य से लेकर आज तक प्रत्यक्ष दिखाई पड़ता है। कुत्ते हमारे स्वाभाविक परिजन हैं। उनकी सूंघने व सुनने की क्षमता विलक्षण है। संप्रति आधुनिक सभ्यों का एक वर्ग कुत्तों से चिढ़ा हुआ है। कोर्ट-कचहरी तक कुत्तों पर बहस है। कुत्तों को संसार से शून्य करना चाहता है। यह बात सही है कि जब-तब कुत्ते आक्रामक भी हो जाते हैं लेकिन वे स्वयं अपनी ओर से कभी आक्रामक नहीं होते। उनकी आंखों में स्वाभाविक आत्मीय लगाव देखा जा सकता है। वे अपने लिए कोई संपदा नहीं चाहते। वे इस विराट संसार में अपने लिए छोटी-सी जगह चाहते हैं। दौड़ने पर वे वह जगह छोड़कर दूसरी जगह बैठ जाते हैं। पालतू कुत्तों की बात अलग है। बाकी सब भूखे-प्यासे मरते हैं।

वैदिक साहित्य में कहा गया है, ङ्कमनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।ङ्क उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है कि, ङ्कऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियां में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है। अग्नि ऋग्वेद में बड़े देवता हैं। ऋग्वेद के ऋषि के ध्यान में अग्नि की पशु जैसी चंचलता की ओर गया है। ऋग्वेद (1.65.5) में कहते हैं, ङ्कअग्नि पशु जैसे चंचल हैं।ङ्क कभी-कभी घरेलू पशु खो जाते हैं। खोजने पर मिल जाते हैं। पशु के खो जाने और बाद में उसके मिल जाने पर प्रसन्नता होती है। ऋग्वेद में कहते हैं, ङ्कपूषन देव हमें वैसे ही मिलते हैं जैसे खोए हुए पशु खोजने पर मिल जाते हैं।ङ्क अनेक पशु इधर-उधर घूमा करते हैं। ऋषि ऐसे पशुओं की तुलना अग्नि देवता से करते हैं, ङ्कअग्नि वैसे ही फैल जाता है, जैसे रक्षक के बिना पशु इधर-उधर भागता है।ङ्क

पशुओं से अपने कुल या वंश का सम्बंध जोड़ना सर्वविदित है। सभी पशु प्रिय हैं लेकिन कुत्ते प्राचीन भारतीय इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं। भारतीय अध्यात्म परंपरा में स्वर्ग प्राप्ति को महत्वपूर्ण बताया गया है। महाभारत के रचनाकाल में स्वर्ग अति प्रतिष्ठित धारणा थी। महाभारत की कथा के अनुसार युधिष्ठिर अपने भाई व द्रौपदी के साथ स्वर्ग की यात्रा पर निकले। कथा के अनुसार उनका कुत्ता भी साथ था। स्वर्ग की दुर्गम पहाड़ियों में एक-एक पांडव गिरते गए। मरते गए अंत में द्रौपदी के भी गिर जाने के बाद कुत्ता ही जीवित शेष रहा। महाभारत में सभी पांडवों के देहावसान के कारण बताए गए हैं। युधिष्ठिर के कुत्ते का बच जाना उसकी निष्ठा का पुरस्कार था। कुत्ते अपने पालक के प्रति निष्ठावान रहते हैं। निष्ठा भी साधारण नहीं। अपने पालक के साथ स्वर्ग तक जाने की पात्रता ध्यान देने योग्य है। स्वर्ग प्राप्ति की पात्रता आश्चर्यजनक है।

कुत्तों को मारने का फतवा ठीक नहीं। कुत्तों की आंखों में आंख डालकर झांकना चाहिए। यहां आत्मीयता है। वे निर्दोष हैं। आंखें आत्मरस से लबालब हैं। वे किसी को भी चोट नहीं पहुंचाना चाहते। अपने पालक के प्रति निष्ठा दुर्लभ है उनमें। संसार में बड़े अनूठे जीव हैं। संसार जैव विविधता से भरा-पूरा है। ऋग्वेद के एक प्रसंग में कुत्ते देवताओं की गाय चुरा लेते हैं। गायों की चोरी की घटना से देव व्यथित थे। ऋग्वेद की कथा के अनुसार देवों की कुतिया शर्मा ने चोरी गई गाय खोज निकालीं। गाय चोरी करने वालों ने शर्मा से कहा कि हम तुम यह गोधन परस्पर बांट लें। शर्मा ने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। उसकी अपनी वंश परंपरा में निष्ठा बहुत महत्वपूर्ण है। उसने कहा कि इन्द्र आ रहे हैं और अपनी गाय वापस ले जाएंगे। आचार्य सायण ने इस मंत्र सूक्त के आधार पर शर्मा को कुतिया होने के बावजूद देवता का सम्मान दिया है। शर्मा वैदिक देवता हैं।

गाय और घोड़े भी प्राचीन समाज में प्रतिष्ठित पशु रहे हैं लेकिन तीनों की अलग-अलग प्रतिष्ठा है। गाय वैदिक समाज में माता हैं। घोड़ा उपयोगी है, लेकिन कुत्ते की बात ही अलग है। कुछ विद्वान बंदर को पूर्वज बताते हैं। बंदर में पूंछ होती है। बाकी सब मनुष्य जैसा है। पूरी बात गले नहीं उतरती। मनुष्य में ईर्ष्या होती है। हिंसा होती है। बेईमानी होती है। पशु बेईमान नहीं होते। भारतीय समाज में जीवों को अतिरिक्त आदर दिया गया है। गणेश गण देवता हैं। उनका वाहन एक छोटा-सा पशु चूहा है। एक देवता कार्तिकेय हैं। उनका वाहन मोर है। रूद्र शिव का वाहन वृषभ है। नंदी प्रतीक की चर्चा पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बड़े भूभाग में प्रचलित है। वैसे भी शंकर पशुपति हैं। बिल्ली भी अपनी ओर से काटने नहीं दौड़ती। घिर जाने पर हाथ-पैर चलाती है। समूचे पशु संसार को आदर के साथ मानना भारत में ही संभव है। ऐसे प्रतीक दुनिया की किसी अन्य संस्कृति में नहीं मिलते। सभी जीवों के प्रति आत्मीयता के सिद्धांत में सभी मनुष्यों के प्रति आत्मीयता का भाव अंतर्निहित है। प्रायः सभी जीव अपने आचरण से हिंसक नहीं होते। वे आत्मरक्षा में गलती कर सकते हैं।

पशु भारत की सम्मानित संपदा रहे हैं। इसके विपरीत पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति प्रेम भाव नहीं रहा है। संभवतः यूरोपीय देशों में मनुष्य और पशुओं के भीतर प्रवाहमान एक ही प्राण शक्ति का दार्शनिक भावबोध नहीं था। भारतीय दर्शन में मनुष्यों और पशुओं में तथा सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति का दर्शन हुआ है। भारत के आमजनों में सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति के दर्शन हुए हैं। हमारे परिचित देवाजी जायसवाल व अजय प्रताप सिंह कुत्तों, बंदरों व पक्षियों के प्रति संवेदनशील हैं। यह संवेदनशीलता प्रशंसनीय है। गीता प्रबोधन में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से समूचे ब्रह्माण्ड में भिन्न-भिन्न प्रतिष्ठित प्रतीकों के उल्लेख किए हैं। कृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि, ङ्कशस्त्रधारियों में राम मैं हूं।ङ्क राम यहां भगवत्ता के प्रतीक हैं। ऐसे ही उन्होंने गाय के बारे में कहा है कि, ङ्ककामधेनु गाय मैं हूं। हाथियों में ऐरावत मैं हूं।ङ्क गाय सम्माननीय प्रतीक है। हाथी व सांप से लेकर सभी दिव्य प्रतीकों का उल्लेख गीता में हुआ है। बंदर को मनुष्य का पूर्वज कहा जाता है। यह सिद्धांत चार्ल्स डार्विन के विचार से लिया गया है। जहां डार्विन बंदर को पूर्वज बताते हुए प्रकृति के विकास का संकेत देते हैं। भारतीय परंपरा में हनुमान ज्ञान और बुद्धि के देवता हैं। हनुमान बुद्धि, बल और ज्ञान के देवता हैं। वे भक्ति और समर्पण का शिखर हैं। पशु ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही सम्माननीय हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र (9.72.9) में ऋषि स्तुति करता है कि हमारा धन पशुओं से भरा-पूरा हो और स्वर्ण से युक्त हो। यहां सोने की तरह पशुओं को भी धन के रूप में देखा गया है। यूरोप के लोग मनुष्य को सोशल एनिमल मानते थे। मनुष्य उनकी दृष्टि में सामाजिक प्राणी हैं। भारत का मनुष्य अनेक संभावनाओं से भरा-पूरा है। यहां वनस्पतियां आराध्य हैं। पृथ्वी आराध्य हैं। अंतरिक्ष आराध्य हैं। शक्ति का कण-कण उपास्य है। पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति आदर भाव नहीं रहा। ऋग्वेद में पशु सहित सभी प्राणी सम्माननीय हैं। यूरोप पर भारत के दृष्टिकोण में यह आधारभूत अंतर है।

# नदी को साफ रखना सामाजिक अनुशासन का विषय

संजय सिंह

मथुरा में बहती यमुना को देखते हुए मन में एक साथ कई भाव उठते हैं, स्मृति, श्रद्धा और चिंता। यह वही नदी है जिसका उद्गम उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र स्थित यमुनोत्री हिमनद से होता है, जो पहाड़ों की शीतलता और पवित्रता को अपने साथ लेकर मैदानों में उतरती है। कभी इसे कालिंदी कहा गया, कभी इसे कृष्ण की लीलाओं का साक्षी माना गया, तो कभी आगरा और इटावा के खेतों की जीवनरेखा। दिल्ली, मथुरा, वृंदावन और आगरा जैसे नगरों की सांस्कृतिक स्मृति में यह नदी केवल जलधारा नहीं, जीवन का आधार रही है। परंतु आज जब हम इसके तट पर खड़े होते हैं तो प्रश्न उठता है, क्या हम सचमुच इसके साथ खड़े हैं?

पिछले कई दशकों में यमुना की स्थिति सुधारने के लिए योजनाएँ बनीं, बजट आवंटित हुए, तकनीकी ढाँचे खड़े किए गए। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की संख्या बढ़ी, नालों को इंटरसेप्ट करने के प्रयास हुए, औद्योगिक इकाइयों के लिए मानक तय किए गए। न्यायपालिका और प्रशासन दोनों ने समय-समय पर दिशा-निर्देश दिए। इन प्रयासों को नकारा नहीं जा सकता। परंतु एक बुनियादी सच्चाई यह भी है कि नदी केवल पाइपलाइन और प्लांटों से नहीं बचती; वह उन लोगों से बचती है जो उसके साथ रहते हैं।

यमुना बेसिन में छह करोड़ से अधिक लोग निवास करते हैं। केवल दिल्ली महानगर की आबादी दो करोड़ के आसपास है। मथुरा, आगरा, इटावा, यमुनानगर और अन्य कस्बों को जोड़ दें तो यह संख्या और बढ़ जाती है। प्रतिदिन लाखों लीटर घरेलू सीवेज, ठोस कचरा, प्लास्टिक, पूजा सामग्री और औद्योगिक अपशिष्ट इस नदी तंत्र पर दबाव डालते हैं। सरकारें ढाँचा बना सकती हैं, पर हर गली से निकलने वाली नाली पर पहरा नहीं दे सकतीं।

यहीं समुदाय की भूमिका निर्णायक हो जाती है। जब तक नदी के किनारे रहने वाला व्यक्ति यह न माने कि यमुना उसकी अपनी है, तब तक कोई भी योजना स्थायी परिणाम नहीं दे सकती। नदी का प्रदूषण केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, यह सामाजिक व्यवहार का प्रश्न भी है। हम अपने घर के आँगन को साफ रखते हैं, मोहल्ले की सड़क पर कचरा डालने से बचते हैं, पर वही कचरा जब नाले के माध्यम से नदी तक पहुँचता है, तो हमें उसका अहसास नहीं होता। नदी सार्वजनिक है और सार्वजनिक वस्तु के प्रति हमारी जिम्मेदारी अक्सर निजी वस्तु जितनी प्रबल नहीं होती।

जिस प्रकार हम समाज में रहते हुए यह समझते हैं कि हमारा व्यवहार दूसरों को प्रभावित करता है, सड़क पर कचरा न फैलाना, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना, नियमों का पालन करना, उसी प्रकार का सिविक सेंस हमें अपनी नदियों और प्रकृति के प्रति भी विकसित करना होगा। यदि हम मानते हैं कि समाज के बीच हमारा आचरण मर्यादित और जिम्मेदार होना चाहिए तो प्रकृति के साथ हमारा व्यवहार भी उतना ही अनुशासित होना चाहिए। अपशिष्ट को उपचारित किए बिना जलधाराओं में न छोड़ना ये केवल पर्यावरणीय उपाय नहीं बल्कि नागरिक चरित्र के संकेत हैं। जिस दिन प्रत्येक नागरिक यह स्वीकार कर लेगा कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी भी सामाजिक आचरण का हिस्सा है, उसी दिन से नदियों के पुनर्जीवन की वास्तविक शुरुआत होगी। यमुना के प्रति यह जिम्मेदारी केवल पर्यावरणीय नहीं, सांस्कृतिक भी है। मथुरा और वृंदावन में इसके तट पर धार्मिक अनुष्ठान होते हैं, दिल्ली में छठ और अन्य पर्वों पर हजारों लोग इसके किनारे जुटते हैं। परंतु श्रद्धा यदि संवेदनशीलता में न बदले तो वह अधूरी रह जाती है। पूजा सामग्री का वैकल्पिक प्रबंधन, एकल-उपयोग प्लास्टिक से परहेज, सामूहिक सफाई अभियान ये छोटे कदम हैं, पर इनकी सामाजिक गूँज बड़ी होती है। इसी संदर्भ में जल सहेलियों द्वारा यमुना की अविरलता और निर्मलता के लिए निकाली जा रही यात्रा का महत्व सामने आ रहा है। जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहीं जल सहेलियाँ जब यमुना के तटवर्ती गाँवों और शहरों में कदम-दर-कदम चल रही हैं तो वह केवल प्रतीकात्मक यात्रा नहीं होती। वह संवाद का माध्यम बनती है। यह यात्रा न किसी के विरोध में है, न किसी पर आरोप लगाने के लिए; इसका उद्देश्य लोगों को उनकी अपनी नदी से पुनः जोड़ना है। इन दिनों जल सहेलियों द्वारा संचालित यह महिला-केन्द्रित यात्रा विश्व स्तर पर अपनी तरह की महत्वपूर्ण पहल है। सड़क पर उनका हर कदम यमुना की अविरलता और निर्मलता के प्रति उनके अटूट विश्वास और संकल्प को दर्शाता है।

जल सहेलियाँ वे महिलाएँ हैं जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में जल संरक्षण, तालाब पुनर्जीवन और सामुदायिक जागरूकता के कार्य किए हैं। जब वे यमुना के किनारे-किनारे चलकर लोगों से पूछती हैं क्या आपको याद है, यह नदी पहले कैसी थी? तो यह प्रश्न सीधा हृदय तक पहुँचता है। एक बुजुर्ग अपने बचपन की स्मृतियाँ साझा करता है, जब नदी का पानी पीने योग्य माना जाता था।

एक किसान बताता है कि अब सिंचाई के लिए वैकल्पिक स्रोत ढूँढ़ने पड़ते हैं। एक युवा स्वीकार करता है कि प्लास्टिक का प्रयोग कम करना उसके हाथ में है। इस पदयात्रा का सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि यह जिम्मेदारी को स्थानीय बनाती है। नदी कोई दूर की नीति नहीं, वह पास की वास्तविकता है। जब किसी गाँव में बैठक होती है और लोग तय करते हैं कि अब से नाले को बिना उपचार के नदी में नहीं गिरने देंगे, जब मंदिर समितियाँ पूजा सामग्री के संग्रह के लिए अलग पात्र रखती हैं, जब बाजार संघ प्लास्टिक कम करने का संकल्प लेते हैं तो यह परिवर्तन योजनाओं को जमीन देता है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी यही बताते हैं कि नदियों का पुनर्जीवन केवल सरकारी परियोजना से संभव नहीं। यूरोप में टेम्स और राइन जैसी नदियों की स्थिति में सुधार तब आया जब स्थानीय समुदायों, उद्योगों और प्रशासन ने मिलकर दीर्घकालिक संकल्प लिया। जल सहेलियों द्वारा बुंदेलखंड में किये जा रहे छोटी नदियों के पुनर्जीवन के कार्य आज गवाह हैं कि जब समाज स्वयं नदी का संरक्षक बनता है, तब परिवर्तन टिकाऊ होता है। यमुना के मामले में भी यही सूत्र लागू होता है। यदि यमुना बेसिन में नदी मित्र समूह सक्रिय हों, यदि स्कूलों में नदी-पाठ पढ़ाया जाए, यदि धार्मिक संस्थान पर्यावरण-सम्मत अनुष्ठानों को बढ़ावा दें, यदि औद्योगिक क्षेत्र पारदर्शिता से अपने अपशिष्ट प्रबंधन का विवरण साझा करें तो यह सामूहिक प्रयास नदी को राहत दे सकता है।

यहीं समुदाय की भूमिका निर्णायक हो जाती है। जब तक नदी के किनारे रहने वाला व्यक्ति यह न माने कि यमुना उसकी अपनी है, तब तक कोई भी योजना स्थायी परिणाम नहीं दे सकती। नदी का प्रदूषण केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, यह सामाजिक व्यवहार का प्रश्न भी है। हम अपने घर के आँगन को साफ रखते हैं, मोहल्ले की सड़क पर कचरा डालने से बचते हैं, पर वही कचरा जब नाले के माध्यम से नदी तक पहुँचता है, तो हमें उसका अहसास नहीं होता। नदी सार्वजनिक है और सार्वजनिक वस्तु के प्रति हमारी जिम्मेदारी अक्सर निजी वस्तु जितनी प्रबल नहीं होती। जिस प्रकार हम समाज में रहते हुए यह समझते हैं कि हमारा व्यवहार दूसरों को प्रभावित करता है, सड़क पर कचरा न फैलाना, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना, नियमों का पालन करना, उसी प्रकार का सिविक सेंस हमें अपनी नदियों और प्रकृति के प्रति भी विकसित करना होगा। यदि हम मानते हैं कि समाज के बीच हमारा आचरण मर्यादित और जिम्मेदार होना चाहिए तो प्रकृति के साथ हमारा व्यवहार भी उतना ही अनुशासित होना चाहिए। अपशिष्ट को उपचारित किए बिना जलधाराओं में न छोड़ना ये केवल पर्यावरणीय उपाय नहीं बल्कि नागरिक चरित्र के संकेत हैं। जिस दिन प्रत्येक नागरिक यह स्वीकार कर लेगा कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी भी सामाजिक आचरण का हिस्सा है, उसी दिन से नदियों के पुनर्जीवन की वास्तविक शुरुआत होगी। यमुना के प्रति यह जिम्मेदारी केवल पर्यावरणीय नहीं, सांस्कृतिक भी है। मथुरा और वृंदावन में इसके तट पर धार्मिक अनुष्ठान होते हैं, दिल्ली में छठ और अन्य पर्वों पर हजारों लोग इसके किनारे जुटते हैं। परंतु श्रद्धा यदि संवेदनशीलता में न बदले तो वह अधूरी रह जाती है। पूजा सामग्री का वैकल्पिक प्रबंधन, एकल-उपयोग प्लास्टिक से परहेज, सामूहिक सफाई अभियान ये छोटे कदम हैं, पर इनकी सामाजिक गूँज बड़ी होती है।इसी संदर्भ में जल सहेलियों द्वारा यमुना की अविरलता और निर्मलता के लिए निकाली जा रही यात्रा का महत्व सामने आ रहा है। जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहीं जल सहेलियाँ जब यमुना के तटवर्ती गाँवों और शहरों में कदम-दर-कदम चल रही हैं तो वह केवल प्रतीकात्मक यात्रा नहीं होती। वह संवाद का माध्यम बनती है। यह यात्रा न किसी के विरोध में है, न किसी पर आरोप लगाने के लिए; इसका उद्देश्य लोगों को उनकी अपनी नदी से पुनः जोड़ना है। इन दिनों जल सहेलियों द्वारा संचालित यह महिला-केन्द्रित यात्रा विश्व स्तर पर अपनी तरह की महत्वपूर्ण पहल है। सड़क पर उनका हर कदम यमुना की अविरलता और निर्मलता के प्रति उनके अटूट विश्वास और संकल्प को दर्शाता है। जल सहेलियाँ वे महिलाएँ हैं जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में जल संरक्षण, तालाब पुनर्जीवन और सामुदायिक जागरूकता के कार्य किए हैं। जब वे यमुना के किनारे-किनारे चलकर लोगों से पूछती हैं क्या आपको याद है, यह नदी पहले कैसी थी? तो यह प्रश्न सीधा हृदय तक पहुँचता है। एक बुजुर्ग अपने बचपन की स्मृतियाँ साझा करता है, जब नदी का पानी पीने योग्य माना जाता था। एक किसान बताता है कि अब सिंचाई के लिए वैकल्पिक स्रोत ढूँढ़ने पड़ते हैं। एक युवा स्वीकार करता है कि प्लास्टिक का प्रयोग कम करना उसके हाथ में है। इस पदयात्रा का सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि यह जिम्मेदारी को स्थानीय बनाती है। नदी कोई दूर की नीति नहीं, वह पास की वास्तविकता है। जब किसी गाँव में बैठक होती है और लोग तय करते हैं कि अब से नाले को बिना उपचार के नदी में नहीं गिरने देंगे, जब मंदिर समितियाँ पूजा सामग्री के संग्रह के लिए अलग पात्र रखती हैं, जब बाजार संघ प्लास्टिक कम करने का संकल्प लेते हैं तो यह परिवर्तन योजनाओं को जमीन देता है।अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी यही बताते हैं कि नदियों का पुनर्जीवन केवल सरकारी परियोजना से संभव नहीं। यूरोप में टेम्स और राइन जैसी नदियों की स्थिति में सुधार तब आया जब स्थानीय समुदायों, उद्योगों और प्रशासन ने मिलकर दीर्घकालिक संकल्प लिया। जल सहेलियों द्वारा बुंदेलखंड में किये जा रहे छोटी नदियों के पुनर्जीवन के कार्य आज गवाह हैं कि जब समाज स्वयं नदी का संरक्षक बनता है, तब परिवर्तन टिकाऊ होता है। यमुना के मामले में भी यही सूत्र लागू होता है। यदि यमुना बेसिन में नदी मित्र समूह सक्रिय हों, यदि स्कूलों में नदी-पाठ पढ़ाया जाए, यदि धार्मिक संस्थान पर्यावरण-सम्मत अनुष्ठानों को बढ़ावा दें, यदि औद्योगिक क्षेत्र पारदर्शिता से अपने अपशिष्ट प्रबंधन का विवरण साझा करें तो यह सामूहिक प्रयास नदी को राहत दे सकता है। अविरल का अर्थ केवल निरंतर बहाव नहीं बल्कि अवरोधों से मुक्त जीवन है। निर्मल का अर्थ केवल स्वच्छ जल नहीं बल्कि स्वच्छ मनोभाव भी है। पदयात्रा इन दोनों अर्थों को जोड़ती है। यह लोगों को बताती है कि नदी को साफ रखना किसी एक विभाग का काम नहीं, यह सामाजिक अनुशासन का विषय है। जिस प्रकार हम यातायात नियमों का पालन करते हैं क्योंकि वह सामूहिक सुरक्षा से जुड़ा है, उसी प्रकार नदी के प्रति आचरण भी सामूहिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। यमुना का प्रश्न केवल पर्यावरण का नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी है। प्रदूषित जल से उत्पन्न रोग, भूजल पर दबाव, जैव-विविधता का क्षरण—ये सभी सीधे समाज को प्रभावित करते हैं। यदि नदी में घुली ऑक्सीजन का स्तर घटता है, तो मछलियाँ मरती हैं; यदि जल में रासायनिक तत्व बढ़ते हैं, तो वह कृषि और पेयजल दोनों को प्रभावित करते हैं।

# एआई का नया युग और भारत की मानव केंद्रित दृष्टि

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

नई तकनीकी क्रांति के इस दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैश्विक शक्ति संतुलन, आर्थिक निवेश और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाला परिवर्तनकारी उपकरण बन चुका है। देश की राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित ल्लइंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026ङ्क ने यह संकेत स्पष्ट कर दिया कि भारत इस परिवर्तन के केंद्र में स्वयं को स्थापित कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार यह आयोजन ल्लभव्य रूप से सफलङ्क रहा और देश को एआई क्षेत्र में 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह आंकड़ा आज सिर्फ आर्थिक भरोसे का संकेत नहीं है, यह तो वैश्विक मंच पर भारत की नीति-दृष्टि की स्वीकृति को रेखांकित करता है।

मानव-केंद्रित एआई : भारत की विशिष्ट पहचान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत ल्लमानव एआईङ्क की परिकल्पना इंसानों का, इंसानों द्वारा और इंसानों के लिए एआई को व्यापक वैश्विक समर्थन मिला। इस दृष्टि का सार यह है कि एआई का विकास केवल व्यावसायिक लाभ या तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक कल्याण, नैतिक मानकों और समावेशी विकास को प्राथमिकता दे। समिट में 70 से अधिक देशों ने अंतिम घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जोकि पिछले सम्मेलन से अधिक संख्या है। वस्?तुतः यह तथ्य दर्शाता है कि जिम्मेदार और नैतिक एआई पर भारत की पहल को बहुपक्षीय समर्थन प्राप्त हुआ है।

निवेश का अभूतपूर्व प्रवाहः विश्वास का आर्थिक रूप

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अवसंरचना से जुड़े निवेश प्रस्ताव 250 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुके हैं, जबकि डीप-टेक और वेंचर कैपिटल निवेश प्रतिबद्धताएं लगभग 20 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। इन प्रतिबद्धताओं का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि एआई अवसंरचना में उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर निर्माण और साइबर सुरक्षा जैसे घटक शामिल होते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मानव एआई की परिकल्पना इंसानों का, इंसानों द्वारा और इंसानों के लिए एआई को व्यापक वैश्विक समर्थन मिला। इस दृष्टि का सार यह है कि एआई का विकास केवल व्यावसायिक लाभ या तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक कल्याण, नैतिक मानकों और समावेशी विकास को प्राथमिकता दे। समिट में 70 से अधिक देशों ने अंतिम घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जोकि पिछले सम्मेलन से अधिक संख्या है। वस्?तुतः यह तथ्य दर्शाता है कि जिम्मेदार और नैतिक एआई पर भारत की पहल को बहुपक्षीय समर्थन प्राप्त हुआ है। निवेश का अभूतपूर्व प्रवाहः विश्वास का आर्थिक रूप अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अवसंरचना से जुड़े निवेश प्रस्ताव 250 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुके हैं, जबकि डीप-टेक और वेंचर कैपिटल निवेश प्रतिबद्धताएं लगभग 20 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। इन प्रतिबद्धताओं का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि एआई अवसंरचना में उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर निर्माण और साइबर सुरक्षा जैसे घटक शामिल होते हैं। यह निवेश संकेत देता है कि भारत केवल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि एआई समाधान विकसित करने वाला वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद भारतीय इंजीनियरों और शोधकर्ताओं द्वारा विकसित उच्च गुणवत्ता वाले मॉडल उद्योग जगत के लिए आश्चर्य का विषय बने हैं। रिकॉर्ड भागीदारी और वैश्विक उपस्थिति समिट में 5 लाख से अधिक आगंतुकों ने भाग लिया। विश्व के लगभग सभी प्रमुख एआई प्रतिष्ठानों, उद्योग दिग्गजों और स्टार्टअप्स की भागीदारी ने इसे वैश्विक मंच का रूप दिया। प्रदर्शनी में नई तकनीकों, नवाचारों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन हुआ। मंत्रिस्तरीय संवाद, लीडर्स प्लेनरी और उद्घाटन सत्रों में चर्चाओं की गुणवत्ता को असाधारण बताया गया।

यह निवेश संकेत देता है कि भारत केवल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि एआई समाधान विकसित करने वाला वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद भारतीय इंजीनियरों और शोधकर्ताओं द्वारा विकसित उच्च गुणवत्ता वाले मॉडल उद्योग जगत के लिए आश्चर्य का विषय बने हैं।

रिकॉर्ड भागीदारी और वैश्विक उपस्थिति

समिट में 5 लाख से अधिक आगंतुकों ने भाग लिया। विश्व के लगभग सभी प्रमुख एआई प्रतिष्ठानों, उद्योग दिग्गजों और स्टार्टअप्स की भागीदारी ने इसे वैश्विक मंच का रूप दिया। प्रदर्शनी में नई तकनीकों, नवाचारों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन हुआ। मंत्रिस्तरीय संवाद, लीडर्स प्लेनरी और उद्घाटन सत्रों में चर्चाओं की गुणवत्ता को असाधारण बताया गया।

ढाई लाख विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ एक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना, जो यह दर्शाता है कि भारत एआई को युवा शक्ति से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह भागीदारी भविष्य की कौशल संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

एआई स्टैक और सॉवरेन मॉडलः रणनीतिक आत्मनिर्भरता

भारत ने एआई स्टैक की पांच परतों के निर्माण की नीति अपनाई है, जिसमें डेटा, प्लेटफॉर्म, मॉडल, एप्लिकेशन और गवर्नेंस शामिल हैं। ल्लसॉवरेन बुकेङ्क मॉडल की अवधारणा का उद्देश्य देश के लिए स्वदेशी एआई क्षमताओं का विकास करना है, जिससे रणनीतिक निर्भरता कम हो सके।

एआई सुरक्षा के लिए 12 संस्थानों का नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मानकों, शोध और परीक्षण पर कार्य कर रहा है। सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुदृढ़ करने के लिए ल्लपैक्स सिलिकाङ्क समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल चिप निर्माण और संपूर्ण सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

एआई का व्यावहारिक उपयोगः भारत की बढ़त

अमेरिकी कंपनी ओपनएआई के अनुसार तकनीकी कार्यों के लिए चैटजीपीटी के उपयोग में भारत वैश्विक औसत से काफी आगे है। भारत में डेटा विश्लेषण का उपयोग वैश्विक औसत से लगभग चार गुना अधिक है, जबकि कोडिंग के लिए कोडेक्स का उपयोग करीब तीन गुना ज्यादा है। भारतीय उपयोगकर्ता कोडिंग से जुड़े प्रश्न वैश्विक औसत की तुलना में तीन गुना अधिक पूछते हैं और शिक्षा से संबंधित प्रश्न लगभग दोगुने हैं।

साप्ताहिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जिससे भारत अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा बाजार बन गया है। कार्य से संबंधित उपयोग 35 प्रतिशत तक है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। इससे स्पष्ट है कि एआई को कार्यालयों में ड्राफ्टिंग, एडिटिंग, तकनीकी सहायता और डिबगिंग के लिए प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया जा रहा है।

युवा शक्ति और जनसांख्यिकीय लाभ

18 से 24 वर्ष आयु वर्ग कुल संदेशों का लगभग आधा हिस्सा भेजता है, जबकि 18 से 34 वर्ष वर्ग 80 प्रतिशत उपभोक्ता संदेशों के लिए जिम्मेदार है। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति बताती है कि भारत की युवा आबादी तकनीकी परिवर्तन को तेजी से अपना रही है। भौगोलिक दृष्टि से तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे तकनीकी केंद्र कोडिंग क्षमताओं के उपयोग में अग्रणी हैं। यह क्षेत्रीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है।

वैश्विक सहयोगः ग्लोबल साउथ की आवाज

# प्रदेश और देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हो रहा है : अजय

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हो रहा है और सरकार विरोध की आवाज को दबाने का काम कर रही है। प्रेस वार्ता में अजय राय ने कहा कि हम सबके पूजनीय शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। यह न केवल एक संत का अपमान है बल्कि पूरे सनातन धर्म और देशवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार राजनीतिक द्वेष के तहत यह कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ शंकराचार्य के समर्थन में खड़ी है और उनके खिलाफ हो रही कार्रवाई का विरोध करेगी। राय ने रमजान के पवित्र महीने में रोजेदारों के साथ हो रही कथित मारपीट की घटनाओं को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बदायूं में मुस्लिम भाइयों को थप्पड़ों से पीटा गया, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और अल्पसंख्यक समुदाय खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित जापान दौरे पर सवाल उठाते हुए अजय राय ने कहा कि इससे पहले भी प्रदेश के मंत्री सुरेश खन्ना विदेश दौरे पर गए थे, लेकिन प्रदेश में कोई बड़ा उद्योग या कारखाना स्थापित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि विदेश यात्राएं केवल दिखावा साबित हो रही हैं और जमीनी स्तर पर निवेश नहीं आ रहा है। एआई समिट को लेकर भी अजय राय ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चीन का रोबोट डॉग लाकर उसे भारत का बताने की कोशिश की गई, जिसकी पोल यूथ कांग्रेस ने खोल दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि प्रभावित होती है। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल प्रचार में लगी है, जबकि आम जनता परेशान है। प्रेस वार्ता में पार्टी के कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा की नीतियों से ऊब चुकी है जनता - अजय



- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का नगर आगमन पर कार्यकताओं ने अंबेडकर चौक पर भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष राय ने अंबेडकर प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शाहजहांपुर से बदायूं जा रहे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय यहां बिरियागंज स्थित अंबेडकर चैक पर पहुंचे। जहां उनकी प्रतीक्षा में तत्पर कार्यकताओं ने गर्मजोशी से उनका माल्यार्पण कर भव्यता पूर्ण स्वागत किया। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से अब जनता उबने लगी है। ऐसी स्थिति में 2027 में उनका जान तय है। इस लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों का मनोयोग से जुटकर प्रचार प्रसार करें। तदोपरांत प्रदेश अध्यक्ष गंतव्य को समर्थकों के साथ रवाना हो गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता , राम जी अवस्थी , विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद दानिश शेख , डॉ जाने आलम , चांद अंसारी , वसीम मंसूरी , रहमान , जितेंद्र कुमार , अब्दुल करीम समेत तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

## हुड़दंग जबरन रंग डालने या शराब पीकर उपद्रव करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

- होली को लेकर कोतवाली में पीस मीटिंग, बड़े लाट साहब के जुलूस मार्ग का निरीक्षण



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए शनिवार को थाना कोतवाली में उच्च स्तरीय पीस मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश पुलिस के तत्वावधान में प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मीटिंग में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, जिलाधिकारी, पुलिस उप महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। साथ ही शांति समिति के सदस्य, व्यापार मंडल प्रतिनिधि, धर्मगुरु और नगर के गणमान्य लोगों ने भी भाग लेकर अपने सुझाव दिए। बैठक में होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और लगातार गश्त बढ़ाने पर जोर दिया गया।

सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डायल-112 सेवा को पूरी तरह सक्रिय रखने और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए डायवर्जन प्लान लागू करने की बात कही गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, जबरन रंग डालने या शराब पीकर उपद्रव करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जुलूस मार्गों पर प्रकाश, सफाई, पेयजल और चिकित्सा व्यवस्था समय से पूरी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने बड़े लाट साहब के पारंपरिक जुलूस मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। प्रशासन और पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि होली आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## व्यापारियों ने कोतवाल पर लगाया अभद्रता का आरोप

### सीओ ने कोतवाल से वार्ता करवाकर मामला कराया शांत

- लामबंद व्यापारी सीओ कार्यालय पहुंचे,जताया रोष
- बाजार बंदी न कराए जाने की अपील की



जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर-शाहजहांपुर।** व्यापारियों ने कोतवाल पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सीओ कार्यालय पहुंचकर नाराजगी व्यक्त की। तथा पुनरावृत्ति होने पर बाजार बंद कराने की सख्त लहजे में चेतावनी दी।

वहीं सीओ ने कोतवाल को तलब कर व्यापारियों से वार्ता करवाकर मामला शांत कराया। शुक्रवार सुबह करीब सवा नौ बजे कोतवाल जुगल किशोर पाल ने पहले पुराने बस अड्डे के समीप एक दुकानदार को अतिक्रमण करने पर फटकार लगाई। इसके बाद वह बाजार पहुंचे। यहां व्यापार मंडल मिश्रा गुट के नगराध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू से कोतवाल की नोक झोंक हो गई। इसके बाद सुरेंद्र राठौर की दुकान पर रुककर कोतवाल ने दुकान से बाहर सामान न रखने को लेकर सख्त हिदायत दी। इसी से नाराज व्यापारी लामबंद हो हितेश गुप्ता व कंछल गुट व्यापार मंडल नगराध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि के नेतृत्व में सीओ कार्यालय पहुंचे और कोतवाल के रवैए पर रोष जताते हुए बाजार बंद कराए जाने की चेतावनी दी। सीओ ज्योति यादव ने व्यापारिय नेताओं की भावना को समझते हुए उन्हें समझाया कि व्यापारियों के साथ कोई नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कोतवाल जुगुल किशोर पाल को अपने कार्यालय में तलब कर व्यापारियों से वार्ता करवाकर मामला शांत करवाया। व्यापारी नेताओं ने पुनरावृत्ति होने पर आंदोलनात्मक कदम उठाए जाने की चेतावनी दी।

इस मौके पर मिश्रा गुट के नगर अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू,कंछल गुट के नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि,व्यापार मंडल महामंत्री चांद अंसारी,व्यापार मंडल महामंत्री जहिर अली,व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष प्रियंक गुप्ता,शशांक गुप्ता सिराज अली , रोहित गुप्ता उर्फ मुन्ना , श्याम अग्रवाल , उपेंद्र अग्रवाल सुरेन्द राठौर , मंसूर अली , शिवम गुप्ता , अविरल गुप्ता , विनय गुप्ता समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

## एक भी पात्र मतदाता का नाम ना छूटेः डीएम



**शाहजहांपुर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विधानसभा क्षेत्र 135-शाहजहांपुर के कई बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ संख्या 274 से 276 (कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी) और देवी प्रसाद इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 267 से 270 का जायजा लिया तथा फार्म-6 के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त की गईं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बीएलओ सुपरवाइजर्स ने भी बूथों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। विशेष अभियान के तहत जनपद में चैथा अभियान दिवस आयोजित किया गया। सभी मतदान केंद्रों पर हेल्प डेस्क लगाई गई, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता दी गई। 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं से फार्म-6 भरवाए गए। आवेदन ऑनलाइन भी मोबाइल एप और पोर्टल के माध्यम से किए जा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम या विवरण में त्रुटि सुधार के लिए फार्म-8 भरने की व्यवस्था भी है। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार व तहसीलदार सदर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आज मनाई जाएगी गाडगे महाराज जयंती

**शाहजहांपुर।** स्वच्छ भारत के प्रेरणास्रोत और मानवता के उपासक संत गाडगे महाराज की जयंती 23 फरवरी को मनाई जाएगी। कार्यक्रम सुबह 11 बजे समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित होगा। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने दी। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकताओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## आज गाडगे भवन में मनाई जाएगी संत गाडगे की 150वीं जयंती

**शाहजहांपुर।** धोबी समाज की प्रतिनिधि संस्था संत गाडगे जन कल्याण समिति के तत्वावधान में संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती 23 फरवरी को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम नगर के लोदीपुर क्षेत्र स्थित गाडगे भवन में अपराह्न 2 बजे आयोजित होगा। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. दोदराम वर्मा ने गाडगे बाबा के सभी अनुयायियों और समाज के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सहभागिता करने की अपील की है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में संत गाडगे बाबा के जीवन, विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा।

## कमलेश द्विवेदी के काव्य संग्रह अन्तस् सौरभ का विमोचन

**शाहजहांपुर।** शहर के सरस्वती शिशु मंदिर, में कवि कमलेश द्विवेदी के काव्य संग्रह अन्तस् सौरभ का भव्य विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, कवियों और गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श इंटर कॉलेज निगोही के प्रबंधक श्रीराम वर्मा ने की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. दिनेश रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार एवं समीक्षक नागेश पाण्डेय संजय तथा अलीगढ़ से आए अंतरराष्ट्रीय चित्रकार एवं शायर प्रो. एस. ए. जाफर मौजूद रहे। काव्य संग्रह की समीक्षा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री और शशिकांत मिश्रा ने की। उन्होंने कमलेश द्विवेदी के व्यक्तित्व और उनकी काव्य शैली पर प्रकाश डालते हुए उनके लेखन को समाज का आईना बताया।

## नीम करौली बाबा के दर्शन को निकले युवक की लाश बाराबंकी में मिली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहाँपुर।** नए साल की शुरूआत भगवान के दर्शन से करने निकले शाहजहाँपुर के एक युवक की तलाश आखिरकार उसकी मौत की खबर पर जाकर खत्म हुई। युवक 31 दिसंबर 2025 को नीम करौली बाबा धाम के दर्शन के लिए घर से निकला था, लेकिन 2 जनवरी को लौटते समय वह लापता हो गया। महीनों की तलाश के बाद परिजनों को बाराबंकी में उसका शव मिलने की जानकारी हुई। परिजनों के अनुसार युवक दर्शन कर काठगोदाम से वापस लौट रहा था। घर नहीं पहुंचने पर परिवार ने काठगोदाम जीआरपी में गुमशुदगी दर्ज कराई। सीसीटीवी फुटेज में युवक दो बैग लेकर ट्रेन में चढ़ता दिखाई दिया। हल्द्वानी और रामपुर स्टेशन की फुटेज में वह ट्रेन के दरवाजे की सीढ़ियों पर बैठा नजर आया, जिससे अनहोनी की आशंका जताई गई। परिवार ने रामपुर से लखनऊ तक कई स्टेशनों पर पोस्टर लगाए और सीसीटीवी खंगाले, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी दौरान सर्विलांस से मोबाइल रुद्रपुर में एक्टिव मिला। जानकारी हुई कि युवक शराब के नशे में मोबाइल का लॉक खुलवाने एक दुकान पर गया था। इसके बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। आखिरकार बाराबंकी स्टेशन पर जानकारी मिली कि 3 जनवरी को एक अज्ञात शव मिला था। जब परिजनों को शव का वीडियो दिखाया गया तो उन्होंने युवक की पहचान कर ली। यह देखकर परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सबसे चैंकाने वाली बात यह रही कि मृतक की जेब से शाहजहाँपुर से काठगोदाम तक का रेलवे टिकट मिला था।

इसके बावजूद संबंधित जीआरपी ने न तो शाहजहाँपुर पुलिस को सूचना दी और न ही परिजनों को। अब परिवार ने जीआरपी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## खाद्य विभाग की छापेमारी, 6 कुंतल खराब कचरी-पापड़ नष्ट, 3 नमूने जांच को भेजे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जनपद में मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। कार्रवाई सहायक आयुक्त (खाद्य) चंद्रशेखर मिश्रा के निर्देशन और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वागीश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई। टीम ने 20 फरवरी को जैन मार्केट में छापा मारकर लगभग 4 कुंतल खराब कचरी और पापड़ नष्ट कराए। इसके बाद 21 फरवरी को तहसील पुवायां क्षेत्र के टिकुनिया चैराहा के पास स्थित दुकानों से कार्रवाई करते हुए गाजी डेयरी से मिश्रित दूध, अमित किराना स्टोर से बेसन और शिवम किराना स्टोर से रंगीन कचरी के कुल 3 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही करीब 2 कुंतल रंगीन कचरी सीज की गई। खाद्य विभाग की टीम में कई अधिकारी मौजूद रहे। विभाग ने साफ किया है कि होली पर्व तक मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रामचंद्र मिशन आश्रम में ध्यान, दर्शन और दिव्यता का संगम

### सतना के सांसद गणेश सिंह और ब्रिटेन के सांसद लार्ड क्रिस लेवन ने की सहभागिता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल ह्यदाजीह्न के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव के तीसरे चरण के तीसरे दिन का शुभारंभ प्रातःकाल सामूहिक ध्यान साधना से हुआ।

देश विदेश से आये हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना से आलोकित वातावरण रहा। इस मौके पर सतना मध्य प्रदेश के सांसद गणेश सिंह व ब्रिटेन की पार्लियामेंट के सांसद लार्ड क्रिस लेवन विशेष रुप से मौजूद रहे। इस मौके पर दाजी ने अपने संदेश में कहा कि ध्यान मन की अंतः यात्रा है और ईश्वर से जुड़ने का सहज मार्ग हैं। ध्यान से जो मौन मार्गदर्शन मिलता है, वह प्रेम और उद्देश्य के साथ जीवन को आगे बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों को करते हुए भी ईश्वर के प्रति समर्पण और स्मरण बनाए रखें। यह निरंतर स्मरण ही हमें सांसारिक प्रभावों (संस्कारों) से सुरक्षा प्रदान करता है। बसंत उत्सव के अंतर्गत आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण रहा। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, सर्वेश चंद्रा, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, राजीव सपरा,श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, हर्षवर्धन अग्रवाल, ममता सिंह, संजय मिश्रा, राज गोपाल अग्रवाल, कृष्णा भारद्वाज,शुभम सक्सेना, उमेश श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, पूनम जायसवाल राकेश सक्सेना,डा. प्रसन्न कुमार, के एम त्रिपाठी,डा. अनुभव सक्सेना, कृष्णा भारद्वाज सहित अनेक साधकों का योगदान रहा।

## *प्रेम, आशीर्वाद और साधना के संगम के बीच विवाह बंधन में बंधे तीन युगल*

***शाहजहांपुर।*** *प्रेम, आशीर्वाद और अध्यात्म के संगम के बीच परिणय सूत्र बंधन का साक्षी बना राम चन्द्र मिशन आश्रम, जहाँ बसंत उत्सव में तीन विवाह पवित्र रीति से संपन्न हुए। श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल (दाजी) ने अपने सान्निध्य और आशीर्वाद के साथ इन विवाह को संपन्न कराया। पहला विवाह दिल्ली के जतिन के साथ सतना की आख्या ने एक-दूसरे को वरमाला अर्पित कर प्रेम और विश्वास के सूत्र में बंधने की प्रतिज्ञा ली। दूसरा विवाह गोंडा उत्तर प्रदेश की ममता के बस्ती के वेदप्रकाश के साथ हुआ।नवदम्पति ने पूज्य दाजी से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने वैवाहिक जीवन की शुभ शुरूआत की। तीसरे विवाह में कान्हा हैदराबाद के चित्रांश और सुशहाली ने वैदिक परंपराओं के साथ सात्विक भाव से परिणय सूत्र में बंधकर दाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।तीनों नवदम्पतियों को पूज्य दाजी ने प्रसाद प्रदान कर मंगल कामनाएँ दीं और उनके दांपत्य जीवन को प्रेम, संयम तथा सेवा के पथ पर अग्रसर होने का संदेश दिया। इस प्रकार बसंत उत्सव का यह दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि संस्कारों, संवेदनाओं और साधना के साथ वैवाहिक जीवन की प्रेरक मिसाल बन गया।*

जागरण मोर्चा
www. jagranmorchadaily@ gmail.com



# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर भाजपा की समीक्षा बैठक आयोजित

## नए मतदाताओं के पंजीकरण पर दिया गया जोर, कार्यकताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष आकाश पाल की अध्यक्षता में नगर मंडल ठाकुरद्वारा की बैठक ब्लॉक सभागार में हुई। बैठक में मतदाता गहन परीक्षण अभियान की विस्तृत समीक्षा करते हुए संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने पर बल देते हुए कहा कि पार्टी द्वारा नियुक्त बूथ प्रवासी अपने-अपने बूथों की नियमित समीक्षा करें तथा प्रारूप-6 भरवाकर नए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में अब क 13,722 नए मतदाताओं के लिए


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

आवेदन किए जा चुके हैं, जिन्हें शीघ्र सत्यापन कर ऑनलाइन दर्ज कराने की आवश्यकता है।उन्होंने कार्यकताओं से बूथ लेवल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर नए मतदाताओं की जांच प्रक्रिया तेज करने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल हो सकें। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष और बूथ प्रवासी को प्रकाशित नई मतदाता सूची का अध्ययन कर पात्र लोगों के नाम जुड़वाने की जिम्मेदारी दी गई।जिलाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि 28 फरवरी तक प्रारूप-6 भरवाने का विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को दो-दो बूथों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।सभी को इसे मिशन मोड़ में पूरा करना होगा।बैठक में संगठन की सक्रियता बढ़ाने, मतदाता जागरूकता और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर आचार्य नरेंद्र पाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, ठाकुर अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति डॉ. वीर सिंह सैनी, जिला महामंत्री अमित चौहान, राजन बिश्नोई, हरज्ञान सिंह, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, शिवेंद्र गुप्ता, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, डॉ. नरदेव सिंह, डॉ. ओमपाल सैनी, मनोज कुमार चौहान, पवन पुष्पद, ओम कुमार एडवोकेट, संजीव कुमार चौहान, नागेंद्र लांबा, सुधीर नायक, प्रदीप कुमार पाल, धर्मेंद्र सिंह, हेमेन्द्र प्रताप सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति ने किया। बैठक में संगठन विस्तार के साथ-साथ शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्यकताओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया।

# नूरपुर अरब में मनरेगा घोटाले का खुलासा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम नूरपुर अरब निवासी प्रमोद द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में लगाए आरोपों को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कराई गई। शिकायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत भारी अनियमितताओं की बात कही गई थी। उपायुक्त (श्रम रोजगार) द्वारा की गई जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायत नूरपुर अरब के ग्राम रोजगार सेवक शहबाज ने अपने परिवारजनों के डुप्लीकेट जॉब कार्ड जारी किए, बिना कार्य कराए फर्जी मस्टररोल भरे, एक बिरादरी के व्यक्तियों के नाम दूसरी बिरादरी के जॉब कार्डों में जोड़कर कूटरचना की। काल्पनिक व्यक्तियों के नाम पर जॉब कार्ड बनाकर भुगतान दशार्या, तथा आंगनबाड़ी सहायिका के नाम से भी फर्जी मस्टररोल तैयार कर धनराशि का भुगतान कराया। जांच में 4,67,436 रुपये की सरकारी धनराशि के दुर्विनियोग/व्यपहरण की पुष्टि हुई। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी, विकास खंड कोतवाली को निर्देश दिए हैं कि आरोपित ग्राम रोजगार सेवक के विरुद्ध फर्जी जॉब कार्ड बनाने, अभिलेखों में कूटरचना, काल्पनिक नाम जोड़ने और सरकारी धन के गबन से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित कराने का आदेश दिया। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया गया है कि नियमानुसार ग्राम पंचायत की कार्यवाही कराकर आरोपी ग्राम रोजगार सेवक की संविदा समाप्त कराई जाए। जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायत की बैठक शीघ्र आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी को संबंधित आंगनबाड़ी सहायिका के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई तथा धनराशि की वसूली सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि यह प्रकरण गंभीर वित्तीय अनियमितता और पद के दुरुपयोग से संबंधित है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी तत्काल प्रभाव से नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# सीएमएस को निरीक्षण में मिला खामियों का अंबार

- मरीजों को नहीं दिए जा रहे तकिया, कंबल, खुली पोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निरीक्षण में खामियों का अंबार मिला। वार्डों में भर्ती मरीजों के पास न तो बेड, कंबल और तकिया नहीं मिला। यह देख सीएमएस ने काफी नाराजगी जताई है साथ ही मेट्रन को निर्देशित किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को तकिया, कंबल दिए जाए।

रविवार को जिला अस्पताल का सीएमएस ने राउंड किया। निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों ने सीएमएस को बताया कि कंबल, तकिया नहीं दिए जा रहे हैं। यह सुनकर उन्होंने काफी नाराजगी जताई। इस पर उन्होंने मेट्रन को निर्देशित किया कि मरीजों को सुबह का नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन निर्धारित मेन्यू अनुसार समय पर मरीजों तक पहुंचे। उन्होंने चेतावनी दी कि निदेर्शों का पालन सख्ती से पालन नहीं किया गया तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वह स्वयं समय-समय पर निरीक्षण करते रहेंगे। ताकि अस्पताल में मरीजों को बेहतर और व्यवस्थित इलाज मिल सके और किसी को कोई परेशानी न हो। इसके अलावा उन्होंने वार्ड में तैनात स्टाफ कर्मियों से कहा कि अस्पताल में मुफ्त दवाइयां उपलब्ध है। ब्लड प्रेशर, जांच, एक्स रे और सीटी स्कैन सभी चिकित्सा सुविधाएं मरीजों को सही और समय पर मिले।

# शिव मंदिर से पीतल का घंटा चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर।** सैदनगली थाना क्षेत्र के मे स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पीतल का घंटा चोरी की घटना से ग्रामीणों में रोष है। शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव झुडी माफी में एक युवक ने मंदिर से पीतल का भारी घंटा चोरी कर लिया। ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी की पहचान कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी नेमपाल पुत्र मवासी के रूप में हुई है।आरोप है कि नेमपाल ने घंटा चोरी करने के बाद उसे नगर के एक कबाड़ी को बेच दिया। रविवार को ग्राम प्रधान व राजेंद्र सिंह, राजपाल, प्रतिमा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सैदनगली थाने पहुंचकर तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक स्थल पर हुई इस घटना से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी। जब इस बारे में थानाध्यक्ष विकास से बात की तो उन्होंने बताया घंटा चोरी के मामले में आरोपी को पकड़ लिया गया है।

# विशेष अभियान के तहत मतदान केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण

- मतदाता सूची अद्यतन कार्य की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष अभियान के तहत उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूथ संख्या 213 से 218 स्थित नेहरू इंटर कन्या कॉलेज, बूथ संख्या 339 से 340 स्थित मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय संविलियन बेनजीरपुरा तथा बूथ संख्या 260 से 267 स्थित राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज का भ्रमण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची के अद्यतन कार्य, बीएलओ की उपस्थिति, आवश्यक प्रपत्रों की उपलब्धता तथा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।विशेष अभियान के दौरान अधिक से


मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते एडीएम

अधिक मतदाताओं को जागरूक कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन संबंधी कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी व्यवस्थाएं आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए।

# गायत्री शक्ति पीठ में पंचकुंडीय यज्ञ, श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** रमनावाला मार्ग स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ पर रविवार को पंचकुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि, शांति और लोकमंगल की कामना की।

यज्ञ का संचालन शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे परिव्राजक विकास कुमार ने वैदिक विधि-विधान के साथ कराया। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और यज्ञीय परंपराओं के बीच श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा से भाग लेते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। हवन कुंडों से उठती सुगंधित धूप-धुएं और वेद मंत्रों की गूंज से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा।पूणार्हुति के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने समाज से कुरीतियों को दूर


गायत्री विद्यापीठ पर पंच कुंडीय यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु

करने, नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा सद्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान भक्ति, अनुशासन और सेवा भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला।यज्ञ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। सेवा कार्य में कार्यकताओं और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस अवसर पर अजीत कुमार शेखावत, राजेंद्र सिंह, ओमवीर सिंह चौहान, राजपाल सिंह, निपेन्द्र सिंह, विजयपाल सिंह, तेजपाल, केशो देवी, गीता देवी, सीमा देवी, रश्मि देवी, दीक्षा, शिवानी, पंकज देवी और वीना देवी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्योहारा क्षेत्र के विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण

**स्योहारा।** ब्लॉक बुढ़नपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से शैक्षिक भ्रमण पर रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को अध्ययन को केवल पुस्तकीय न रखकर व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने पर बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हैं तथा उन्हें कृषि और उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली समझने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र नगीना तथा धामपुर शुगर मिल का भ्रमण कराया।कृषि विज्ञान केंद्र में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को गेहूं, गन्ना और धान की आधुनिक खेती, उन्नत बीज, मृदा प्रबंधन तथा वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी।

# सपा के राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने यूपी सरकार के बजट को जनविरोधी व दिशाहीन बताया

- पूर्व मंत्री आबिद रजा ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री आबिद रजा ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

बजट को जनविरोधी और दिशाहीन बताते हुए कहा कि इसमें आम जनता, किसानों, युवाओं और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की गई है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने बड़े-बड़े आंकड़ों के जरिए वास्तविक समस्याओं से ध्यान हटाने की कोशिश की है। कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की आय जैसे गंभीर मुद्दों पर बजट में कोई ठोस प्रावधान नजर नहीं आता। उन्होंने आरोप लगाया कि



सरकार ने विकास के दावों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं की है। उनके अनुसार बजट में घोषणाएं अधिक हैं, लेकिन जमीनी हकीकत से उसका तालमेल कम है।

पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था और रोजगार सृजन को लेकर सरकार के दावे वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाते। उन्होंने मांग की कि सरकार स्पष्ट करे कि युवाओं को रोजगार देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में कौन-सी ठोस योजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बजट पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी दोनों है।

# ग्राम समाज की भूमि पर खड़े पेड़ काटकर ले गए लकड़ी माफिया, राजस्व को नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रेहड़।** अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचंद में ग्राम समाज की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों को लकड़ी माफिया दिनदहाड़े काट कर ले गए । कुछ ग्रामीणों ने लकड़ी माफियाओं द्वारा पेड़ काटे जाने की वीडियो बना ली है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचंद में खसरा संख्या 21 में जोहड़ी की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के सरकारी पेड़ों को कुछ दबंग लकड़ी माफियाओं ने रविवार सुबह काट लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध कटान से सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने इस मामले में राजस्व विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं और जांच की मांग की है।इस संबंध में तहसीलदार धामपुर धनराज पटेल ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिसौली ब्लॉक में विकास के नाम पर खुली डकैती! वाटर कूलर में दोगुना खेल, 15 दिन में ध्वस्त सड़क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विकास खंड बिसौली में विकास कार्यों की आड़ में सरकारी धन की खुलेआम बंदरबांट का आरोप लगा है। क्षेत्र पंचायत द्वारा लगाए गए एक साधारण वाटर कूलर पर 2,35,950 रुपये खर्च दिखाया गया है, जबकि बाजार में समरसेविल सहित इसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है।

सीधा सवाल– क्या बिसौली में मशीनें सोने की लग रही हैं या फिर कागजों में ही रकम फुलाई जा रही है?

## कागजों में चमक, जमीन पर फेल

ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में विकास की मोटी रकम पास कराई जाती है, लेकिन जमीन पर गुणवत्ता शून्य है। ग्राम हत्सा में 15 दिन पहले डाली गई सीसी सड़क अब दरकने लगी है।लोगों का कहना है कि निर्माण में मानकों को ताक पर रखकर कमीशनखोरी का खेल खेला गया।

शिकायत आएगी तब जांच होगी- जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना?

## ब्लॉक प्रमुख पर भी उठी उंगली

क्षेत्र पंचायत के कार्यों की जिम्मेदारी ब्लॉक प्रमुख पर भी होती है। ऐसे में अगर लाखों के कार्यों में गड़बड़ी हुई है तो जवाबदेही तय क्यों नहीं?

क्या यह पूरा खेल मिलीभगत से चल रहा है या फिर निगरानी तंत्र पूरी तरह फेल हो चुका है?

## जिला प्रशासन कब लेगा संज्ञान

पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, खर्च का तकनीकी ऑडिट और भुगतान की फाइलों की पड़ताल कराई जाए।

लोगों का कहना है कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो बिसौली में बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो सकता है।सरकारी धन जनता की गाढ़ी कमाई है। यदि विकास के नाम पर लूट हो रही है, तो जिम्मेदारों को जवाब देना ही होगा।

जब खंड विकास अधिकारी (वीडीओ) राकेश निराला से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा– लिखित शिकायत आएगी तो जांच करेंगे।

अब जनता पूछ रही है क्या अधिकारी सिर्फ शिकायत का इंतजार करेंगे?क्या उन्हें खुद मौके पर जाकर गुणवत्ता की जांच नहीं करनी चाहिए।

# बिजनौर में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन में रविवार को जनपद बिजनौर में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन आरजेपी इंटर कॉलेज परिसर में किया गया।

शिविर का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर की देखरेख में हुआ।विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी मेगा शिविर में जनपद के अनेक सरकारी विभागों–पुलिस विभाग, नगर पालिका



परिषद, तहसील प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खाद्य एवं रसद, परिवहन, स्वास्थ्य, कौशल विकास, कृषि, पशुपालन, युवा कल्याण सहित अन्य विभागों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व सेवाएं प्रदान कीं।शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 172 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, बाल सेवा योजनानिर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता कार्यक्रम में करीब 1500 लोगों ने भाग लेकर विधिक परामर्श, सहायता सेवाओं तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने अपने संबोधन में विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए आमजन से अपील की कि वे निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।समन्वित प्रयास से सफल आयोजन न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक तंत्र और विभिन्न विभागों के संयुक्त सहयोग से शिविर का सफल आयोजन संभव हो सका। यह आयोजन आमजन को न्याय तक सरल पहुंच उपलब्ध कराने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# जिम्बाब्वे के दृढ़ संकल्प के सामने होगी वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की परीक्षा

एजेंसी

मुंबई। बेहद आत्मविश्वास से भरी वेस्टइंडीज की टीम को सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के दृढ़ संकल्प से सतर्क रहना होगा।

यह दोनों टीम टूर्नामेंट में अभी तक अजेय रही है और वे यह सिलसिला जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों ने पहले दौर में अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन काम अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि आगे और भी कड़ी चुनौतियां उनका इंतजार कर रही हैं। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की यह उस प्रारूप में कड़ी परीक्षा होगी जिसमें वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और अपने कौशल का ऐसा नमूना पेश करते हैं जैसा शायद ही कोई अन्य टीम कर पाती है।




पूर्व चैंपियन कप्तान डेरेन सैमी की कोचिंग वाली टीम ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है लेकिन उसके लिए निरंतरता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होगी। वेस्टइंडीज ने लगातार चार मैच में जीत हासिल करके यह सुनिश्चित कर लिया है कि टी20 विश्व कप से पहले सात द्विपक्षीय शृंखलाओं में मिली हार अब अतीत की बात हो गई है। कैरेबियाई टीम एक बार फिर एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरी है। उसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार जीत हासिल की और निचले पायदान की टीमों को आसानी से हराया। कप्तान शाई होप (155 रन, दो अर्धशतक) ने अपनी फॉर्म वापस पा ली है, जबकि शिमरोन हेटमायर (134) ने नंबर तीन के बल्लेबाज की अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय किया है। जेसन होल्डर और रोस्टन चेज ने भी महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम को मजबूती प्रदान की है। शेरफ़ेन रदरफोर्ड (126) की विस्फोटक बल्लेबाजी वेस्टइंडीज के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई है। इसके अलावा रोमारियो शेफर्ड की ऑलराउंड क्षमता से टीम को संतुलन मिला है। वह आईपीएल में वानखेड़े में खेलने के अपने अनुभव का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेंगे। दूसरी ओर जिम्बाब्वे ने अब तक के अपने प्रेरणादायक प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में नई उम्मीद जगा दी है। उसने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सभी को चौंका दिया था और अब वह यह साबित करने के लिए प्रतिबद्ध होगा कि उसकी यह जीत महज संयोग नहीं थी।

# छठे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल आज से गुलमर्ग में

एजेंसी



श्रीनगर। जम्मू कश्मीर का प्रसिद्ध शीतकालीन पर्यटन स्थल गुलमर्ग सोमवार से शुरू होने वाले छठे खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों (केआईडब्ल्यूजी) की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसमें 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के एक प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट में होने वाले इन चार दिवसीय खेलों के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा इन खेलों का उद्घाटन करेंगे। जम्मू कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुज़हत गुल ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। गुल ने कहा, ''इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। गुलमर्ग में अच्छी बर्फबारी हुई है और उम्मीद है कि मौसम हमारा साथ देगा। केआईडब्ल्यूजी का पहला चरण इस वर्ष 20 से 26 जनवरी तक लद्दाख के लेह में आयोजित किया गया था। अब इन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले भी केआईडब्ल्यूजी का आयोजन जम्मू कश्मीर और लद्दाख में किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि गुलमर्ग में चार पदक स्पर्धाएं होंगी, जिनमें स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉस-कंट्री) और स्नोबोर्डिंग शामिल हैं। इनमें से अल्पाइन स्कीइंग में सबसे अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। केआईडब्ल्यूजी के लद्दाख चरण में हरियाणा ने चार स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसके बाद लद्दाख, महाराष्ट्र और तेलंगाना का स्थान रहा। शीतकालीन खेलों के सुचारू संचालन के लिए कश्मीर के पुलिस प्रमुख वीके बर्डी की अध्यक्षता में बुधवार को तैयारियों की समीक्षा के लिए सुरक्षा बैठक हुई थी जिसमें पुलिस, सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, खुफिया एजेंसियों और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था।

## मेस्सी की मौजूदगी में एमएलएस चैंपियन इंटर मियामी को मिली पहले मैच में हार

लॉस एंजिलिस। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने एमएलएस कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिलिस एफसी (एलएएफसी) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। विजेता टीम की तरफ से डेविड मार्टिनेज, डेनिस बुआंगा और नाथन ऑर्डाज़ ने गोल किए। बुआंगा ने मैच के बाद कहा, ''वह मैच हमेशा खास होता है जिसमें मेस्सी खेलते हैं। हम मेस्सी की मौजूदगी में मियामी को हराना चाहते थे। इस मैच के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का मनोबल बढ़ा होता है। इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिज़ियम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया।

## टेनिस स्टार स्टीफंस और पूर्व अमेरिकी फुटबॉलर अल्टिडोर ने चार साल का वैवाहिक बंधन तोड़ा

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पूर्व चैंपियन स्लोएन स्टीफंस और अमेरिकी पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी जोजी अल्टिडोर ने चार साल बाद अपना वैवाहिक बंधन समाप्त समाप्त कर दिया है। अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्टीफंस ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में जोजी से अलग होने की घोषणा की। स्टीफंस ने लिखा, ''जोजी और मैंने अपना वैवाहिक बंधन खत्म करने का फैसला क्या है। मैं आपसी सहमति और पूरे सम्मान के साथ इस बदलाव का सामना कर रही हूं और इस दौरान निजता बनाए रखने का अनुरोध करती हूं। आपके प्यार और निरंतर समर्थन बनाए रखने के लिए हार्दिक आभार। बत्तीस वर्षीय स्टीफंस




2018 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही थी जबकि 36 वर्षीय अल्टिडोर ने 2007 से 2019 तक अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम के लिए 115 मैचों में 42 गोल किए। इसके अलावा मेजर लीग सॉकर और विदेशों में उनका लंबा पेशेवर करियर रहा है।

## भारतीय टीम निरंतरता बनाए रखकर विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा कायम करना चाहती है: मंधाना

एजेंसी

एडिलेड। भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम लगातार शीर्ष पर बने रहकर विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा कायम करना चाहती है। पिछले साल पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम की निगाहें इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप में जीत हासिल करने पर टिकी हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की टी20 श्रृंखला में हराकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की अपनी तैयारी की शानदार शुरुआत की। मंधाना ने बीसीसीआई टीवी से कहा, ''यह भारतीय टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रही है। हम अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम या अतीत में जो कुछ भी हुआ उसके बारे में नहीं सोचते हैं। हमने इसे हराया, हमने उसे हराया। मुझे लगता है कि अब यह सब उतना महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम एक ऐसे




बदलाव के दौर में हैं जहां हम विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। हम किसे हराते हैं, कहां हराते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम बस उन्हें लगातार हराने और शीर्ष पर बने रहने में सफल होना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टी20 मैच में मंधाना ने 82 रन की पारी खेली। उन्होंने जेमिमा रोड्रिग्स (59) के साथ 121 रन की साझेदारी की जिससे भारत छह विकेट पर 176 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम नौ विकेट पर 159 रन ही बना पाई। मंधाना ने कहा, ''मुझे एडिलेड शहर बहुत पसंद है। यहां खेलने से पहले भी मुझे यहां शहर पसंद था। यह बहुत शांत और सुंदर शहर है। कुछ ऑस्ट्रेलियाई बहुत खुश होंगे जब मैं कहूंगी कि यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अच्छा शहर है। वास्तव में मुझे यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अच्छा शहर लगता है। महिला टी20 विश्व कप इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मंधाना ने कहा, ''यह साल टी20 का साल है। पिछला साल एकदिवसीय क्रिकेट का साल था जिसमें हमने बहुत सारे वनडे मैच खेले। लेकिन अब हम अपने टी20 खेल पर काम कर रहे हैं। हम यह भी तय कर रहे हैं कि टी20 के लिए हमारी सर्वश्रेष्ठ एकादश और सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी कैसे होने चाहिए। निश्चित रूप से डब्ल्यूपीएल से हमें टी20 में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मदद मिली है।

## सऊदी अरब से आपूर्ति बढ़ी, प्रतिबंधों के दबाव में रूस से कच्चे तेल का आयात घटा: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की कच्चे तेल की आयात रणनीति अब एक नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। आयातित खेप के आंकड़े और विश्लेषक बताते हैं कि सऊदी अरब के नेतृत्व में पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर रहे हैं। वहीं, रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, लेकिन भू-राजनीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इसमें कमी आ रही है। रूस से होने वाली आपूर्ति में कमी आने के कारण एक से 18 फरवरी के दौरान भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48.5 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रह गया। यह जनवरी के 5.25 लाख बीपीडी के मुकाबले आठ प्रतिशत कम है। पिछले महीने प्रमुख रूसी निर्यातकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों और यूरोपीय संघ के 18वें प्रतिबंध पैकेज के प्रभावी होने के बाद वहां से आने वाले तेल के प्रवाह में यह गिरावट देखी गई है।




जहाजों की आवाजाही के निगरानी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को होने वाली रूसी आपूर्ति दिसंबर, 2025 के 12.8 लाख बीपीडी से घटकर जनवरी में 12.2 लाख बीपीडी रह गई और फरवरी की शुरुआत में यह लगभग 10 प्रतिशत और घटकर 10.9 लाख बीपीडी पर आ गई। वैश्विक जिंस आंकड़े विश्लेषक कंपनी 'केपलर' के मुख्य शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ल्लफरवरी में भारत का रूसी कच्चा तेल आयात लगभग 10-12 लाख बीपीडी रहने का अनुमान है, जिसके मार्च में घटकर करीब 8-10 लाख बीपीडी तक आने की संभावना है।

## घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी की कीमतों ने लगाई छलांग

**एक सप्ताह में 1,530 रुपये तक महंगा हुआ सोना**

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को सोना और चांदी के भाव में तेजी का रुख है। सोना आज 1,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 5,100 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई है। कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,59,280 रुपये से लेकर 1,59,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,46,000 रुपये से लेकर 1,46,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी



आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 1,530 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 1,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी के भाव में इस सप्ताह लगातार उतार-चढ़ाव होने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,430 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## बिजली की खपत बढ़ने से कोयले की मांग में तेजी आने की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में कोयले की मांग में आने वाले दिनों में बिजली की खपत बढ़ने के साथ तेजी आने की उम्मीद है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में अब तक कोयले की मांग कमजोर बनी हुई है। एक विशेषज्ञ ने यह बात कही है। 'एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक विनय वर्मा ने कहा कि अक्टूबर और नवंबर में लगातार महीनों की नेकारात्मक वृद्धि के बाद, दिसंबर में बिजली की मांग में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूत सुधार हुआ है। एमजंक्शन एक बी2बी ई-कॉमर्स मंच और सेल और टाटा स्टील का संयुक्त उद्यम है। वर्मा ने कहा, ''कड़ाके की सर्दी और आर्थिक गतिविधियों में सुधार की वजह से जनवरी में भी बिजली की खपत में बढ़ोतरी जारी रही, जिससे यह रफ्तार बनी रही। उन्होंने आगे कहा, ''हमारा मानना है कि इससे आने वाले दिनों में कोयले की मांग बढ़ेगी। देश का कोयला क्षेत्र एक अरब टन



के उत्पादन का रिकॉर्ड बनाने के बाद अचानक मांग में कमी का सामना कर रहा है। इसके चलते बड़ी सार्वजनिक कंपनियों और नई वाणिज्यिक खनन कंपनियों के बीच अपनी विस्तार योजना को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। इन चुनौतियों के बीच एमजंक्शन 24-25 फरवरी को कोलकाता में 19वां भारतीय कोयला बाजार सम्मेलन 'कोआलोसेमः द कोल बैटलग्राउंड' का आयोजन करने जा रहा है। इस सम्मेलन के दौरान, कोयला, बिजली, सीमेंट, स्पॉन्ज आयरन, स्टील, व्यापार, एक्सचेंज और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के शीर्ष 36 दिग्गज अपने विचार रखेंगे।

# शेयर बाजार पर दिखेगा अमेरिकी आयात शुल्क में कमी का असर

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद अमेरिका में ट्रंप प्रशासन द्वारा आयात शुल्क में कमी के कारण अगले सप्ताह भी तेजी जारी रहने की उम्मीद है। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विभिन्न देशों पर लगाये गये ऊंचे आयात शुल्कों प्रशासनिक आदेशों को रद्द कर दिया। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 20 फरवरी को 150 दिन के लिए सभी देशों पर एक समान 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके लिए जारी आदेश में कहा गया है कि यह दर 24 फरवरी से लागू होगी। श्री ट्रंप ने 21 फरवरी को सोशल मीडिया पर बताया कि 10 प्रतिशत को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है, हालांकि इसके लिए अबतक कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। यह देखते हुए कि भारत के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते में अमेरिका ने 18 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने का प्रावधान किया है, दरों में और कमी से निवेशक बाजार में लिवाल रह सकते हैं। बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 187.95 अंक (0.23 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 100.15 अंक यानी 0.39 फीसदी चढ़कर

**शेयर समीक्षा**

25,571.25 अंक पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.18 प्रतिशत फिसल गया। ऑटो, आईटी और मीडिया समूहों में साप्ताहिक गिरावट रही जबकि बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मा, स्वास्थ्य, धातु और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। खासकर सार्वजनिक बैंकों में जबरदस्त तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में सप्ताह के दौरान एलएंडटी का शेयर सबसे अधिक 4.97 प्रतिशत चढ़ा। आईटीसी में 4.27 फीसदी, पावर ग्रिड में चार प्रतिशत, एनटीपीसी में 2.78 फीसदी, एशियन पेंट्स में 2.71 फीसदी, एक्सिस बैंक में 2.58 फीसदी और टाटा स्टील में 2.49 फीसदी की बढ़त रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.67 प्रतिशत, सनफार्मा का 1.55, भारतीय स्टेट बैंक का 1.45, बीईएल का 1.32 और टाइटन का 1.30 प्रतिशत की तेजी में रहा। एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी बढ़त में रहे। इटरनल में सबसे ज्यादा 5.70 प्रतिशत की गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर 5.09 प्रतिशत, ट्रेंट का 3.82, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 3.42, मारुति सुजुकी का 1.58, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट दोनों का 1.54, आईसीआईसीआई बैंक का 1.47, भारती एयरटेल का 1.34, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.23 और इंफोसिस का 1.22 प्रतिशत टूट गया। अडानी पोर्ट्स और टीसीएस ने भी साप्ताहिक नुकसान उठाया।



## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 63,478 करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 63,478.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा लाभ लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 187.95 अंक या 0.22 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में लार्सन एंड टुब्रो, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फ़ाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को लाभ हुआ। वहीं भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्यांकन 28,523.31 करोड़ बढ़कर 6,02,552.24 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 16,015.12 करोड़ बढ़कर 11,22,581.56 करोड़ हो गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,617.56 करोड़ बढ़कर 14,03,239.48 करोड़ रुपये और एलआईसी का मूल्यांकन 5,977.12 करोड़ बढ़कर 5,52,203.92 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 3,142.36 करोड़ बढ़कर 6,40,387 करोड़ रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 202.99 करोड़ रुपये बढ़कर 19,21,678.78 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,338.66 करोड़ रुपये घटकर 11,27,705.37 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 14,632.10 करोड़ रुपये घटकर 9,97,346.67 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 6,791.58 करोड़ रुपये घटकर 5,48,496.14 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 1,989.95 करोड़ रुपये घटकर 9,72,053.48 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और इन्फोसिस का स्थान रहा।

# केशव प्रसाद मौर्य का जर्मनी दौरा, यूपी के लिए निवेश व निर्यात का बड़ा अवसर

## वन ट्रिलियन इकॉनमी के लक्ष्य के लिए योगी सरकार का बड़ा प्लान

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में व्यापक विदेशी निवेश लाने की मुहिम जारी है। इसी क्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को जर्मनी पहुंचे हैं। यह यात्रा भारत व यूरोपीय संघ (क्ठ) के बीच हाल में हुए मुफ्त व्यापार समझौते के बाद की जा रही है, जिसे दोनों पक्षों के लिए ऐतिहासिक आर्थिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस समझौते को जनवरी 2026 में अंतिम रूप दिया गया था, जिससे भारत-ईयू के बीच व्यापार और निवेश के नए अवसर खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समझौते में उत्तर प्रदेश के लिए निवेश तथा ओडीओपी उत्पादों के निर्यात की असीम संभावनाएं देख रहे हैं। उपमुख्यमंत्री सोमवार को जर्मनी में विभिन्न कंपनियों, व्यापार समूहों और उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे तथा उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। इस दौरे के दौरान संभावित मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (ख्वधठ) पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं, जो यूपी के निर्यात और औद्योगिक विस्तार को मजबूती देंगे। इस दौरे से संभावित निवेश के अलावा उत्तर प्रदेश के उत्पादों को यूरोपीय बाजारों में पहुंचने के मार्ग आसान होने की उम्मीद जताई जा रही है। ट्रेड डील के बाद यूपी के ब्रांडेड उत्पादों, टेक्सटाइल तथा फिनिश्ड गुड्स को यूरोपीय बाजारों में बेहतर प्रतिस्पर्धी स्थिति मिल सकती है। राज्य सरकार ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार शो और निवेश सम्मेलनों के माध्यम से ग्लोबल बायर्स और व्यापारियों को यूपी के उत्पादों से रूबरू कराया है, जिसमें विभिन्न देशों से खरीदारों और निवेश प्रस्तावों का उत्साहजनक जुड़ाव रहा है। यूपी की उपलब्धियों और निवेशोन्मुख माहौल पर होगी चर्चा राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जर्मनी में प्रदेश को भारत की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, विशाल उपभोक्ता बाजार और बेहतर कनेक्टिविटी वाले निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करेंगे। वह बताएंगे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है, एक्सप्रेस-वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स ने औद्योगिक माहौल को अनुकूल बनाया है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, ऑटो व ईवी, टेक्सटाइल, लेदर, फूड प्रोसेसिंग, डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर और ओडओपी में निवेश की व्यापक संभावनाओं को रेखांकित करते हुए वह संदेश देंगे कि उत्तर प्रदेश 01 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर है और यूरोपीय कंपनियों के लिए दीर्घकालिक साझेदारी का भरोसेमंद केंद्र बन सकता है।

## नवजात की मौत पर हंगामा, तहरीर के बाद पुलिस तहकीकात में जुटी

झांसी। मेडिकल कॉलेज के पास स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार के दौरान नवजात की मौत हो जाने से हंगामा खड़ा हो गया। परिजनों ने हॉस्पिटल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना की सत्यता जानने के लिए नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी मुताबिक उलदन निवासी शिवम अहिरवार ने अपने नवजात को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के समीप स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में 19 फरवरी को एडमिट कराया था। शिवम का आरोप है कि नवजात के मुंह में छाले थे, हॉस्पिटल में एडमिट के बाद डॉक्टर ने उसका अच्छा इलाज किया। लेकिन गत रोज डॉक्टर बाहर चले गए। इसलिए हॉस्पिटल के स्टाफ ने बच्चे के इलाज में लापरवाही बरती और उसकी मौत हो गई। नवजात की मौत से परिवार में मातम सा छाया हुआ है। इधर हॉस्पिटल का कहना है कि नवजात की मौत निमोनिया बिगड़ने से हुई है। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

डॉ. प्रमोद गुप्ता ने कहा कि जब परिजन नवजात शिशु को लेकर आए थे, तब उसकी हालत पहले से ही गंभीर थी और उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इस बारे में परिजनों को भी पहले ही अवगत करा दिया गया था। उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान बच्चे की हालत में थोड़ा सुधार आया था, लेकिन अचानक उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई। डॉक्टर के मुताबिक बच्चे को वेंटिलेटर पर रखा गया, बावजूद इसके उसे बचाया नहीं जा सका। उन्होंने कहा कि कोई भी डॉक्टर नहीं चाहता कि उसके मरीज की मौत हो। परिजन जो आरोप लगा रहे हैं, वे झूठे और निराधार हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी।

# उप्र के 74 जिलों में मेगा विधिक सेवा शिविर 24 लाख से अधिक लाभार्थी लाभान्वित

### पहली बार इतने बड़े स्तर पर विधिक सहायता शिविर, एक ही स्थान पर मिला योजनाओं का लाभराष्ट्रीय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में प्रदेशव्यापी मेगा शिविर सफल

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में रविवार को उत्तर प्रदेश के 74 जनपदों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से मेगा व वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। इस शिविर में सायं 6.30 बजे तक कुल लाभार्थियों की संख्या 24,56,857 रही। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव संतोष कुमार द्वितीय ने बताया कि पहली बार उत्तर प्रदेश के 74 जनपदों में मेगा व वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन हुआ है,जहां पर एक ही स्थल पर पात्र लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है जो कि एक अविस्मरणीय पल था। उन्होंने बताया कि इन मेगा व बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविरों में अनके जनपदों में प्रशासनिक न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं खण्डपीठ लखनऊ की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। इन शिविरों के सफलतापूर्ण आयोजन में जनपद के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस शिविर के सफलतापूर्ण आयोजन पर डा. (श्रीमती) मनु कालिया, सदस्य सचिव, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रदेश के समस्त जनपद न्यायाधीश,न्यायिक अधिकारी एवं समस्त प्रशासनिक अधिकारी को आपसी समन्वय एवं सहयोग उपलब्ध कराने के लिए व्यक्तिगत आभार एवं धन्यवाद दिया किया गया।

# बीएचयू : स्पंदन 2026 में रंगमंच और नृत्य की शानदार प्रस्तुति, शताब्दी भवन बना सृजनात्मक संवाद स्थल

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू ) परिसर में आयोजित स्पंदन 2026 के द्वितीय दिवस रविवार को भी सृजनात्मक ऊर्जा, सामाजिक चेतना और कलात्मक अभिव्यक्ति दिखी। कृषि विज्ञान संस्थान स्थित शताब्दी भवन के मंच से लेकर विश्वविद्यालय के एम्फीथिएटर मैदान तक, वातावरण नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुतियों की प्रभावशीलता से गुंजायमान रहा।

शताब्दी भवन में आयोजित लघु नाट्य प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों, महाविद्यालयों एवं संबद्ध संस्थानों की 19 टीमों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। प्रस्तुतियों में भ्रष्टाचार, ऑनलाइन ठगी, राजनीतिक पाखंड, दहेज मृत्यु, पर्यावरणीय क्षरण, मानसिक स्वास्थ्य, समलैंगिक समुदाय की स्वीकृति तथा काशी की सांस्कृतिक चेतना जैसे समकालीन विषयों को प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। 'मुलाकात-ए-वाराणसी', 'पागलों की दुनिया', 'मुक्ति या प्रपंच' तथा चार्ली चैपलिन की प्रस्तुति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं। यहां प्रो. प्रवीण प्रकाश, विभागाध्यक्ष, पादप शरीरक्रिया विज्ञान विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान, के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों की उपस्थिति रही। इसके अलावा परिसर स्थित एम्फीथिएटर मैदान सृजनात्मक मंचकला खंड का सजीव केंद्र बन गया, जहाँ सृजनात्मक नृत्य प्रतियोगिता एवं नृत्य-रचना (कोरियोग्राफी) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न संकायों के छात्र प्रतिभागियों ने शास्त्रीय परंपरा और समकालीन चिंतन का सशक्त समन्वय प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों में शिव तांडव, दक्ष यज्ञ, महाकाली स्वरूप, महाभारत में श्रीकृष्ण की भूमिका तथा गंगा की पवित्रता जैसे पौराणिक प्रसंगों का सजीव चित्रण किया गया। साथ ही, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियाँ, शोषण एवं उत्पीड़न जैसे समकालीन मुद्दों पर भी प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी गईं। 'समाचार पत्र' विषय पर आधारित एक नृत्य-रचना में वर्तमान घटनाओं का नाट्य रूपांतरण करते हुए सामाजिक संबंधों में घटते विश्वास पर चिंता साफ दिखी। सूफी शैली में आत्मा और परमात्मा के मध्य प्रेम के सात चरणों का चित्रण तथा काशी की गंगा आरती की आध्यात्मिक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्य प्रस्तुतियों में चित्रांगदा, दुर्गा, काली तथा चक्रव्यूह में प्रवेश करते अभिमन्यु के साहस का चित्रण करते हुए त्याग, शक्ति और धर्म-अधर्म के शाश्वत संघर्ष को उकेरा गया। नृत्य-रचना प्रतियोगिता का संयोजन महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग की प्रो. सीमा तिवारी एवं उनकी आयोजन टीम द्वारा किया गया। 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर केंद्रित इस प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने दस-दस मिनट की प्रभावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें भाव-भंगिमा, संगीत और मंच-सज्जा का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला।

## इंटर कॉलेजिएट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छाए थापा ताइक्वांडो एकेडमी मुरादाबाद के खिलाड़ी

मुरादाबाद। मुरादाबाद महानगर की थापा ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुरादाबाद का नाम रोशन किया है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के शहीद मंगल पांडे गवर्नमेंट गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेजिएट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि थापा ताइक्वांडो एकेडमी की पलक शर्मा ने 46 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक, जबकि हाकेमीन हसीब ने 53 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। प्रियांशु रस्तोगी ने 68 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक, जबकि यशोदा थापा ने 62 किग्रा वर्ग एवं वैष्णवी शर्मा ने 46 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर एकेडमी को गौरवान्वित किया। एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक केशव थापा ने इस सफलता पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और कठिन मेहनत का परिणाम है। सभी खिलाड़ियों को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

खेत में मिल किसान का लहूलुहान शव, हत्या का आरोप

नोएडा, 22 फ़रवरी (हि.स.)। थाना रबूपुरा क्षेत्र के भिकनपुर गांव के पास एक व्यक्ति खेत में लहूलुहान अवस्था में मृत मिले। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि उनकी हत्या की गई है।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने रविवार को बताया कि थाना रबूपुरा क्षेत्र के भिकनपुर से कलूपुरा गांव की ओर जाने वाले रास्ते के पास खेत में एक व्यक्ति

# लोहिया नगर प्रखंड ने लोहिया नगर रॉयल्स और लोहिया नगर टाइगर्स के बीच क्रिकेट मैच सम्पन्न

### 12- 12 ओवर का क्रिकेट मैच शिया पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित हुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ । लोहिया नगर प्रखंड द्वारा दो टीमों का लोहिया नगर रॉयल्स और लोहिया नगर टाइगर्स के बीच क्रिकेट मैच 12- 12 ओवर का शिया पीजी कॉलेज सीतापुर रोड में आयोजित किया गया जिसमें लोहिया नगर रॉयल्स टीम ने पहले बैटिंग चुनकर ओपनर अमर नाथ मिश्रा चीफ वार्डे न नागरिक सुरक्षा, लखनऊ और गुरप्रीत शेट्टी डिप्टी चीफ वार्डे न जिनका सामना बॉलर सुनील कुमार तिवारी डिविजनल वार्डे न प्रखंड लोहिया नगर ने शुरू किया विमल कुमार वर्मा घटना नियंत्रण अधिकारी ने 58 रन बनाते हुए अपनी टीम को 137 रन तक पहुंचने में महत्वपूर्ण योगदान दिया उसके बाद लोहिया नगर टाइगर्स के ओपनिंग में डॉ पंकज कुमार डिप्टी डिविजनल वार्डे न और अनुभव द्विवेदी ने अच्छी शुरुआत की। अनुभव द्विवेदी ने 30 गेंद में 68 रन बनाए। और आशुतोष मिश्रा ने 1 ओवर में चार छक्के लगाकर 25 रन जोड़कर मैच को जीत के नजदीक पहुंचकर आउट हो गए बाद में रितुराज रस्तोगी ने पहली बाल पर 4 रन मारकर शानदार जीत दिलाई। मनोज वर्मा इक्ए ने अच्छी फील्डिंग करते हुए और टीम का हौसला बढ़ाते हुए मैच को 2 ओवर पहले ही 7 विकेट से विजय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। नागरिक सुरक्षा लखनऊ इक्ए रेखा पांडे द्वारा विजेता टीम के कैप्टन नबी हसन को ट्राफी प्रदान की गई। और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय नवल टाइम्स के प्रकाशक/सम्पादक नवल किशोर त्रिपाठी द्वारा उप विजेता कैप्टन आमिर अब्बास को ट्राफी प्रदान की गई इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अजीत सिंह (हमराह) द्वारा मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द मैच अनुभव द्विवेदी और बेस्ट बॉलर पंकज पंत को ट्राफी देखकर सम्मानित किया। उक्त आयोजन में पधारे हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को डिविजनल वार्डे न सुनील कुमार तिवारी, डिप्टी डिविजनल वार्डे न डॉ पंकज कुमार, स्टाफ ऑफिसर कमलेश सिंह ने प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया। एम्पायर के रूप में अनंत सिंह तोमर, मुनीम पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में डिविजनल वार्डे न दिनेश माथुर राजाजीपुरम, नफीस अहमद गोमतीनगर, डिप्टी डिविजनल वार्डे न मजीद अली बीकेटी, ऐश्वर्य गोमतीनगर, स्टाफ ऑफिसर प्रदीप शर्मा महानगर, प्रखंड लोहिया नगर से सत्य कुमार तिवारी,सरोज शर्मा, सौरभ अग्रवाल,ऋषि श्रीवास्तव अमिताभ राय, मनीष चंद्र लाल,दीपक वर्मा मो शोएब जलाली,सनत कुमार सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# प्रयागराज का महा महोत्सव बनने जा रहा राष्ट्र हनुमंत कथा : डॉ उदय प्रताप

प्रयागराज। प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा आयोजित होने वाले बाबा बागेश्वर धाम धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा को लेकर मुंशी राम प्रसाद की बगिया मुट्ठीगंज नारायण वाटिका में वृहद बैठक की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ उदय प्रताप सिंह ने कहा कि 7 से 11 मार्च तक परेड ग्राउंड में प्रस्तावित हनुमंत कथा अब राष्ट्र हनुमंत कथा के रूप में परिवर्तित हो चुका है, जो प्रयागराज के लिए महा महोत्सव बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में 35 समाजिक, धार्मिक व्यापारिक संगठनों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित कई कैबिनेट मंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, विधायकों, सांसदगणों और अभिनेता एवं वरिष्ठ नेतागण शिरकत करेंगे।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रयागराज का गौरव बनेगा जिसे हम सभी को सफल बनाना है। इस अवसर पर महामंत्री अभिषेक ठाकुर ने मंगल कलश यात्रा और कथा को लेकर की तैयारी की जानकारी दी। संचालन राजेश केसरवानी ने किया। बैठक में विनय प्रताप सिंह, मंजूषा सिंह, धर्मेंद्र भैया, प्रदीप पांडे, सतीश केसरवानी, निखिल पांडे, पार्षद ओपी द्विवेदी, रुद्रसेन जायसवाल, राकेश जायसवाल, शिवम अग्रहरी, रोशनी अग्रवाल, अनामिका दास, बबलू पांडे, प्रवीण केसरवानी, आलोक केसरवानी, पार्षद नीरज गुप्ता, सुनील केसरवानी, दीपक केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, अभिलाष केसरवानी आदि सैकड़ों महिलाएं व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद रमेश अवस्थी ने कोयला नगर में 2.37 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

कानपुर । छावनी विधानसभा क्षेत्र के कोयला नगर में रविवार को विकास की नई इबारत लिखी गई। कानपुर सांसद रमेश अवस्थी ने क्षेत्रीय विकास को गति देते हुए दो करोड़ 37 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान स्थानीय जनता ने अपने सांसद का भव्य स्वागत किया। ''जनता का सेवक बनकर करूंगा कानपुर का सर्वांगीण विकास'' शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद रमेश अवस्थी भावुक नजर आए। उन्होंने जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं खुद को सांसद नहीं, बल्कि जनता जनार्दन का सेवक मानता हूं। आपने इस सेवक को चुनकर संसद भेजा है, और कानपुर का सर्वांगीण विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। विकास की यह धारा रुकने वाली नहीं है। कोयला नगर में होने वाले ये विकास कार्य जिला अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी (डूडा) की योजना के अंतर्गत कराए जाएंगे। इसमें मुख्य रूप से सड़कों का निर्माण, जल निकासी के लिए नालियों का सुदृढ़ीकरण और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार शामिल है। इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को जलभराव और जर्जर रास्तों जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

कार्यक्रम में शिवराम सिंह (भाजपा जिलाध्यक्ष), रघुनंदन भदोरिया (पूर्व विधायक), अनूप अवस्थी (क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी) राम बहादुर यादव, गणेश शुक्ला, आलोक वर्मा, सुमीत तिवारी दीपक शुक्ला, जयंत दीक्षित, राघव द्विवेदी, हितेश द्विवेदी, गोलू शुक्ला, निर्मल चौधरी रचित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत के विचारों में है बसंत का दर्शन : गणेश केसरवानी

प्रयागराज। जब हम वास्तव में प्रकृति का संरक्षण कर पाएंगे तभी आने वाले समय में बसंत का दर्शन हो पाएगा। इसलिए प्रकृति के संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को वृक्ष लगाना अत्यंत जिम्मेदारी है और कहा कि भारत के जीवन दर्शन में बसंत है, जो प्राकृतिक वरदान के रूप में सिर्फ और सिर्फ भारत में ही प्राप्त होती है। यह बात रविवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के मंत्री सैफुल अब्बास के संयोजन में तुलसियानी एस्क्वायर के प्रांगण में बसंत ऋतु प्रकृति का वरदान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने कही। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु सभी ऋतुओं का संगम है उन्होंने इस अवसर पर प्रयागराज में नगर निगम के द्वारा किए गए विकास कार्यों की भी चर्चा करते हुए कनिहार में एक जंगल निर्माण करने को लेकर कहा। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण करता है हमारा जंगल इसलिए अगर हम जंगल का संरक्षण कर पाएंगे तभी प्राकृतिक वरदान का बसंत मिलेगा। कार्यक्रम के भाजपा नेता सैफुल अब्बास ने महापौर का स्वागत करते हुए उनके विकास कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर कवियत्री वंदना शुक्ला ने अपनी कविता के माध्यम से लोगों को आकर्षित किया और अधिवक्ता उदय शंकर तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किया।

जागरण मोर्चा
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित ।
सम्पादक
योगेश कुमार वर्मा
मो0- 7579849555,9627739857
E-mail:
www.jagranmorchadaily@gmail.com
RNI.No.-UPHIN/2022/82743

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

# पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर हवाई हमला, आतंकी ठिकानों को बनाया निशाना

एजेंसी



काबुल/ इस्लामाबाद, । पाकिस्तान ने रविवार तड़के अफगानिस्तान पर हवाई हमला कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया है।, उधर, अफगानिस्तान में कहा जा रहा है कि पाकिस्तान ने देश के कई हिस्सों में बेवजह बमबारी कर आम लोगों को निशाना बनाया। पाकिस्तान के दुनिया न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, सूचना मंत्रालय ने शनिवार आधीरात बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में सात आतंकवादी शिविरों और ठिकानों को निशाना बनाया। मंत्रालय के मुताबिक, अफ़ग़ानिस्तान के आतंकी इस्लामाबाद, बाजौर और बन्नू में हुए हमलों में शामिल हैं। इससे पहले, अफगान मीडिया ने कहा कि पक्तिया और नंगरहार प्रांतों में आतंकवादियों के ठिकानों पर धमाके सुने गए। पक्तिया के नंगरहार और मुर्गा बाजार में हुए धमाकों में आतंकवादियों का ढांचा पूरी तरह से तबाह हो गया। पाकिस्तान के युद्धक विमानों ने अलग-अलग इलाकों में हवाई हमले किए। हताहतों के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। नंगरहार के खोगयानी, खेल और बेहसूद जिलों में धमाके हुए, जिससे आतंकवादियों के ठिकाने नष्ट हो गए। द अफगानिस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी अफगानिस्तान में पाकिस्तान के हवाई हमले में एक ही परिवार के 23 सदस्य मलबे में दब गए। इनमें से चार अब तक सुरक्षित बाहर निकल आए हैं। बाकी अभी भी लापता हैं। यह हमला शनिवार आधी रात के आसपास हुआ।

पाकिस्तान ने नंगरहार प्रांत के तीन और पक्तिका प्रांत के दो जिलों को निशाना बनाया। हमले के वायरल वीडियो में नंगरहार प्रांत में प्रभावित परिवार का एक सदस्य मलबे में अपने रिश्तेदारों को ढूंढता हुआ दिख रहा है। परिवार के एक सदस्य ने बताया, ''हमारे परिवार के 23 सदस्य मलबे में दबे हैं। अब तक हम चार निकल पाए हैं। बाकी अभी भी लापता हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम किसान हैं। हमने पूरे दिन अपने खेतों में काम किया। शाम को अपना रोजा तोड़ा। अपनी चाची से बात की। जब हमला हुआ हम सब सो रहे थे । तालिबान ने अभी तक पक्तिका के बरमल, उरगुन जिलों और नंगरहार के बेहसूद, खोगयानी और गनी खेल जिलों की स्थिति पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच, पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि यह हमले पाकिस्तान में हाल ही में हुए आत्मघाती हमलों के जवाब में किए गए।

# यूक्रेन के ल्वीव में आतंकी हमला महिला पुलिस अधिकारी की मौत

एजेंसी



कीव। यूक्रेन के पश्चिमी शहर ल्वीव में रविवार सुबह हुए धमाकों में एक महिला पुलिस अधिकारी की जान चली गई। इस दौरान दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने इसे आतंकवादी हमला बताया है। ये धमाके तब हुए, जब पुलिस को शहर के एक स्टोर में घुसपैठ की सूचना मिली। अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार पहला धमाका पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद हुआ। इसके बाद पुलिस की दूसरी टीम के आने के बाद दूसरा धमाका हुआ। ल्वीव के रीजनल प्रॉसिक्यूटर ऑफिस के मुताबिक हमले में एक 23 साल की महिला पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। इस दौरान एक पेट्रोल कार और एक आम कार को नुकसान हुआ। यूक्रेनियन नेशनल पुलिस के मुताबिक करीब दो दर्जन लोग घायल हुए हैं। ल्वीव के मेयर एंड्री सैडोवी ने फ़ेसबुक पोस्ट में कहा, ''यह निश्चित रूप से एक आतंकी घटना है।'' अधिकारियों ने अभी तक यह नहीं बताया है कि हमला किसने किया। पुलिस ने जांच के बाद कि घर पर बने विस्फोटक डिवाइस में धमाका किया गया। इस हमले में 23 वर्षीय पुलिस अधिकारी विक्टोरिया शिपल्का की जान चली गई। शिपल्का ने पिछले साल एक ऑफिसर से शादी की थी।

# अफगानिस्तान की पाकिस्तान को माकूल जवाब की चेतावनी

एजेंसी

काबुल,। अफगानिस्तान ने देश में किए गए पाकिस्तान के हवाई हमले को गंभीरता से लिया है। रक्षा मंत्रालय ने पाकिस्तान के हवाई हमले की निंदा करते हुए कहा कि इसका माकूल जवाब दिया जाएगा। अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात के रक्षा मंत्रालय (नेशनल डिफेंस मिनिस्ट्री) ने आज कहा कि पाकिस्तान की सेना ने एक बार फिर नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में हमला करके देश के हवाई क्षेत्र (एयर स्पेस) का उल्लंघन किया है। एरियाना न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हमलों में एक धार्मिक मदरसा और कई आम लोगों के घर शामिल थे। हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित आम लोगों की मौत हो गई। मंत्रालय ने हवाई हमले की कड़ी निंदा की और इसे अफगानिस्तान की राष्ट्रीय संप्रभुता का साफ उल्लंघन बताया। साथ ही इसे अंतरराष्ट्रीय कानून, इस्लामी सिद्धांतों और पड़ोसी संबंधों के नियमों का भी उल्लंघन बताया। बयान में इस बात की पुष्टि की गई कि देश की संप्रभुता और अपने नागरिकों की रक्षा करना अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों की धार्मिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय कर्तव्य दोनों हैं। इसने चेतावनी दी कि सही समय पर सोचा-समझा और सही जवाब दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि आम इलाकों और धार्मिक संस्थानों पर हमले पाकिस्तान के खुफिया और सुरक्षा विभाग की अक्षमता को दिखाते हैं। ऐसे हमले इस्लामाबाद की अंदरूनी कमियों को छिपा नहीं सकते।

# शेख हसीना के आत्मसमर्पण के लिए बांग्लादेश के अखबारों में नोटिस देने का आदेश

ढाका, 22 फरवरी (हि.स.)। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 ने मीरपुर के जहाज बारी में कथित फर्जी अभियान में नौ युवाओं की हत्या के प्रकरण में देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और पांच अन्य फरार आरोपितों को मानवता के खिलाफ अपराधों के मामले में आत्मसमर्पण करने के लिए अखबारों में नोटिस छपवाने का आदेश दिया है। न्यायाधिकरण ने अगली सुनवाई के लिए आठ मार्च की तारीख मुकर्रर की है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार यह आदेश रविवार को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 के दो सदस्यों वाली पीठ ने दिया। इस मामले में आठ आरोपित हैं, जिसमें दो को गिरफ्तार किया जा चुका है।



आदेश में बाकी छह को कोर्ट में पेश होने के लिए समन भेजने का निर्देश भी दिया गया है। गिरफ्तार किए गए दो आरोपितों में पूर्व पुलिस महानिरीक्षण एकेएम शाहिदुल हक और पूर्व ढाका मेट्रोपॉलिटन कमिश्नर एमडी असदुज्जमां मिया हैं। फरार आरोपितों में पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल, शेख मोहम्मद मारूफ हसन, मोनिरुल इस्लाम, कृष्ण पद रॉय और अब्दुल बातेन (सभी पूर्व अधिकारी) हैं।

## नेपाल के रौतहट जिले का गौर कस्बा सेना के हवाले, कर्फ्यू

काठमांडू। नेपाल के रौतहट जिले के गौर में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प के कारण आज भी अनिश्चितकालीन कर्फ्यू जारी है। तनाव को देखते हुए गौर कस्बे में सेना को तैनात किया गया है। जिला प्रशासन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हालिया अशांति के बाद सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

रौतहट के जिला अधिकारी दिनेश सागर भुसाल ने कहा कि अगली सूचना तक कर्फ्यू प्रभावी रहेगा। प्रशासन की स्थिति पर कड़ी नजर है। उपद्रवियों से निपटने के लिए सेना को बुलाया गया है।

गौर में प्रतिबंधित क्षेत्र की सीमा पूर्व में मुदबलवा गेट से लेकर पश्चिम में लालबकैया बांध तक, उत्तर में बाम नहर से लेकर दक्षिण में गौर भंसार कार्यालय (कस्टम्स ऑफिस) की सीमा तक निर्धारित किया गया है। इस परिधि के भीतर आवागमन, सभा, प्रदर्शन और किसी भी प्रकार की सार्वजनिक गतिविधि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

## नेपाल में ओपिनियन पोल का प्रसारण करने वाले कुछ मीडिया संस्थानों को निर्वाचन आयोग की चेतावनी

काठमांडू। नेपाल के निर्वाचन आयोग ने कुछ प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों के ओपिनियन पोल का प्रसारण करने पर आपत्ति जताई है। प्रमुख निर्वाचन आयुक्त रामप्रसाद भण्डारी ने कड़ी चेतावनी दी है कि यदि यह प्रवृत्ति जारी रही तो संबंधित संस्थानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग ने अब तक कार्रवाई नहीं की है, इसे उसकी कमजोरी न समझा जाए। आयोग स्थिति पर लगातार निगरानी रखे हुए है और आवश्यक होने पर सख्त कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। काठमांडू में रविवार को मीडिया से बातचीत में प्रमुख निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि आयोग की ओर से कई बार मीडिया संस्थानों को मत सर्वेक्षण या ओपिनियन पोल जैसे कार्यक्रम प्रकाशित और प्रसारित न करने के लिए समझाया और सचेत किया गया है।

# नेपाल के मंत्री दावा- 10 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण से हर वर्ष 600 करोड़ की होगी बचत

एजेंसी

काठमांडू । नेपाल के उद्योग, वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्री अनिल कुमार सिन्हा ने कहा है कि पेट्रोलियम पदार्थों में 10 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण करने से नेपाल को प्रतिवर्ष लगभग 600 करोड़ रुपये की बचत करके पेट्रोलियम आयात में कमी लाई जा सकती है।

राजधानी में रविवार को एक कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने का निर्णय लंबे अध्ययन और व्यापक चर्चा के बाद अब क्रियान्वयन के चरण में पहुंच गया है। उनका दावा है कि इस पहल से व्यापार घाटा कम करने में महत्वपूर्ण




सहयोग मिलेगा। मंत्री सिन्हा ने उल्लेख किया कि इथेनॉल मिश्रण संबंधी अध्ययन पिछले दो दशकों से किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने संबंधी आदेश स्वीकृत हो चुका है और यह नीति राजपत्र में प्रकाशित होकर लागू होने की प्रक्रिया में है।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री सिन्हा ने स्पष्ट किया कि यदि पेट्रोलियम पदार्थों में 10 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जाए, तो नेपाल में प्रतिवर्ष 13 करोड़ लीटर पेट्रोल का आयात घटाया जा सकता है। इससे लगभग 600 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा की बचत होगी। यह नेपाल के लोगों की मेहनत की कमाई की रक्षा करेगा। बचाई गई यह राशि स्थानीय स्तर पर एक नए आर्थिक चक्र को गति दे सकती है।

# अब काठमांडू की चन्द्रागिरि पहाड़ियों से पर्यटक ले सकेंगे पैराग्लाइडिंग का आनंद

काठमांडू। काठमांडू उपत्यका की पश्चिमी पहाड़ियों में स्थित चन्द्रागिरि इन दिनों साहसिक पर्यटन का नया गंतव्य बन गया है। यहां से होने वाली पैराग्लाइडिंग पर्यटकों को काठमांडू उपत्यका के अनुपम दृश्य को आकाश से निहारने का दुर्लभ अवसर प्रदान कर रही है। भालेश्वर मन्दिर से पश्चिम की ओर स्थित चन्द्रागिरि पहाड़ी से पैराग्लाइडिंग की उड़ान शुरू होती है। टेकऑफ के बाद ग्लाइडर धीरे-धीरे आकाश की ओर उठता हुआ हरे-भरे जंगलों, पहाड़ों और दूर तक फैली उपत्यका के मनोरम दृश्य दिखाता है। ऊपर से देखने पर शहर की भीड़भाड़ छोटी नजर आती है, जबकि प्रकृति की विशालता का एहसास और भी गहरा हो जाता है। यह साहसिक गतिविधि सानोबाबु सुनुवार की कंपनी बाबु एड्भेन्चर्स संचालित कर रही है। अनुभवी पायलट के साथ की जाने वाली 'टैंडम फ्लाइट' को सुरक्षित माना जाता है और यह सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त है। उड़ान के अंतिम चरण में ग्लाइडर मकवानपुर जिले के चित्लाङ क्षेत्र में उतरता है। इस दौरान इन्द्रसरोवर ताल, हरे-भरे वन, पुराने बस्तियां और खेतों के सुंदर दृश्य यात्रा को और भी आकर्षक बना देते हैं। साफ मौसम में उत्तर दिशा में दिखाई देने वाली हिमश्रृंखलाएं इस अनुभव को और भी अविस्मरणीय बना देती हैं। स्वरेक मैदान में पैराग्लाइडिंग स्कूल और दोर्दी गाउँपालिका में हाई-एल्टीट्यूड पैराग्लाइडिंग स्कूल संचालित कर रहे सुनुवार का कहना है कि साहसिक हवाई पर्यटन नेपाल के विभिन्न हिस्सों में संभव है। उन्होंने बताया कि काठमांडू उपत्यका के निवासियों को भी रोमांचक उड़ान का अनुभव देने के उद्देश्य से चन्द्रागिरि में निवेश किया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रु. 800 /-* Size 40 Sqcm. (Colour)
*नियम व शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857,8218303341,9997745413

